RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 107
नई दिल्ली, सोमवार, 20 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



संस्थागत मध्यस्थता का समर्थन किया

राष्ट्रीय-11

# कई विपक्षी पार्टियों की तरह हमारे दो चेहरे नहीं: कांग्रेस

- नीतीश कुमार की अपील को किया दरकिनार, कहा- हमें अपनी भूमिका के बारे में पता है, हमारी मौजूदगी के बिना विपक्षी एकता की कोई भी कवायद सफल नहीं हो सकती
- इस मुद्दे पर पूर्ण अधिवेशन में होगी चर्चा और अपना रुख तय करेगी पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते पार्टी के वरिष्ठ नेतागण

**कांग्रेस** ने रविवार को विपक्षी एकजुटता पर अपना सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि बहुत सी अन्य विपक्षी पार्टियों की तरह उसके दो चेहरे नहीं हैं। हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपील की थी कि कांग्रेस द्वारा विपक्ष को एकजुट करने की पहल की जानी चाहिए, पार्टी ने उनके अनुरोध को दरकिनार करते हुए कहा कि वह अपनी भूमिका को बहुत बेहतर तरीके से जानती है और इसके बारे में उसे बताए जाने की जरूरत नहीं। कांग्रेस ने 24 फरवरी से शुरू हो रहे तीन दिवसीय पूर्ण अधिवेशन से पहले कहा कि उसकी मौजूदगी के बिना देश में विपक्षी एकता की कोई भी कवायद सफल नहीं हो सकती।

हालांकि पार्टी ने कहा कि अधिवेशन म्में अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकजुटता के संदर्भ में चर्चा की जाएगी एवं आगे का रुख तय किया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रभाव को स्वीकार किया है। गौरतलब है कि नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा था कि कांग्रेस को भारत जोड़ो यात्रा से बने माहौल का लाभ उठाते हुए भाजपा विरोधी दलों को एकजुट कर गठबंधन बनाना चाहिए और अगर ऐसा हो गया तो 2024 के लोकसभा चुनाव में अभी 300 से ज्यादा सीट वाली भारतीय जनता पार्टी को 100 से भी कम सीट पर समेटा जा सकेगा। रमेश ने कहा, हम मानते हैं कि विपक्ष की एकता जरूरी है। लेकिन विपक्ष की एकता के लिए यात्रा नहीं निकाली गई थी, यह इसका परिणाम हो सकता है। अधिवेशन में इस पर विचार होगा।

यह क्या रूप लेगा हम नहीं कह सकते। रमेश ने कहा, हम अपनी भूमिका अच्छी तरह जानते हैं। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने भाजपा के साथ कहीं भी समझौता नहीं किया (शेष पेज 8)

# शिवसेना विवाद: अकेले पड़े उद्धव, पवार ने किया किनारा

- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख ने कहा, नाम और निशान आवंटन विवाद में नहीं पड़ना चाहूंगा

**पीएनएस/एजेंसी।** पुणे



मुंबई में शिवाजी जयंती पर एक कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे

**शिवसेना** के चुनाव चिह्न को लेकर जारी विवाद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पावर ने उद्धव ठाकरे से किनारा करते हुए कहा कि वह नाम, निशान आवंटन विवाद में नहीं पड़ना चाहते। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े को असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने और उसे तीर-धनुष चुनाव निशान आवंटित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले पर उन्होंने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है तथा वह इसको लेकर चल रहे विवाद में नहीं पड़ेंगे।

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को उद्धव ठाकरे धड़े को उसे आवंटित किए गए शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) नाम एवं चुनाव निशान जलती मशाल को महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा उपचुनाव होने तक रखने की अनुमति दी। यह चुनाव निशान इस धड़े को आयोग ने पिछले साल अक्टूबर में अपने अंतरिम आदेश में आवंटित किया था। इस पर, उद्धव ठाकरे ने कहा था कि निर्वाचन आयोग का निर्णय लोकतंत्र के लिए घातक है और वह इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आयोग के फैसले को सच्चाई एवं जनता की जीत बताया था। पवार ने शुक्रवार को कहा था कि तीर-धनुष निशान चले जाने से शिवसेना के उद्धव ठाकरे (शेष पेज 8)

## पवार के चरणों में उद्धव ने किया आत्मसमर्पण: शाह

- महाराष्ट्र की सभी 48 लोकसभा सीटें जीतने का भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया लक्ष्य



**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**शिवसेना** पार्टी निशान विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्धव ठाकरे शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार के चरणों में आत्मसर्पण कर दिया है। शाह ने यह बयान कोल्हापुर में भाजपा कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए एक सभा में दिया। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को 2024 के लोकसभा (शेष पेज 8)

## संजय राउत का दावा पार्टी का नाम और निशान खरीदा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**शिवसेना** (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि शिवसेना पार्टी के नाम एवं निशान तीर-धनुष को खरीदने के लिए अब तक 2000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ है। हालांकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े के विधायक सदा सर्वांकर ने इस दावे का खंडन किया और सवाल किया, क्या संजय राउत खजांची हैं। राउत ने एक ट्वीट में दावा किया कि 2000 करोड़ रुपये का शुरुआती आंकड़ा है और यह बात शत-प्रतिशत सच्ची है। उन्होंने संवाददाताओं से यह भी कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के करीबी एक बिल्डर ने उन्हें यह बात बताई है। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि उनके दावे के पक्ष में सबूत हैं जिसे वह शीघ्र ही सामने लाएंगे। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को एकनाथ धड़े को असली शिवसेना की मान्यता (शेष पेज 8)

# पूर्वोत्तर के बाद कर्नाटक पर भाजपा की निगाह

**दीपक कुमार उप्रेती।** नई दिल्ली

- आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश की दो दिवसीय यात्रा पर, कई कार्यक्रमों में लेंगे भाग

भारतीय जनता पार्टी ने त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड विधानसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर ध्यान केंद्रित कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा राज्य की तीन दिवसीय चुनावी अभियान पर रविवार को पहुंचे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ मंगलवार को बाइक रैली में भी भाग लेंगे।

त्रिपुरा में 16 फरवरी, मेघालय और नागालैंड में 27 फरवरी को मतदान हुआ था। इस साल कर्नाटक के अलावा भाजपा शासित मध्य प्रदेश, कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ और राजस्थान के अलावा बीआरएस शासित तेलंगाना में भी इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। कर्नाटक में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस और जेडीएस का त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। सत्ता विरोधी लहर को मात देने के लिए भाजपा हाईकमान ने पहले ही बीएस येदुरप्पा की जगह बीएस बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया है। भाजपा नेताओं ने ठीक इसी तरह का बदलाव मध्य प्रदेश में नहीं किया जहां भगवा दल को कांग्रेस से सीधे तौर पर कड़ी टक्कर और चुनौती मिल रही है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा रविवार रात कर्नाटक पहुंचेंगे, जहां वे उडुपी और बेलूर में दो रैलियों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे मंगलुरू में बाइक रैली का भी हिस्सा बनेंगे। प्रमुख भाजपा प्रवक्ता अनिल बलूनी के अनुसार नड्डा कर्नाटक के उडुपी स्थित कृष्ण मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद, उडुपी के एमजीएम कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय बूथ कमेटी को संबोधित करेंगे। इसके अलावा (शेष पेज 8)

## शिकायतों को मानवीय पहलू को ध्यान में रखकर हल करें कर्मचारी: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** ने कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के कर्मचारियों से आगे बढ़कर सामूहिक भावना से काम करने और राष्ट्र निर्माण के लिए शिकायतों को मानवीय पहलू को ध्यान में रखकर हल करने का आह्वान किया। शनिवार को मंत्रालय के अधिकारियों के लिए आयोजित चिंतन शिविर में मोदी को उद्धृत करते हुए कहा गया, आगे बढ़कर सामूहिक भावना बढ़ाएं, पदानुक्रम से ऊपर उठें और शिकायतों को मानवीय पहलू को ध्यान में रखकर हल करें। प्रधानमंत्री ने शनिवार को अधिकारियों को संबोधित किया। रविवार को सरकार द्वारा विचार-विमर्श के कुछ विवरण सार्वजनिक किए गए। मोदी ने राष्ट्र के सामूहिक कल्याण के वास्ते एक मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए समय पर शिकायत निवारण के महत्व पर जोर देते हुए कहा, एक प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली लोकतंत्र की सच्ची ताकत है।

# आबकारी मामला: मनीष सिसोदिया के अनुरोध पर सीबीआई ने पूछताछ टाली



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दिल्ली बजट को अंतिम रूप देने में व्यस्त होने के कारण डिप्टी सीएम ने जांच एजेंसी से मांगी थी मोहलत

**दिल्ली** आबकारी नीति मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के अनुरोध के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को उनसे पूछताछ टाल दी।

इससे पहले, सिसोदिया ने सीबीआई से अनुरोध किया था कि आबकारी नीति मामले में उनसे पूछताछ फरवरी के आखिरी हफ्ते तक टाल देनी चाहिए, क्योंकि वह दिल्ली के बजट को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ टालने के सिसोदिया के आग्रह को स्वीकार कर लिया है और जल्द ही उन्हें नई तारीख दी जाएगी। सिसोदिया ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उनसे बदला लेने के लिए जांच एजेंसी का इस्तेमाल कर रही है और उन्हें आशंका है कि उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने के करीब तीन महीने बाद सिसोदिया को रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

दिल्ली सरकार के वित्त विभाग का भी प्रभार संभालने वाले सिसोदिया ने कहा कि वह एक सप्ताह बाद पूछताछ के लिए उपलब्ध हो पाएंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैंने सीबीआई को पत्र लिखा है और फरवरी (शेष पेज 8)

# मेट्रो में सफर के साथ करें जी भरकर शॉपिंग

- डीएमआरसी जल्द ही मेट्रो के लिए देश का पहला वर्चुअल शॉपिंग, रीचार्ज ऐप शुरू करेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** मेट्रो में सफर करने वाले यात्री अब सफर के साथ शॉपिंग भी कर सकेंगे। यात्री द्वारा आर्डर किया सामान उनको गंतव्य स्टेशन पर मिल जाएगा। इससे उनके समय की बचत होगी। दिल्ली रेल मेट्रो निगम यात्रियों के लिए कई तरह के उत्पाद खरीदने और सेवाओं को बुक करने के लिए देश का पहला वर्चुअल शॉपिंग ऐप शुरू करने जा रहा है।

इसके लिए मोमेंटम 2.0 एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया एप्लिकेशन अपने उपयोगकर्ताओं को कस्टम मेड सेवाओं जैसे लास्ट माइल कनेक्टिविटी विकल्प, ई-शॉपिंग विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला और त्वरित तथा सुरक्षित डिलीवरी के लिए डिजिटल लॉकर तक तात्कालिक और सीधी पहुंच प्रदान करेगा। ऐप में स्मार्ट कार्ड का रिचार्ज करने समेत अन्य उपयोगिता सेवाओं के लिए स्मार्ट भुगतान विकल्प जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। साथ ही अनेक समाधानों के साथ, यह ऐप दिल्ली मेट्रो की विशिष्टताओं में तीन प्रमुख सेवाओं यथा लास्ट माइल तक कनेक्टिविटी विकल्प, खरीदारी के लिए वर्चुअल स्टोर और मेट्रो स्टेशनों पर डिजिटल (शेष पेज 8)

### वर्चुअल स्टोर्स पर खरीदारी

**ऐप** में सामानों की एक विस्तृत श्रृंखला चुनने के साथ ई-शॉपिंग विकल्प की विशेषताएं शामिल हैं। यह अनोखा ब्रिक एंड क्लिक स्टोर अनुभवी उपयोगकर्ताओं को मेट्रो स्टेशनों पर किराने का सामान और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की सुविधा प्रदान करेगा। चयनित ब्रांड विस्तृत एक्सटेंडेड रीयलिटी टूल्स से अपने उत्पादों और सेवाओं को ऐप में प्रदर्शित करेंगे और यात्री अपनी पसंद के सामान की खरीदारी के लिए क्यूआर कोड मैकेनिज्म का उपयोग कर सकेंगे जैसे वे अपनी ट्रेन के आने का इंतजार करते हैं। इन वर्चुअल स्टोरों पर इमर्सिव और ऑफर किए जाने वाले सामान डिजिटल और फिजिकल शॉपिंग के अंतर को पाट देंगे।

### स्मार्ट शॉपर्स के लिए डिजिटल लॉकर

**डीएमआरसी** चुनिंदा स्टेशनों पर स्मार्ट बॉक्स नाम के डिजिटल लॉकर बनाने की प्रक्रिया में है, जहां इस ऐप पर ई-शॉपिंग के माध्यम से ऑर्डर किए गए सामान को सुरक्षित रूप से जमा किया जा सकता है और संबंधित खरीदारों द्वारा उनके गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने के बाद उन्हें प्राप्त किया जा सकता है। ये स्मार्ट बॉक्स पार्सल, वस्तुओं और उत्पादों के सुरक्षित, तकनीक-सक्षम प्रबंधन प्रदान करेंगे। ये उपयोगकर्ता के अनुकूल लॉकर ई-कॉमर्स प्लेयर्स के साथ मिलकर सबसे तेज वितरण और रिसाइकिल के रुप में काम करेंगे। इसके अलावा, यात्री भुगतान के आधार पर स्मार्ट (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,002 | |
| निफ्टी | 17,944 | |
| सोना | 55,950 | /10g |
| चांदी | 65,005 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रामबन में भूस्खलन से एक दर्जन से अधिक मकान क्षतिग्रस्त

**रामबन, जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में दूर-दराज के एक गांव में बड़े भूस्खलन की चपेट में आने से एक दर्जन से अधिक रिहाइशी मकान क्षतिग्रस्त हो गए और 13 परिवार बेघर हो गए। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और उन्हें तत्काल राहत सहायता दी गई है, जबकि गांव के पास से गुजरने वाली मुख्य सड़क पर दरार पड़ने के कारण उसे वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन की घटना रामबन जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर गूल अनुमंडल के संगलदान के डक्सर डल गांव में हुई। यह घटना डोडा जिले की नई बस्ती गांव में 19 मकान, एक मस्जिद और लड़कियों के एक धार्मिक स्कूल की जमीन धंसने की घटना के एक पखवाड़े बाद हुई है।

# कंगारुओं को मात दे डब्ल्यूटीसी फाइनल के करीब भारत

- दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया

**भाषा।** नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलियाई टीम का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी

**वामहस्त** स्पिनर रविंद्र जडेजा की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (42 रन पर सात विकेट) से भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से शिकस्त देकर चार मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का टिकट लगभग पक्का करने के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने पास रखने का अधिकार भी हासिल कर लिया। नियमों के मुताबिक श्रृंखला बराबरी पर छूटने के बाद बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी पिछली श्रृंखला जीतने वाली टीम को सौंपी जाती है। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरी पारी में महज 52 रन और जोड़कर अपने बचे हुए नौ विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों का यह हश्र जडेजा की शानदार गेंदबाजी के साथ खराब शॉट चयन के कारण भी हुआ। मैच में 10 विकेट लेने वाले जडेजा को दूसरी पारी में अनुभवी रविचंद्रन अश्विन (59 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला इन दोनों स्पिनरों के सामने ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ दो बल्लेबाज ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। लक्ष्य का पीछा करते हुए खराब लय में चल रहे लोकेश राहुल (एक रन) दुर्भाग्यशाली रहे। नाथन लियोन की गेंद पर उनकी फ्लिक शॉट लेग के क्षेत्ररक्षक के पैड से टकराकर विकेटकीपर के दस्ताने में चली गई। उनके अलावा बाकी बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को यह दिखाया कि स्पिन के खिलाफ कैसे बल्लेबाजी की जाती है। टीम ने 26.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे चेतेश्वर पुजारा ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। वह 31 रन पर नाबाद रहे। विकेटकीपर कोणा भरत ने नाबाद 23 जबकि विराट कोहली 20 रन की पारी के दौरान सहज दिखे। भारतीय टीम के लिए यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी प्रारूपों में मिलाकर 100वीं जीत है। श्रृंखला का तीसरा टेस्ट मैच इंदौर में एक मार्च से खेला जाएगा।

दिन की शुरुआत एक विकेट पर 61 रन से आगे करते हुए ऑस्ट्रेलिया के कम से कम पांच बल्लेबाज जडेजा के खिलाफ खराब स्लॉग स्वीप पर विकेट गंवा बैठे। कुछ बल्लेबाजों ने ऑफ-मिडिल या लेग-मिडिल लाइन पर फेंकी गई गेंदों पर रिवर्स स्वीप की कोशिश की और गेंद को ज्यादा उछाल नहीं मिलने (शेष पेज 8)

# निवेश मामले में यूपी में नोएडा होगा नंबर वन

- एमएसएमई सेक्टर में 18693 करोड़ के निवेश के लिए 392 कंपनियों ने किया एमओयू

**रिंकू यादव।** नोएडा

**प्रदेश** में सबसे ज्यादा रोजगार एमएसएमई सेक्टर के पास है। यही वजह है इस बार जीआईएस में 75 जिलों में एमएसएमई ने निवेश के लिए एमओयू साइन किए। इसमें वेस्ट यूपी नंबर एक पर रहा।

वेस्ट यूपी में गौतमबुद्धनगर में सर्वाधिक 18 हजार, 693 करोड़ के निवेश के लिए 392 कंपनियों से एमओयू साइन किए गए। दूसरे स्थान पर आगरा में 78 कंपनियों ने 13 हजार, 543 करोड़ रुपए के निवेश साइन किए गए। इसके बाद गाजियाबाद है। यहां 12 हजार, 887 करोड़ रुपए के निवेश होगा। इसके लिए सर्वाधिक एमएसएमई कंपनियों यानी कुल 2266 कंपनियों ने एमओयू साइन किए। वहीं मेरठ के लिए 396 एमओयू के माध्यम से 10542 करोड़ का निवेश संभावित है।

प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर में कुल में 1.37 लाख करोड़ के निवेश वाले 8829 एमओयू हुए। इन एमओयू से 18 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। इन कंपनियों को पांच साल में निवेश कर अपने उद्यम चलाने होंगे। नोएडा के एमएसएमई इंडस्ट्रियल (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 20 फरवरी, 2023



# घने कोहरे के चलते आपस में टकराईं 40 गाड़ियां

## दिल्ली-मेरठ और सहारनपुर हाईवे पर दो सड़क हादसे, दुर्घटना में 2 स्कूली छात्र समेत 31 लोग घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

रविवार को बेमौसम कोहरा दिल्ली-मेरठ और सहारनपुर हाइवे पर हादसों का सबब बन गया। घटना सुबह साढ़े आठ बजे की है। सुबह को सुहाने मौसम के बाद एकाएक आसमान पर घना कोहरा छा गया, जिसके चलते दो सड़क हादसे हुए। पहला हादसा मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर हुआ, जहां 35 गाड़ियां एक-एक करके टकरा गईं। हादसे में 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

इसके बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। दूसरा हादसा दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर हुआ। इसमें एक स्कूल बस समेत 5 गाड़ियां टकराईं। इसमें 2 स्कूली छात्र समेत करीब 6 लोग चोटिल हुए हैं। सुबह करीब 8 बजे गाजियाबाद के मसूरी रेस्ट एरिया के पास हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि सुबह मौसम एकदम साफ था, लेकिन 8 बजे के आसपास अचानक कोहरा छा गया, जिसके चलते मेरठ से गाजियाबाद जाने वाली लेन पर वाहन एक-दूसरे से टकराते चले गए। इस हादसे में मेरठ से गाजियाबाद आ रही साहिबाबाद डिपो की एक बस भी क्षतिग्रस्त हुई है। एक ऑल्टो कार बुरी तरह चकनाचूर हो गई है। क्रेटा कार पीछे से एक टैंकर में जा घुसी और फिर उस कार को पीछे से एक अन्य कार ने टक्कर मार दी।



मेरठ से गाजियाबाद की तरफ जा रहे एडवोकेट अमित दीक्षित ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर करीब 3 किलोमीटर तक क्षतिग्रस्त गाड़ियां ही दिखाई दे रही हैं। इनकी संख्या 25 से ज्यादा हो सकती है। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने गाजियाबाद जाते वक्त कार के अंदर से इस हादसे की वीडियो भी बनाई। इसमें दिख रहा है कि क्षतिग्रस्त गाड़ियों की लाइन लगी हुई है। मसूरी थाने के इंस्पेक्टर आरसी पंत मौके पर पहुंचें। उन्होंने बताया कि इस हादसे में एक व्यक्ति को ज्यादा चोटें आई हैं। उसे तुरंत गाजियाबाद के अस्पताल में भेजा गया है। बाकी लोगों को मामूली चोटें हैं, जिन्हें इलाज की जरूरत नहीं दिख रही। क्रेन बुलवा ली गई थी। सभी गाड़ियों को एक्सप्रेसवे से किनारे लगाया गया, ताकि यातायात साफ हो सके। कोहरे की वजह से दूसरा हादसा दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर हुआ।



**कोहरे के कारण गाड़ियां स्लो चल रही थीं। सबसे आगे एक कार चल रही थी। अचानक कोहरा आने से सबसे पहले इसी कार ने ब्रेक लगाए। इसके बाद कैंटर ने ब्रेक लगाए। कैंटर के पीछे ट्रेलर था, उसके भी इमरजेंसी ब्रेक लगे। इस तरह गाडियां एक दूसरे के पीछे भिड़ती चली गईं। कुल करीब 35 वाहन टकराए हैं। किसी को ज्यादा चोटें नहीं हैं। वाहनों को क्रेन के जरिए एक्सप्रेसवे से साइड करवाया गया है।**

**-ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा**

बागपत के पास अचानक कोहरा बढ़ने से ड्राइवर को गाड़ी चलाने में दिक्कत होने लगी। यहां एक-एक करके 6 गाड़ियां आपस में टकराई हैं। इसमें 2 बसें शामिल है, बाकी कार हैं। हादसे में 2 छात्र भी चोटिल हुए है। वहीं बाकी 4 अन्य घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती किया गया है। स्याद्वाद इंस्टिट्यूट की प्रधानाचार्या ने बताया कि रविवार सुबह छात्र-छात्राओं के साथ बस में सवार होकर दिल्ली इंडिया गेट पर होने वाली मैराथन दौड़ में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच पाली गांव के पास एक ट्रक और कार की भिड़ंत हो गई। इसमें उनकी स्कूल बस भी टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रही रोडवेज बस ने दो बाइकों में टक्कर मार दी। बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं, हादसे की वजह से हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को किनारे खड़ा कराया।

# नशे का इंजेक्शन नहीं दिया तो दोस्त को मौत के घाट उतारा

● हत्याकांड में मृतक का दोस्त गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

टीला मोड़ में एक युवक ने अपने ही दोस्त की नशे का इंजेक्शन नहीं देने पर जान ले ली। मृतक ने आरोपी के हिस्से का नशे का इंजेक्शन भी खुद ही लगा लिया। जिसके बाद गुस्से में आकर आरोपी ने गमछा से गला घोटकर दोस्त की जान ले ली। मामले में मृतक के भाई ने टीला मोड़ में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

डीसीपी ट्रांस हिंडन डॉ दीक्षा शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी को पसौंड़ा में ईदगाह के पास कब्रिस्तान में अकिल का शव मिला था, जिसमें मृतक के भाई ने टीला मोड़ थानें में हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य के आधार पर जांच करने पर पुलिस ने पाया कि घटना से पहले पसौंड़ा निवासी मौहसीन का मृतक के साथ था। जब मौहसीन को शनिवार को कोयल एंक्लेव से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि वह और मृतक अकिल 29 जनवरी को दोपहर एक बजे दिल्ली से दो नशे के इंजेक्शन लेकर आया था, जिसके बाद आरोपी के हिस्से का नशे का इंजेक्शन मृतक ने लगा लिया। उसी रात 10:00 बजे दोनों में इस बात को लेकर लड़ाई हो गई।

आरोपी ने गुस्से में आकर अकिल की गमछे से गला दबाकर जान ले ली। इसके बाद आरोपी मृतक का पर्स, घड़ी और आधार कार्ड लेकर घटनास्थल से लेकर भाग गया। डीसीपी डॉ दीक्षा शर्मा ने बताया कि आरोपी पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# निर्माणाधीन इमारत का गिरा लेंटर, दो मजदूरों की मौत

● पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से छह लोगों को बचाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोनी स्थित रूप नगर कॉलोनी में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत का लेंटर गिराने तफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि लेंटर के नीचे कई मजदूर दबे हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक दमकल विभाग ने छह मजदूरों को बाहर निकाल लिया है, जबकि दो की मौत हो गई। अन्य लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू जारी है। मजदूरों को बचाव दल ने बाहर निकाला, उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर डीसीपी रवि कुमार ने पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस फिलहाल इस इमारत के मालिक के बारे में सूचना प्राप्त कर रही है। जानकारी मिली है कि निर्माणाधीन इस स्थल पर काम करने वाले मजदूरों को सुरक्षा के कोई उपकरण मुहैया नहीं कराए गए थे।



वहीं इस बात का भी अंदेशा जाता जा रहा है कि निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामग्री की गुणवत्ता का स्तर भी उच्चतम स्तर का नहीं था। डीसीपी ने मीडिया से बातचीत में जानकारी दी कि करीब 10 लोगों के दबे होने की जानकारी मिली है। छह लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। घटना में दो लोगों की मौत हो चुकी है। मौके पर रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है।

# गैस सिलेंडर से लगी आग बच्ची समेत तीन झुलसे

**नोएडा।** रबुपुरा थाना क्षेत्र के तहत तिरथली गांव में एलपीजी गैस सिलेंडर से खाना बनाते समय अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक बच्ची समेत तीन लोग झुलस गए।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक खाना बनाते समय अनवर पुत्र जब्बार के घर में गैस सिलेंडर से आग लग गई जिसकी चपेट में अनवर, उसकी पुत्रवधु तथा पोती झुलस गई। आनन-फानन में घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचित किया। लेकिन दमकल की गाड़ी आने के पूर्व ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

# मुठभेड़ के दौरान फरार बदमाश गिरफ्तार

● पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान आरोपी के लगी गोली

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने करीब 3 वर्ष पहले पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरार हुए बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बदमाश को औद्योगिक चौकी के चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाश पर एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे गाजियाबाद और नोएडा में दर्ज हैं। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक श्री थाना क्षेत्र में 18 मार्च 2020 को पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई थी।

पुलिस चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान बाइक पर जा रहे दो बदमाशों ने पुलिस के रोकने पर फायरिंग कर दी। इस दौरान पुलिस ने भी फायरिंग की थी, जिसमें एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया था। बदमाश की पहचान तरुण उर्फ भूरा के रूप में हुई थी, जो कि मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला था। उसी दौरान उसके साथ बाइक पर मौजूद दूसरा बदमाश नितिन मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। रविवार को मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी सूरजपुर थाना क्षेत्र में आया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद आरोपी को औद्योगिक चौकी के तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम नितिन है। वह मूल रूप से बिसरख का रहने वाला है। वह गाजियाबाद में रह रहा है। सूरजपुर थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि करीब तीन सालों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह पुलिस मुठभेड़ के दौरान पुलिस पर फायरिंग करके फरार हो गया था। बदमाश पर गाजियाबाद और नोएडा में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# संक्षिप्त समाचार



नोएडा यातायात पुलिस और ट्रैफिक वॉलंटियर्स के सहयोग से मेट्रो स्टेशन सेक्टर-51 पर जनसामान्य को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय पर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई

**नोएडा।** भारतीय कुर्मी महासभा गौतमबुद्ध नगर के द्वारा भारत की एकता एवं अखंडता के प्रहरी, शौर्य और साहस के प्रतीक महाराजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती दीपोत्सव के रूप में मनाई गयी। भारतीय कुर्मी महासभा के जिलाध्यक्ष गौरव पटेल ने बताया कि शिवाजी भोंसले, जिन्हें दुनिया छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम से जानती है। वह एक ऐसे महान योद्धा थे, जो अपने जीवन में बहुत पहले ही युद्ध के लिए तैयार हो गए थे और उन्होंने कई युद्ध लड़े थे। जिला उपाध्यक्ष विकास कटियार ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज को एक कुशल और महान युद्ध रणनीतिकार के रूप में भी जाना जाता है। जिला मंत्री रोहित सचान ने बताया कि वे छापामार युद्ध की कला में पारंगत थे। उनकी सूझबूझ और कुशल रणनीति का मुगल भी लोहा मानते थे। इस दौरान भारतीय कुर्मी महासभा गौतमबुद्ध नगर के पदाधिकारीगण, मनोज कटियार, प्रवीण गंगवार, विजय सिन्हा, अंकित सचान, आदि लोग उपस्थित रहे।

### आम आदमी पार्टी ने किया बुलडोजर आहुति यज्ञ

**नोएडा।** कानपुर की घटना को लेकर विपक्षी लगातार योगी सरकार पर निशाना साध रहे हैं। इसी को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी ने नोएडा में बुलडोजर आहुति यज्ञ किया। प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और सरकार को सद्बुद्धि देने की बात कही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन, युथ विंग प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही राकेश अवाना जिला महासचिव, राहुल सेठ जिला उपाध्यक्ष, नितिन प्रजापति नोएडा अध्यक्ष, मुन्ना गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, जिला सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रवीन धीमान, डॉ महेन्द्र कुमार, योगानंद, डॉ बी पी सिंह, करन मास्टर, सत्यनारायण कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

### फांसी पर लटकी मिली किशोरी, परिजनों को हत्या का शक

**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र में छात्रा का शव फांसी पर लटका मिला। परिजनों ने रविवार की सुबह नौ बजकर पांच मिनट पर 112 पर पर काल कर पुलिस को मामले की जानकारी दी। छात्रा के तकिये के नीचे से साढ़े तीन पन्ने का एक नोट भी मिला है, जिसे संदिग्ध माना जा रहा है। छात्रा की हेंडराइटिंग और नोट की लिखावट मैच नहीं हो रही है और न ही उस पर छात्रा के हस्ताक्षर है। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह का कहना है कि परिजनों ने छात्रा के प्रेमी के खिलाफ तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही है। वहीं छात्रा के पास से जो नोट मिला है, उसकी भाषा अभी समझ नहीं आ रहा है।

### दो सालों से फरारी काट रहे बदमाश को दबोचा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने फरारी चल रहे वंचित अपराधी को नोएडा मोड तिराहा औद्योगिक क्षेत्र चौकी से पकड़ा है। यह गिरफ्तारी थाना सूरजपुर पुलिस ने की है। आरोपी की पहचान नितिन के रूप में हुई है। यह चिपयाना का रहने वाला है। नितिन करीब 2 साल से फरार चल रहा था। इसके खिलाफ थाना इकोटेक में मुकदमा दर्ज था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पकड़े गए आरोपित की उम्र 34 साल है। आरोपित ने भूरा नाम के बदमाश के साथ मिलकर पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी। पुलिस ने मौके से भूरा को गिरफ्तार कर लिया था।

# इंश्योरेंस के 20 लाख रुपये के लिए दोस्त से चोरी करवाई ऑडी कार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

20 लाख रुपए के लिए एक ऑडी कार चोरी का ड्रामा करने के चक्कर में एक शख्स को जेल जाना पड़ा।

दिल्ली के स्क्रेप कारोबारी दोस्त को काटने के लिए ऑडी दी थी, मगर पुलिस ने बरामद कर ली। गाजियाबाद पुलिस कस्टडी में डंपर कारोबारी ने कबूलनामा दिया। पुलिस कारोबारी को जेल भेज रही है। पूरे मामले की शुरुआत 17 फरवरी को होती है। शास्त्रीनगर सी-ब्लॉक निवासी बंटू सिंह ने यूपी-112 को कॉल करके ऑडी चोरी होने की सूचना दी। बंटू ने बताया कि ऑडी घर के बाहर खड़ी थी और रात में चोरी हो गई। इस सूचना पर कविनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

पुलिस जांच में बंटू से गाड़ी की चाबी मांगी। घर में ढूंढ़ने का बहाना करते हुए बंटू टालमटोल करने लगा क्योंकि ऑडी कार बिना चाभी के चोरी नहीं हो सकती थी। इसलिए पुलिस को शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने बंटू के मोबाइल की जांच की। इसमें 2 रिकॉर्डिंग मिली।

# राहगीरों से करते थे लूट, पुलिसकर्मी को भी नहीं बख्शा

● मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वाहन और राहगीरों से लूट करने वाले गिरोह के पांच आरोपियों को नोएडा एसटीएफ ने थाना बीटा-2 पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। दावा है कि आरोपी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

एसटीएफ ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। बेखौफ बदमाशों ने पूर्व में एक पुलिसकर्मी की भी कार लूटी थी। आरोपियों पर गौतम बुद्ध नगर समेत बुलंदशहर जिले में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। एसटीएफ नोएडा की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में वाहनों की लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का एक सदस्य निखिल बीटा-2 क्षेत्र में आने वाला है। सूचना पर एसटीएफ ने पुलिस के साथ मिलकर निखिल को गिरफ्तार कर लिया।



पूछताछ में उसने बताया कि पिछले वर्ष मई माह में आरोपियों ने एक पुलिसकर्मी की कार को भी लूटा था। उसकी बताई जगह से एसटीएफ और पुलिस ने लोकेश, सोनू, रोहित और सुकेश को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने कई घटनाओं के खुलासे भी किए।

आरोपियों का एक साथी राजू कई लूट, अपहरण और हत्या के मामलों का आरोपी है और वर्तमान में एक मामले में जेल में बंद है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लोकेश के साथ प्रिंस निवासी बुलंदशहर हाईस्कूल में पढ़ाई करता था। प्रिंस और राजू दोनों दोस्त थे, जिसके माध्यम से राजू और लोकेश की दोस्ती हो गई। राजू पहले से कार में सवारियों को बैठाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता था। लोकेश ने अपने साथ ताऊ के बेटे निखिल को जोड़ा। निखिल के जीजा के गांव में रोहित की रिश्तेदारी थी। राजू ने अपने गिरोह में उसके साथ पूर्व में किराये की गाड़ियों के चालक सोनू और सुकेश को भी मिला लिया।

# एनटीपीसी प्लांट पर किसानों का प्रदर्शन

● भूमि अधिग्रहण को लेकर 24 गांव के ग्रामीण लंबे समय से नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दादरी में नटीपीसी प्लांट पर आज एक बार फिर किसानों ने जमकर हल्ली बोला। लंबे समय से किसान अपनी मांगों को लेकर एनटीपीसी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सैकड़ों की तादात में महिलाएं और किसान इकट्ठा हुए और उसके बाद एनटीपीसी प्लांट पर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स भी तैनात रही।

एनटीपीसी प्लांट से प्रभावित 24 गांव के ग्रामीण लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर एनटीपीसी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। गौरतलब है कि एक बार प्रदर्शन करते समय किसानों पर पुलिस द्वारा लाठी बरसाई गई है। साथ ही वॉटर कैनल की बरसात भी की गई और कुछ किसानों को जेल भी भेज दिया लेकिन जेल से आने के बाद भी किसानों का प्रदर्शन लगातार जारी है।

किसान नेता सुखबीर खलीफा के नेतृत्व में 24 गांव के किसान जमकर एनटीपीसी के खिलाफ हल्ला बोल रहे हैं। रविवार को भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब सैकड़ों की तादाद में महिलाएं और किसान एनटीपीसी प्लांट पर पहुंच गए। इस दौरान पहले से ही वहां पर पुलिस मौजूद थी और पुलिस ने इन लोगों को रोकने के लिए बैरिगेटिंग लगाई हुई थी, जैसे ही किसान एनटीपीसी के पास पहुचे पुलिस ने सभी किसानों को रोक दिया। काफी देर तक इन लोगों के बीच जद्दोजहद चलती रही, उसके बाद किसान वापस आ गए।

किसान नेता सुखबीर खलीफा ने बताया कि उन लोगों के द्वारा करीब ढाई महीने से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

# ऋतु माहेश्वरी को मिला गौतमबुद्धनगर के डीएम का अतिरिक्त प्रभार

नोएडा। नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ तथा नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक ऋतु माहेश्वरी को जिलाधिकारी का प्रभार सौंपा गया है।

आपको बता दें कि जिलाधिकारी सुहास एलवाई टूर्नामेंट खेलने के लिए स्पेन गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में रितु माहेश्वरी को यह प्रभार सौंपा गया है। जब तक डीएम सुहास एलवाई वापस नहीं लौट जाते हैं, तब तक ऋतु माहेश्वरी ही सभी प्रशासनिक कार्य देखेंगी।

# सरस मेला: इंडिया फूड कोर्ट के व्यंजनों ने लोगों को लुभाया



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोहा

सेक्टर-33 स्थित नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान एनआईआरडीपीआर द्वारा आयोजित सरस आजीविका मेले में तासरे दिन रविवार को भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। जहां लोगों ने विभिन्न राज्यों के उत्पादों की जमकर खरीदारी की, वहीं इंडिया फूड कोर्ट में विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का सवाद चखा।

इंडिया फूड कोर्ट के कोर्डिनेटर श्रेयस कश्यप ने बताया कि यहां इस बार देश भर के 20 राज्यों की 80 गृहणियों के समूह ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल हैं, जिनमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त हो रहा है। राजस्थानी कैर सागरी गट्टे की सब्जी से लेकर बंगाल की फिश करी, तेलंगाना का चिकन, बिहार की लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग व मक्के की रोटी, प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, हरियाणा के बाजरे व ज्वार के लड्डू बिस्कुट, कर्नाटक व जम्मू कश्मीर के ड्राई फ्रूट सहित पूरे भारत के पकवान मौजूद हैं। 01 मार्च से 05 मार्च तक मिलेट्स फेस्ट का भी आयोजन किया जाएगा।

मेले के तीसरे दिन यहां पूर्वोत्तर के राज्यों में सिक्कम की सुनीता गडैली ने अपने गोदावरी स्वयं सहायता समूह का स्टाल लगाया है। यहां विभिन्न प्रकार के टेस्टी मोमोज तथा सूप के स्वाद को लोगों ने चखा।

वहीं मिजोरम के शेजवान राइस, स्पेशल मिजो टी तथा मिजो सुगर का भी लोगों ने आनंद उठाया। गोवा के फिश रवा फ्राई तथा प्रॉन्स लोगों को खासे भाए।

राजस्थानी थाली तथा पंजाब का साग और मक्के की रोटी का स्वाद लोगों को खूब भाया। यहां महाराष्ट्र के बड़ा पाव तथा मसाला पाव के साथ ही असम के मशरूम और पनीर मोमोज ने भी लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर स्थानीय व्यंजन में यूपी की स्पेशल थाली भी लोगों को खूब पसंद आई।

# चीनी लोन एप से ठगी, वीडियो बनाकर करते थे ब्लैकमेल

● त्वरित कर्ज दिलाने के नाम पर देते थे झांसा, तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के फेज-एक थाना पुलिस ने चीन के लोन एप से ठगी और एडिटेड वीडियो से ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का खुलासा कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

तीनों की पहचान कासगंज निवासी राजीव पाल, बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी मनीष कुमार और लोनी निवासी सूरज श्रीवास्तव के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से आठ मोबाइल, तीन लैपटाप, चार्जर और इयरफोन सहित अन्य उपकरण बरामद हुए हैं। आरोपियों ने अब तक एक हजार से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है।



आरोपियों को डाटा उपलब्ध कराने वाले एजेंट राजू की तलाश में कोतवाली पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। आरोपी सेक्टर-16 के ए-27 में ऑफिस खोलकर ठगी कर रहे थे। पीड़ितों ने कुछ दिन पूर्व ही मामले की शिकायत पुलिस से की थी। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि आरोपी चीन के लोन एप, कैश वॉलेट और ड्यूल कैश सहित त्वरित लोन देने वाले अन्य एप के माध्यम से उन ग्राहकों से संपर्क करते थे जो एक हजार से दस हजार रुपये तक का लोन लेते थे। लोन नहीं चुकाने पर आरोपी ऐसे ग्राहकों को फोन कर पैसे वापस करने के लिए कहते थे। जालसाज ग्राहकों को उनके व्हाटसएप नंबर पर एक लिंक भेजते थे। जिसको क्लिक करने पर किसी दूसरे की जगह ग्राहक का चेहरा लगाकर अश्लील वीडियो दिखाई देती थी। इसके बाद जालसाज अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रकम वसूलते थे। पैसे ट्रांसफर होने के बाद जालसाज नंबर बंद कर लेते थे।

एसीपी सुशील गंगा प्रसाद ने बताया कि बीते दो साल से आरोपी ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पहले नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। पकड़े जाने के डर से एप से ठगी करने लगे। आरोपी एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर भी लोगों से दस से 40 हजार रुपये तक की ठगी कर चुके हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली सरकार ने शुरू की बजट तैयार करने की प्रक्रिया

## उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री मनीष सिसोदिया ने विभिन्न मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बजट को लेकर की चर्चा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



केजरीवाल सरकार के वित्त विभाग ने 2023-24 के लिए बजट अनुमान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बजट को लेकर रायशुमारी की।

इस मौके पर वित्तमंत्री ने कहा कि व्यापारियों की मांग पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जीटी करनाल रोड के आसपास बने गोदामों के लिए बेहतर रोड नेटवर्क स्थापित करने के लिए सर्वे करने के दिए निर्देश।

सरकार की प्राथमिकता रही है कि वह सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर दिल्ली का बजट बनाएं। दिल्ली के बाजार, शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं और इनकी बेहतरी के लिए काम करना सरकार की प्राथमिकता है। मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बजट में अपने बाजारों व सेक्टरों के लिए वित्तमंत्री से स्पेशल पैकेज मांगे। पार्किंग, पिंक टॉयलेट, बाजारों की सा?-सफाई और स?कें व्यापारियों की प्रमुख मांगे रहीं। बैठक में कपड़ा, कागज, ऑटो-मोबाइल, फर्नीचर, टिम्बर, खाद्यान्न, दवाइयां, बेकरी, ड्राई-फ्रूट्स आदि सेक्टर्स से जुड़े 15 से अधिक मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि बजट तैयार करने के दौरान आम आदमी पार्टी की सरकार हर साल दिल्ली के विभिन्न बाजारों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी अपेक्षाओं को जानती है और उसे बजट में शामिल करने का प्रयास करती है। जिससे बाजार बेहतर हो सके और व्यापारियों का व्यापार बढे। इस साल भी केजरीवाल सरकार बजट से पहले व्यापारियों के साथ चर्चा कर उनकी मांग और अपेक्षाओं को समझ रही है ताकि उसे लेकर बजट में प्रावधान किए जा सके।

शहर भर के बाजार लाखों की संख्या में रोजगार उत्पन्न करते हैं और बड़ी संख्या में राजस्व पैदा करते हैं। ऐसे में सरकार का दायित्व है कि इन बाजारों की मांगों और आवश्यकताओं को समझते हुए यहां सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि इन बाजारों के प्रति लोगों का आकर्षण और बढ़े साथ ही व्यापारियों का व्यापार भी बढ़े।

बैठम में शामिल सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली में एक अनूठी परंपरा का पालन करते हुए राज्य सरकार हमेशा व्यापारियों से सलाह मशविरा करके ही बजट तैयार करती है, जिससे कि बाजारों की जमीनी समस्याओं को बजट में शामिल किया जा सके।

इस दिशा में आज आयोजित बैठक भी काफी सकारात्मक रही है। उम्मीद है हर साल की तरह इस साल भी व्यापारियों की बेहतरी के लिए उनके सुझावों को बजट में शामिल करेगी।

### वित्तमंत्री से विभिन्न मार्केट एसोसिएशन की मांग

*मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की एक बड़ मांग बाहरी दिल्ली में स्थित विभिन्न गोदामों के इर्द-गिर्द बेहतर रोड नेटवर्क स्थापित करने की रही। इसपर वित्तमंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अधिकारीयों को निर्देश दिए कि जीटी करनाल रोड के आसपास के क्षेत्रों में बने गोदामों के इर्द-गिर्द बेहतर रोड नेटवर्क स्थापित करने के लिए सर्वे किया जाए और एक ब्लू-प्रिंट बनाया जाए। जिसके बाद वहां जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू होगा और इससे लाखों व्यापारियों को फायदा मिलेगा।*

### कीर्ति नगर फर्नीचर हब के रूप में होगा विकसित

केजरीवाल सरकार का विजन कीर्ति नगर को ग्रैंड फर्नीचर हब के रूप में विकसित करना है। केजरीवाल सरकार के दिल्ली के 5 बाजारों के रिडेवलपमेंट के प्रोजेक्ट में कीर्ति नगर मार्केट भी शामिल है। इस परियोजना के डिजाइनिंग फेज का काम पूरा हो चुका है और जल्द ही जमीन पर काम शुरू हो जायेगा। साथ ही सरकार व्यापारियों की मांग को ध्यान में रखते हुए यहां एक एक्जविशन हाल तैयार करने पर भी विचार कर रही है।



### साफ-सफाई पार्किंग की समस्या दूर हो

नया बाजार व रोहिणी व मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बाजारों में साफ-सफाई व पार्किंग की समस्या के समाधान की मांग उठाई गई। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारीयों को इन मार्केटों में पार्किंग के लिए साइट की पहचान करने के निर्देश दिए। साथ ही एमसीडी अधिकारीयों को निर्देश दिए कि मॉडल टाउन में 4 मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग के होने के बावजूद उसके शुरू न होने के पीछे के कारणों की पहचान करें और व्यापारियों की सुविधा के लिए उसे तुरंत शुरू करें।

## दो साल में फरवरी सबसे अधिक गर्म, रविवार को पारा 31 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से सात डिग्री सेल्सियस अधिक है और दो साल में फरवरी का सर्वाधिक तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

आईएमडी के अनुसार, न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के लिए सामान्य है। सापेक्ष आर्द्रता 50 प्रतिशत से 95 प्रतिशत के बीच रही।

मौसम विभाग ने सोमवार की सुबह हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 और 12 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि शाम छह बजे राष्ट्रीय राजधानी में 24 घंटे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 332 पर बना रहा, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। गौरतलब है कि शुक्रवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 29.6 और 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# शराब नीतिः भाजपा-कांग्रेस ने सिसोदिया को घेरा

- वीरेंद्र सचदेव बोले जांच से बचने के बहाने तलाशने लगे उपमुख्यमंत्री, अनिल चौधरी ने कहा कि इस्तीफा देकर जांच में करें सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अनुसूचित जाति की कार्यकारणी की बैठक में वीरेंद्र सेचदेव व अन्य भाजपा नेता।

सीबीआई ने कथित शराब नीति घोटाला को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन उससे पहले उन्होंने कहा कि दिल्ली का वित्त मंत्री होने के नाते बजट तैयार करना बेहद जरूरी है। इसलिए जांच एजेंसी कोई दूसरी तारीख तय कर लें। अब इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस ने सिसोदिया को घेरा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा यह हैरान करने वाली बात है कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया लंबे समय से कह रहे हैं कि वह जांच के लिए हमेशा तैयार है और दिल्ली शराब नीति में कोई घोटाला नहीं हुआ है, लेकिन जैसे ही सीबीआई ने उन्हें जांच के लिए बुलाया, वे जांच से बचने के बहाने तलाशने लगे हैं। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो के पूछताछ से बचने के लिय बजट में व्यस्तता का बहाना बना सबूतों से छेड़छाड़ के लिए एक सप्ताह का समय माँगा है जबकि मनीष सिसोदिया शराब घोटाले पर सीबीआई की प्राथमिकी में नंबर 1 आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि शनिवार को सिसोदिया ने ट्वीट किया कि उनके खिलाफ सीबीआई के पास कुछ भी नहीं है और उन्हें परेशान किया जा रहा है क्योंकि वह शिक्षा पर अच्छा काम कर रहे है लेकिन रविवार सुबह सीबीआई के सामने जाने के बजाय सिसोदिया ने मीडिया के सामने कहा कि वह सीबीआई को लिखा है कि वह दिल्ली का बजट तैयार कर रहे है इसलिए उनके सामने पेश होने के लिये समय की जरूरत है।

यह आश्चर्य की बात है कि कल सिसोदिया को भरोसा था कि उनके खिलाफ सीबीआई के पास कोई सबूत या मामला नहीं है और उन्होंने सहयोग की पेशकश की, लेकिन रविवार को जांच से बचते नजर आए। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि सीबीआई ने कथित तौर पर उनके निजी सचिव से पूछताछ के बाद करोड़ों रुपये के घोटाले में उनके खिलाफ सबूत एकत्र किए हैं और उन्हें पूछताछ से बचने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए थी।

जब सीबीआई ने शराब घोटाला मामले में दो महीने पहले अदालत में दायर चार्जशीट से सिसोदिया का नाम हटा दिया था तो उन्होंने तब ही आगाह किया था कि आरोप में नामजद 7 लोगों में से सिसोदिया का नाम बाहर करने का जांच पर उल्टा असर होगा।

कुमार ने कहा कि जब संशोधित शराब नीति जिसके मास्टर माइंड मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, के कार्यान्वयन में कोई भ्रष्टाचार और अनियमितता नहीं थी और जैसे ही उपराज्यपाल ने कांग्रेस की शिकायत पर शराब घोटाले की जांच का आदेश दिया, तो केजरीवाल सरकार ने नई शराब नीति को क्यों रद्द कर दिया।

## गौकशी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गुलाबी बाग इलाके में कथित तौर पर गोकशी में शामिल एक युवक को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सात फरवरी को पुलिस को गुलाबी बाग के रोशनआरा अंडरपास के निकट गोकशी की घटना की सूचना मिली थी और पुलिस ने घटनास्थल से पशुओं के अवशेष एकत्र कर राजकीय पशु चिकित्सालय भिजवा दिए। प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी को दिल्ली कृषि मवेशी संरक्षण अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में केस दर्ज किया है।

# डेंगू की रोकथाम के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करेगा निगम

- जी-20 बैठक स्थलों, स्मारकों, होटलों, शॉपिंग मॉल, प्रसिद्ध बाजारों की जाएगी निगरानी, कार्य योजना तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गर्मी में मच्छरों के प्रकोप से निपटने के लिए दिल्ली नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। ड्रोन से मच्छरों पर और मच्छरजनित इलाके में दवा का छिड़काव किया जाएगा। निगम ने तालाबों में मच्छरों के खात्मे के लिए गंबूजिया मछलियों को छोड़ने की तैयारी कर ली है। दिल्ली नगर निगम के अनुसार, जी-20 समिट के मद्देनजर मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए व्यापक योजना तैयार की है। इसके अनुसार, मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप कम करने के लिए नागरिकों की जागरूकता के लिए विभिन्न बैठकें आयोजित की जाएंगी।



इन बैठकों में निर्माण स्थलों, स्मारकों, होटलों, शापिंग माल, प्रसिद्ध बाजारों और आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। उन स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएगी, जहां पर जी-20 के मद्देनजर बैठकें होनी हैं। इस व्यापक योजना के अंतर्गत प्रमुख नालों में मच्छरों के लार्वा के प्रजनन को रोकने के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म यानी मानव रहित हवाई वाहन (ड्रोन) आधारित वेक्टर निगरानी और समवर्ती एंटी-लार्वा स्प्रे किया जाएगा। जैविक नियंत्रण पद्धति से मच्छरों के लार्वा के प्रजनन को रोकने के लिए लार्वाभक्षी मछलियों को जलाशयों में छोड़ा जाएगा। एनजीटी के आदेशानुसार पर्यावरण के अनुकूल तरीके और एनसीवीबीडीसीपी दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर फॉगिंग की जाएगी।

उप स्वास्थ्य अधिकारियों को वेक्टर सूचकांकों और पिछले वर्षों में रिपोर्ट किए गए मामलों के आधार पर संवेदनशील कॉलोनियों, हॉट स्पॉट की पहचान करेंगे। आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कहा कि डेंगू के लिए मच्छरों की रोकथाम के लिए कार्ययोजना पूरे शहर को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

## झोलाछाप डॉक्टर ने किया नाबालिग के साथ दुष्कर्म

- कई बार ज्यादती कर मासूम को किया गर्भवती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम दिल्ली के बाबा हरिदास नगर में एक झोलाछाप डॉक्टर ने एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर कई बार दुष्कर्म किया और उसे गर्भवती कर दिया।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता दो महीने की गर्भवती है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस पीड़िता की मां के इस दावे की जांच कर रही है कि वह अपनी बेटी को इलाज के लिए इस झोलाछाप डॉक्टर के पास लेकर गई थी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

## चर्च पर हमले के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

- देश के विभिन्न जगहों पर हिंसा और गिरफ्तारी पर विरोध दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



देश के विभिन्न हिस्सों में गिरजाघरों पर कथित हमले, हिंसा और गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली के जंतर मंतर पर एकत्र होकर ईसाई समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश से आए स्टीवन ने कहा, हमें लोगों को जबरन ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर करने का आरोपी बनाया जा रहा है। गिरजाघरों पर हमले किए जा रहे हैं, हमारे लोगों की पिटाई करके उन्हें गिरफ्तार किया गया। समुदाय के लोग लगातार डर के माहौल में जी रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि देशभर में समुदाय के सदस्यों के खिलाफ वर्ष 2021 में उत्पीड़न के 525 मामले सामने आए जो बढ़कर 2022 में 600 हो गए। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में ये मामले वर्ष 2020 में 70 थे जो बढ़कर वर्ष 2022 में 183 हो गए। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर निवासी शिवपाल ने आरोप लगाया कि राज्य पुलिस लोगों को जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में गिरफ्तार कर रही है।

दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके से आईं पूनम ने कहा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में गिरजाघरों पर हमले किए जा रहे हैं और हमारे समुदाय का उत्पीड़न किया जा रहा है। झूठे आरोपों के आधार पर उनके खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। हम यहां अपने भाइयों-बहनों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए एकत्र हुए हैं।

## महाशिवरात्रि पर विज्ञान और संस्कृति का अद्‌भुत संगम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने किया शिव एस्क्टेसीश का आयोजन

परम पावन पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर राजौरी गार्डन में भव्य आयोजन किया गया। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के कॉर्पोरेट उत्कृष्टता विंग. पीस प्रोग्राम के संयोजन में आयोजन में वैज्ञानिक और रोचक ढंग से सैकड़ों कॉरपोरेट्स एवं पेशेवर प्रतिभागियों को आलौकिक शिव तत्व को जानने की ओर अग्रसर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। साध्वी डॉ. निधि भारती भगवान शिव के दर्शन शास्त्र को कॉर्पोरेट शैली में विश्लेषित किया। शैविक फैशन-शो का भी आयोजन किया गया।

भगवान शिव की पारंपरिक किंवदंतियों का नृत्य, नाटिकाओं द्वारा मंचन किया गया। साध्वी तपेश्वरी भारती ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी शैली में मानवीय मॉडलों की मदद से सनातन धर्म के दर्शन शास्त्र को डिकोड किया।

## स्कूल मालिक और चार अन्य पर दंगा व आगजनी के आरोप तय

**दिल्ली दंगा**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अदालत ने उत्तरपूर्व दिल्ली में वर्ष 2020 के दंगों के दौरान संपत्तियों को कथित तौर पर जलाने और पथराव करने के मामले में राजधानी स्कूल के मालिक और चार अन्य लोगों के खिलाफ दंगा और आगजनी का आरोप तय किया है।

अदालत राजधानी स्कूल के मालिक फैसल फारूक, अशरफ अली, सोनू सैफी और अनीस कुरैशी के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रही थी। उन पर दंगा करने वाली उस भीड़ का हिस्सा होने का आरोप था जिसने 25 फरवरी 2020 को दयालपुर इलाके में एक स्कूल (डीआरपी पब्लिक स्कूल), घरों और दुकानों में आग लगा दी और इलाके में पथराव करने के अलावा पेट्रोल बम भी फेंके।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमचला ने हालिया आदेश में कहा, मैंने पाया कि (सभी) आरोपी व्यक्ति भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 147 (दंगा) समेत कई धाराओं की तहत दंडनीय अपराधों के लिए मुकदमा चलाने के लिए पात्र हैं।

# राहगीरी के जरिये जीवनशैली बेहतर बनाने की कोशिश

## सड़क यातायात को सरल बनाना और पैदल चलने वालों के लिए सही माहौल तैयार करना मकसद : अरोड़ा

- एनडीएमसी और ट्रैफिक पुलिस ने कनॉट प्लेस के इनर सर्किल में आयोजित किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राहगीरी दिवस पर साथी पुलिस अधिकारी के साथ पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा

कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल के अंतराल के बाद कनॉट प्लेस में राहगीरी दिवस का आयोजन किया गया और रविवार सुबह बड़ी संख्या में लोग खेल एवं अन्य मनोरंजन गतिविधियों का आनंद लेने के लिए कनॉट प्लेस पहुंचे। राहगीरी दिवस के मौके पर चित्रांकन प्रतियोगिता, खेल और विभिन्न प्रकार के नृत्य सहित दर्जनों मनोरंजन गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान रंग-बिरंगे परिधानों में लोग जुंबा (तंदुरूस्ती संबंधी नृत्य) करते नजर आए। यह कार्यक्रम पहले दिन सुबह सात बजे से दस बजे तक चला। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहा, पैदल चलना और इसके लिए मार्गों का अधिक उपयोग करना समाज के ताने-बाने को बेहतर करेगा और यही कारण है कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली पुलिस समाज के लिए हरसंभव योगदान देने का प्रयास कर रही है। इस कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस और एनडीएमसी के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

वहीं, बच्चों ने सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पुलिस द्वारा तैयार किए गए सड़क सुरक्षा लूडो के खेल में भी हिस्सा लिया। राहगीरी दिवस के मद्देनजर रविवार सुबह तीन घंटे के लिए कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में यातायात प्रतिबंधित रहा। राहगीरी दिवस दिल्ली पुलिस सप्ताह समारोह 2023 का हिस्सा है। जिसका आयोजन 16 फरवरी से 22 फरवरी तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शहर को टिकाऊ और रहने योग्य बनाने के जी-20 लक्ष्य पर केंद्रित है।

# आदि महोत्सवः दिल्ली में आदिवासी पारंपरिक भोजन का उठाये लुत्फ

- रविवार को मेले में पहुंचे हजारों लोग, जमकर की खरीदारी

ज़ाहिद अली। नई दिल्ली


आदि महोत्सव मेले में खरीदारी करती महिला। फोटोः रंजन डिमरी


देशभर के विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद दिल्ली वासियों को खूब पसंद आ रहा है। इंडिया गेट के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हजारों की संख्या में आदि महोत्सव में पहुंचकर लोगों ने पारंपरिक आदिवासी व्यजनों का स्वाद लिया। महोत्सव में आने वाले दर्शकों को पूरे देश के आदिवासी इलाकों के स्वादिष्ट पारंपरिक भोजन के साथ लोकनृत्य व संस्कृति ने भी खूब लुभाया। छुट्टी का दिन होने कारण मेले में आदिवासी खाने और खरीदारी करने के लिए लोगों की भीड़ देखी गई। ज्ञात रहे कि मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित आदि महोत्सव व मेले का उद्घाटन 16 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। आदि महोत्सव में देश के उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम भारत के आदिवासी संस्कृति के पारंपरिक भोजन और सामान उपलब्ध है। जहां आदिवासी संस्कृति शिल्प, व्यंजन, व्यापार और पारंपरिक कला को दर्शाने के लिए 200 से अधिक स्टालों के साथ ही देश भर की जनजातियों की समृद्ध और विविध विरासत को प्रदर्शित किया गया है। अदिवासी लोक संस्कृति भावना का जश्न मनाने वाला आदि महोत्सव में स्वाद के अलावा इस मेले में पूरे भारत के पारंपरिक सामान से लेकर चित्रकारी की भी खरीदारी की जा सकती है।

बनारसी साड़ियों का स्टाल आंगतुकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जनजातीय शोध एवं विकास संस्थान शिवपुर बनारस के सहयोग से मेले में बनारसी साड़ी लोगों को खूब भा रही है। यहां मौजूद विनोद ने बताया कि बनारस के ग्रामीण क्षेत्रों के बनारसी साड़ियों के साथ-साथ पारंपरिक सामानों को मेले में लाया गया है।

वहीं पश्चिमी बंगाल की संथाली पेंटिंग को भी आकर्षिण का केंद्र बनी हुई है। वहीं आदि महोत्सव में कर्नाटक के बिंद जिले के बिंदी वर्क जो कि मैटल पर चांदी का काम होता है उसे काफी पसंद किया जा रहा है। यहां स्टाल पर काम करने वाले प्रभु ने बताया कि हम मैटल पर खुदाई करते है और उसपर मिट्टी से रंगाई की जाती है।

### गुजरात का दाल पनिया

गुजरात की प्राची बेन बताती है दिल्ली वाले आदि मोहत्सव में निमाड़ की स्वादिष्ट पकवान दाल पनिया को खूब छक रहे है। स्टाल पर मिली स्वेता ने बताया कि गुजरात स्टाल पर दाल पनिया खाई थी, दिल्ली में इसका स्वाद केवल गुजरात भवन में ही मिल पाता है।



### खूबसूरती बिखरते पट्टाचित्र

उत्कल ने बताया पट्टाचित्र भारत के ओडिशा की पारंपरिक पेंटिंग है। ये चित्र हिन्दू पौराणिक कथाओं पर आधारित हैं और विशेष रूप से जगन्नाथ और वैष्णव संप्रदाय से प्रेरित हैं। चित्रकारी में इस्तेमाल किए गए सभी रंग प्राकृतिक हैं और पेंटिंग्स को चित्रकारों द्वारा पूरी तरह पुराने पारंपरिक तरीके से बनाया जाता है। परंपरागत रूप से इस चित्रकला को चित्रकारों के पूरे परिवार द्वारा किया जाता है। इसे मुख्य तौर पर कपड़ों के टुकड़े पर बनाया जाता है, जिसमे विभिन्न सब्जियों, पत्थरों और मिट्टी आदि से निकाले गए प्राकृतिक रंगों से पेंट करता है। शंख से सफेद रंग को पाउडर, उबालकर, और बहुत ही मुश्किल प्रक्रिया में बहुत धैर्य के साथ छानकर तैयार किया जाता है।

### जम्मू कश्मीर का रोगनजोश



कश्मीरी मटन रोगन जोश का स्वाद लोगों को खूब भा रहा है। स्टाल पर कश्मीरी युवक शब्बीर अहमद बताते है कि दिल्ली में आमतौर पर लोग मुगलाई कोरमे के शौकीन है लेकिन हमारे स्टाल पर आने वाले रोगनजोश की बहुत प्रशंसा करते हैं। यह व्यंजन मटन से बना होता है और कश्मीरी मसालों के साथ गर्म तेल में देर तक पकाना पड़ता है यह कश्मीर का पारंपरिक व्यंजन है, जो फारसी लेकर आए थे।

# गुरुग्राम, मानेसर निगम चुनावों में भाजपा की जीत करें सुनिश्चित : सुधीर सिंगला

## विधायक सुधीर सिंगला की शीतला मंडल कार्यकारिणी की बैठक में की शिरकत

### बैठक में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने भी संबोधित किया



गुरुग्राम में शीतला मंडल कार्यकारिणी की बैठक लेते विधायक सुधीर सिंगला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

**रविवार** को भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम विधानसभा की शीतला मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक सुधीर सिंगला, पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री राव नरबीर सिंह समेत कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। बैठक में गुरुग्राम व मानेसर नगर निगम चुनावों पर चर्चा हुई।

अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम नगर निगम और मानेसर नगर निगम के चुनाव नजदीक हैं। निकट भविष्य में चुनावों की घोषणा होने की संभावना है। ऐसे में भाजपा के हर कार्यकर्ता को पार्टी हित में काम करते हुए अभी से जनता से जुड़कर पार्टी और पार्टी की सरकार की नीतियों से अवगत कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों निगमों के चुनाव में कार्यकर्ता भाजपा की जीत सुनिश्चित करें। विधायक ने कहा कि हम सब अनुशासित, नीतियों पर चलने वाली पार्टी के सिपाही हैं। हमें भी पूर्ण अनुशासनिक तरीके से पार्टी के लिए काम करना है। हमें अपने काम को जितनी शिद्दत, मेहनत से करेंगे, जीत उतनी ही सुनिश्चित होगी।

बैठक में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव मजबूती से लड़ती है। इसलिए नगर निगम के चुनाव भी पहले की तरह मजबूती से ही लड़ेगी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का यह कर्तव्य बनता है कि वे मेहनत में कोई कमी ना छोड़ें, परिणाम अच्छे आएंगे।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्माद्व अज्रुन शर्माद्व हंसराज कसाना, वैशाली तोमर, श्रीचंद गुप्ता, हंसराज सैनी, प्रदीप जैन, तिलकराज, आरपी सिंह चौहान, पार्षद सुभाष सिंगला, अनुप सिंह, पार्टी के मंडल टीम से अध्यक्ष प्रियव्रत कटारिया, धीरज कौशिक, अजय जैन, गिरीश सिंगला, कमलेश सैनी, अक्षय सैरा, सुनीता यादव, नमन अग्रवाल, पिंकी यादव, नैना, महिपाल व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।


गुरुग्राम में जजपा की बैठक लेते जिला अध्यक्ष रिषीराज राणा।

# नगर निगम चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलेंगे अजय चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

### गुरुग्राम में 27 फरवरी को कार्यकर्ता सम्मेलन में करेंगे शिरकत

**जननायक** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला नगर निगम चुनावों को लेकर गुरुग्राम जिला के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलेंगे। आगामी 27 फरवरी को सुबह 10 बजे गुरुग्राम जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

जजपा जिला अध्यक्ष रिशी राज राणा ने बताया कि 27 फरवरी को होने वाले जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी के लिए रविवार को जिला कार्यालय पर जिले के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल सुखविंद्र राठी की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में जिला अध्यक्ष ने पार्टी के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वो कार्यकर्ता सम्मेलन को कामयाब करने में जुट जाएं। पार्टी में नए लोगों को भी जोड़ने के लिए प्रयास करे। रविवार को बैठक में राष्ट्रीय प्रचार सचिव व प्रवक्ता दलबीर धनखड़, प्रदेश सचिव अतर सिंह रुहिल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शमशेर डागर, ईश्वर चेयरमैन, इंदर सिंह गोदारा, नीलम बालू, विभा पांडेय, दीपक यादव, तेजू राव, बिजेंद्र सिंह रावत, विद्या सागर, अशोक सरपंच, रतन शर्मा, नरेश यादव, रितु कटारिया, अमरनाथ जेई, महमूद अंसारी, रामनिवास फोजी, मनोज कुमार, कल्याण सिंह, राजेश बलेवा, रविंदर कटारिया, शमशेर कटारिया, कुलदीप शर्मा समेत कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### घाटमीका दोहरे हत्याकांड में राजस्थान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले


शहर के मुख्य चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर से सीसीटीवी फुटेज की जांच करते राजस्थान हरियाणा पुलिस के अधिकारी।

**फिरोजपुर झिरका।** घाटीमीका दोहरे हत्याकांड के मामले में आरोपी रिंकू की गिरफ्तारी के बाद अन्य आरोपियों की धरपकड़ को लेकर राजस्थान की पुलिस द्वारा लगातार फिरोजपुर झिरका में शहर के मुख्य चौक चौराहों पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को गोपालगढ़ थाने के थाना प्रबंधक राम नरेश की मौजूदगी में राजस्थान पुलिस के जवानों ने हरियाणा पुलिस के जवानों ओर हरियाणा पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में शहर के लाल कुआं चौक पर गर्ग मेडिकल स्टोर सहित शहर में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर राजस्थान पुलिस और हरियाणा पुलिस ने संयुक्त रूप से सीसीटीवी फुटेज को चेक किया। टीम को किस तरह की कोई साक्षय हाथ लगे हैं, या नहीं इस बाबत हरियाणा और राजस्थान पुलिस के अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। वहीं हरियाणा पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान पुलिस अब तिजारा के राजस्थान में कैमरा चेकिंग के लिए निकल गई है। हरियाणा पुलिस के जिला नूह के पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने भी मृतक जुनैद और नासिर के परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले की गंभीरता को समझते हुए एक एसआईटी गठित कर निष्पक्ष जांच करने के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। जिला पुलिस कप्तान का कहना है कि दोषी कोई भी हो नहीं बख्शा जाएगा। अगर पुलिस के किसी भी जवान की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्थान पुलिस के खिलाफ मासूम की हत्या का मुकदमा दर्ज हो : डॉक्टर सुरेंद्र जैन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/नूंह।



### गोरक्षकों पर दर्ज मुकदम वापस नहीं होने पर 22 को हथीन में होगी पंचायत

**विश्व** हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने भिवानी में राजस्थान के घाटमीका निवासी नासिर और जुनैद की मौत मामले को लेकर दर्ज की गई एफआईआर को एक फिल्मी स्क्रिप्ट बताया है। उन्होंने कहा कि यह एफआईआर राजस्थान सरकार में एक मंत्री तथा उसके कुछ लोगों द्वारा साजिश के तहत लिखवाई गई है। जिनकी मौत हुई, वह पेशेवर गो तस्कर थे। उनकी मौत दुर्घटना के कारण हुई है या हत्या हुई है, यह एक संदेहास्पद स्थिति है।

डा. सुरेंद्र जैन ने कहा कि जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, उनकी पहचान करने वाला चाय की दुकान पर बैठा हुआ एक व्यक्ति है। वह व्यक्ति सुबह के 6:00 बजे बता रहा है कि उसने गो रक्षा दल के इन इन लोगों को देखा है। बयान दे रहा है कि मारे गए दोनों युवकों को ले जाने वाले गो रक्षा दल के लोग हैं। जिनमें कोई मानेसर से है, कोई मेवात से है, कोई हथीन से है, कोई होडल से है, कोई पलवल से है। जो लोग मेवात में गो माता की रक्षा, हिंदू बहन बेटियों की रक्षा सुरक्षा का जिम्मा उठाए हुए हैं, उन लोगों को चिन्हित करके यह सारा षड्यंत्र रचा गया है। उन्होंने राजस्थान सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद उन्हें कोर्ट से लेकर सड़क तक घसीटेगी।

डॉ. सुरेंद्र जैन हत्या के मामले में आरोपी बनाए गए श्रीकांत के घर मरोड़ा पहुंचे। वहां पर राजस्थान पुलिस द्वारा की गई बर्बरता के कारण श्रीकांत की पत्नी के गर्भ में पल रहे बच्चे की हत्या पर शोक व्यक्त किया। राजस्थान की पुलिस जितनी सुबह सवेरे श्रीकांत के घर पर पहुंची वह अपने आप में दर्शाता है कि पुलिस पर राजनीतिक दबाव बहुत अधिक था। उन्होंने एक गर्भवती महिला को भी इस घटनाक्रम में मारा-पीटा। जिसके कारण उसके गर्भ में पल रहे बच्चे ने दम तोड़ दिया। विश्व हिंदू परिषद इस सारे घटनाक्रम की घोर निंदा करती है। मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करती है। यदि सरकार इस मामले में प्रताड़ित किए जा रहे निर्दोष लोगों को नहीं छोड़ती है। निर्दोषों को परेशान करने का राजस्थान सरकार और पुलिस का जो घटनाक्रम चल रहा है, उसको बंद नहीं किया जाता है तो 22 फरवरी को हथीन में एक विशाल पंचायत का आयोजन किया जाएगा। डॉ. सुरेंद्र जैन मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन श्रीकांत की पत्नी से मिलने पहुंचे। वहां पर श्रीकांत की माता दुलारी से बातचीत की तथा उनका कुशलक्षेम पूछा।

# गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना बेहद जरूरी: डॉ. अजय सिंह चौटाला

### जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गांव सिलानी की गौशाला में नेचुरल पेंट प्लांट लगवाने का किया वादा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/सोहना


गांव सिलानी की गोशाला में शेड का उद्घाटन करते डा. अजय सिंह चौटाला।

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए गौशालाओं में लघु उद्योगों की स्थापना होनी चाहिए, ताकि गौशाला की खुद की आमदनी हो सके। इस दिशा में अजय चौटाला ने सोहना के गांव सिलानी की गौशाला में गोबर से प्राकृतिक पेंट के निर्माण के लिए प्लांट लगवाने का वादा किया। वे रविवार को गौशाला में शेड उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।


जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश की गोशालाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सिलानी गांव की गोशाला में गो सेवा के बेहतर प्रबंध किए गए है। गोशाला प्रबंधकों ने आत्मनिर्भरता की दिशा में कई गोशालाओं का दौरा कर यहां गोबर से नेचुरल पेंट बनाने के लिए प्लांट लगवाने की मांग की हैं। डॉ. चौटाला ने कहा कि यहां गोबर से प्राकृतिक पेंट के निर्माण के लिए प्लांट की स्थापना की जाएगी।

डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि कोई एक व्यक्ति या संस्था से गोशाला का बेहतर संचालन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके लिए समाज का सहयोग बेहद जरूरी है इसलिए सभी मिलकर गौशालाओं के संचालन में सामर्थ्य अनुसार हर संभव सहयोग दें। डॉ. चौटाला ने कहा कि आवारा गायों के संरक्षण के लिए गौशालाओं का अहम योगदान होता है।

## आगंवाड़ी में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल की टीम ने आगंवाडी केन्द्र से सामान चोरी करने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों नें लाला और नरेन्द्र उर्फ बेंदा का नाम शामिल है। आरोपी लाला फरीदाबाद के गांव कबुलपुर का ताथ आरोपी नरेन्द्र उर्फ बेंदा गांव जसाना का रहने वाला है। दोनों आरोपियो को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना गांव जसाना से थाना भूपानी के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियो से पूछताछ में चोरी किया गया सामान के पुराने मकान से 2 गैस सेलेंडर,चीनी का कट्टा, इंवेटर बैटरी और 14 तेल के टीन बरामद किया गया है। दोनो आरोपी नशा के आदी है नशा की पूर्ती के लिए आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# लायंस क्लब सोहना 26 को करेगा 35 कन्याओं का सामूहिक विवाह


भिवानी से सांसद चौधरी धर्मबीर को निमंत्रण पत्र देते सोहना लायंस क्लब टाउन के पदाधिकारी।

### प्रवक्ता ने कहा, क्लब ने पूर्व में 25 बार कन्याओं के सामूहिक विवाह कराए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

लायंस क्लब सोहना टाउन 26 फरवरी को 35 कन्याओं का सामूहिक विवाह करेगा। जिसमें 5 कन्याओं मुस्लिम समुदाय का निकाह कराया जाएगा। इस सामूहिक विवाह समारोह में भिवानी से सांसद व सोहना के पूर्व विधायक चौधरी **धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे।**

लायंस क्लब सोहना टाउन के प्रेस प्रवक्ता लायन सुरेश कुमार मदान ने बताया कि 26 फरवरी को उनका क्लब 35 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराएगा। इससे पहले क्लब ने 25 बार कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया है। वर्ष 2018 में सबसे ज्यादा 39 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया था। प्रवक्ता ने बताया कि 2010 से 2014 तक सोहना के विधायक तथा वर्तमान में भिवानी से भाजपा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे। जिन्हें क्लब द्वारा रविवार को उनके निवास भिवानी में जाकर निमंत्रण पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा नव दंपतियों को उपहार स्वरूप दान दाताओं के सहयोग से गृहस्थ जीवन के दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएं दी जाती हैं। जिसमें रसोई में उपयोग होने वाली बर्तन तक शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि सभी दूल्हों की सामूहिक रूप से बारात की बाजार में एक साथ चढ़त कराते हुए धार्मिक रीति रिवाजों को निभाया जाएगा।

# परमेश्वर जाति-धर्म से नहीं, शांति के पथ से प्राप्त होता है: सुदेश

### कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गुरुग्राम सेक्टर-4 से बहन सुदेश रही

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।


ओमशांति संस्था के महाशिवरात्रि मनाने के दौरान भगवान शिव के नृत्य की प्रस्तुति देती युवती।

शहर की ओम शांति संस्था ने महाशिवरात्रि का पर्व मनाते हुए परमात्मा एक होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पहुंचे अलग-अलग धर्मो के अनुयाइयों ने जीवन को आपसी भाईचारा और शांति से जीने का संदेश दिया। शहर की ओमशांति संस्था ने शहर के निजी स्कूल प्रांगण में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गुरुग्राम सेक्टर-4 से बहन सुदेश थी। इसके अलावा अलग-अलग धर्मों से जुड़े अनुयाइयों को भी बुलाया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुदेश ने बताया कि मनुष्य अलग-अलग धर्म व जातियों को बनाकर जुड़ गया है। लेकिन परमपिता परमेश्वर ने न किसी को जाति व न ही धर्म दिया है। यह सब मानव के जीवन को विचलित है। परमपिता ने सभी को सामुहिक व अमनचैन से रहने को भेजा है। अलग-अलग धर्मों से आए अनुयायिओं ने भी अपने संबोधन में धर्म ग्रहन्थों के उपदेशों से बोध कराते हुए जीवन को शांति के पथ पर चलने को कहा है।

किसी भी धार्मिक ग्रंथ में हिंसा को महत्व नहीं दिया है। न ही मानव को मानव से घृणा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को मुस्लिम धर्म में नूर तथा क्रिश्चयन धर्म में गॉड के नाम से पुकारा जाता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने भगवान शिव पर आधारित नृत्य तथा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। केंडल लाइटिंग के माध्यम से जीवन को प्रकाशित बनाने का संदेश दिया।

## रहबर-ए-मेवात संगठन की नूंह में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न



नूंह। नूंह में रहबर ए मेवात संगठन की मुनाहिद इंजीनियर जलालपुरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें संगठन का विस्तार करने के साथ-साथ संगठन ने कुछ मुद्दों पर काम करने का निर्णय लिया। इनमें जो भी मुद्दे हैं वो हैं मेवात के हर गांव मे नशा मुक्ति व शिक्षा कमेटी का गठन करेंगे और घर-घर जाकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करेंगे, नशा को खत्म करने पर भी जोर दिया जाऐगा। इस अवसर पर मास्टर सद्दाम हुसैन भीमसीका, मुरशलीन मलाई, मास्टर अलताफ हुसैन भीमसीका, डॉ सालीम हुसैन, हाजी इकबाल, मोहम्मद अबूजर, मुनफेद आदि मौजूद रहे।

# नेपाल के बाद अब कनाडा में शुरू हुआ सेल्फी विद डॉटर अभियान

### बेटियों को बचाने के लिए आगे आए कनाडा वासी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सेल्फी विद डॉटर अभियान में वर्चुअली संवाद के दौरान अपनी बात रखते विदेशी प्रतिनिधि।

बेटियों के साथ सेल्फी लेकर उन्हें सम्मान देने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई अपील का असर अब विदेशों में भी दिखाई दे रहा है। नेपाल के बाद अब कनाडा में भी सेल्फी विद डॉटर अभियान शुरू हो गया।

बीबीपुर गांव से सुनील जागलान द्वारा 9 जून 2015 से शुरू हुआ अभियान हर वर्ष नए आयाम बना रहा है। सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के संस्थापक सुनील जागलान की अध्यक्षता में भारतीय समय के अनुसार रविवार को सुबह 7:30 बजे यह वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कनाडा व भारत के कई प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में कनाडा की कलाकार वैंडी वॉकर ने अपने गीत सेल्फी विद डॉटर का आगाज कनाडा में किया गया। वैंडी ने प्योंगचांग 2018 शीतकालीन ओलंपिक में प्रदर्शन किया है। वैंडी ने सेल्फी विद डॉटर से जुड़ने का कारण इसका लड़कियों के प्रति अगाध प्रेम को बताया। वेलनेस कोच सोनिया फंक ने कहा कि इस अभियान से लड़कियों के चेहरे पर मुस्कान आती है, जोकि मानसिक रूप से स्वस्थ होने का बहुत बड़ा कारण है। कनाडा के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर एवं क्वीन एलिजाबेथ प्लेटिनम जुबली मेडल पा चुके सत्या दास ने सेल्फी विद डॉटर अभियान को बहुत प्रभावशाली बताया है। अल्बर्टा से विधायक एवं पूर्व सांस्कृतिक, बहु सांस्कृतिक एवं महिलाओं की स्थिती मंत्रालय की मंत्री लीला शेरॉन ने कहा कि हमने सुनील जागलान के अभियान से भारत में बहुत बदलाव देखने को मिला है, जिसे सरकार ने योजनाओं बनाकर भी लागू किया है।

सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के कनाडा के इस अभियान के पार्टनर बने वी फॉर यू रेडियो के संस्थापक व सहसंस्थापक वंदना व अनुपम ने बताया कि सेल्फी विद डॉटर अभियान का अभी से बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है।

# गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक मंडल के प्रचार अमले की होगी कार्यशाला : बिजेंद्र कुमार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा के गुरुग्राम, रोहतक व फरीदाबाद मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले जिलों में विभाग की भजन पार्टियों तथा खण्ड प्रचार कार्यकर्ताओं की चार दिवसीय कार्यशाला सोमवार को गुरुग्राम के सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल में शुरू हो रही है। डीसी निशांत कुमार यादव सुबह 10 बजे इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे।

डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने इस चार दिवसीय कार्यशाला की रूप रेखा की जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम में सोमवार 20 फरवरी से शुरू हो रही यह कार्यशाला 23 फरवरी तक चलेगी। कार्यशाला में गुरुग्राम, रोहतक व फरीदाबाद मंडल के अंतर्गत पड़ने वाले जिलों में विभाग की भजन पार्टियां तथा खण्ड प्रचार कार्यकर्ता, प्रदेशवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निरंतर जनकल्याणकारी योजनाओं व पारदर्शी सिस्टम का निर्माण कर रही हरियाणा सरकार की नीतियों व उपलब्धियों पर प्रचार गीत तैयार करेंगी। कार्यशाला में तैयार होने वाले श्रेष्ट प्रचार गीतों के माध्यम से विभाग की भजन पार्टी के कलाकार आमजन के बीच जाकर सरकार की नीतियों व उनके उत्थान के लिए शुरू की गई योजनाओं के बारे में जागरुकता लाएंगे। डीआईपीआरओ ने कहा कि भले ही आज लोगों के पास सूचना प्राप्त करने के लिए टीवी, रेडियो व मोबाइल जैसे बड़े संसाधन हैं, लेकिन हरियाणवी संस्कृति में लोकगीतों की तर्ज पर भजन पार्टियों व खंड प्रचार कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाने वाला प्रचार सबसे प्रखर है।

# पुलिस ने रैन बसेरे में रहकर घरों से चोरियां करने का आरोपी दबोचा

### युवक पर 2210 रुपये की नकदी और मोबाइल की चोरी करने का है आरोप

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**शहर** के वार्ड-20 की बांध कॉलोनी में दीवार कूदकर घर में घुसा युवक नकदी और मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। घर में मौजूद बच्चे चोरी करने आया युवक से डर कर घर में ही छुपकर बैठ गए। पीड़िता के बच्चों ने आरोपी की पहचान करने का दावा किया है।

वार्ड-20 की बांध कॉलोनी में रहने वाली बबीता ने शहर थाना पुलिस को बताया कि वह 16 फरवरी की रात करीब 8 बजे अपने पति के साथ बाजार में जरुरी सामान खरीदने के लिए गए थे। उस समय अपनी तीन बेटियों को घर पर ही छोड़कर चले गए थे। उनके जाने के बाद साथ वाले मकान की दीवार को कूदकर युवक अंदर घुस आया। जिसने पहली मंजिल पर रखी लोहे की अलमारी का ताला तोड़ा। उसमें से 2210 रुपये की नकदी और वहीं पर रखा मोबाइल फोन को चोरी कर लिए। जिस समय अलमारी का ताला तोड़ने की आवाज उसकी बेटियों ने सुनी। वह युवक से डरकर दूसरे कमरे छुप गई। आरोपी की पहचान बिमलेश के रूप में हुई है। पीड़िता ने बताया कि बिमलेश कुछ माह पहले उनके ही पड़ोस के मकान में किराए पर रहता था। वह अपराधिक प्रवृति का है।

**पुलिस की नाक के नीचे रहकर किए अपराध:**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी बिमलेश शहर पुलिस चौकी के सामने बनी मुरारी लाल धर्मशाला में नगर परिषद द्वारा बनाए रैन बसेरा में पिछले कई माह से रह रहा है। आरोपी रात के समय सुनसान मकान में घुसकर चोरियों को अंजाम देता रहा है।

**नामजद** चोरी के आरोपी को शुक्रवार की रात गश्त के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। जिसे शनिवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

**राजबीर**
**( सिटी चौकी प्रभारी )**

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 20 फरवरी, 2023



# मेला : रशियन लकड़ी के मात्र आठ से दस पर्स ही बिके

### शिल्पकार ने नहीं हारी हिम्मत, बोले अगली बार फिर मेले में आएंगे

**कविता।** फरीदाबाद


लकड़ी के पर्स के दाम पूछते हुए युवक

**तीन** से 19 फरवरी तक चले सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में पहली बार मध्यप्रदेश से लकड़ी के पर्स लेकर आए दिलीप अब तक मात्र आठ से दस पर्स ही बेच पाए हैं। जबकि वह यह पर्स रशिया से मंगवाई गई लकड़ी से बनाए गए हैं। एक माह में वह लकड़ी के 200 पर्स बनते हैं। एक पर्स बनाने की लागत करीब 350 रुपये आती है। इसके अलावा उस पर हाथ से डिजाइन बनाया जाता है। जिसके चलते वह हैंड पर्स 500 रुपये और सीलिंग बैग वह 850 रुपये का बेच रहे हैं।

**पहली बार आए:** मध्यप्रदेश निवासी दिलीप ने बताया कि वह पहली बार मेले में आए हैं। वह यहां रशिया से मंगवाई गई विशेष प्रकार की लकड़ी के पर्स लेकर आए हैं। नाबार्ड की तरफ से उन्हें मेले में स्टॉल उपलब्ध करवाई गई है। लेकिन फिलहाल यहां जो अरमान लेकर आए थे, वह सब धरे रह गए। उन्होंने कहा कि तीन से 19 फरवरी तक चले इस मेले में उनके केवल आठ से 10 पर्स ही बिके हैं। ऐसे में बिक्री न के बराबर ही हुई है।

**तीन साल से व्यवसाय:** दिलीप ने बताया कि उनके बड़े भाई अनूप जगधारी रशिया से लकड़ी के पर्स बनाने की ट्रेनिंग लेकर आए थे। तीन साल पहले उन्होंने इस व्यवसाय को शुरू किया। लेकिन पर्स को कवर करने के लिए लकड़ी को लचीला बनाने तक का काम मशीन द्वारा किया जाता है। जिसके बाद यह बेहतरीन पर्स तैयार किए जाते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी मेले में आने वाले पर्यटकों को यह पर्स मंहगा लगा रहा है। जो भी व्यक्ति इन पर्सों को देखता है, इनकी तरफ खींचा चला आता है। लेकिन उन्हें यहां दाम मंहगे लग रहे हैं, यह कहकर लौट जाते हैं।

**सब जगह होती है बिक्री:** दिलीप ने बताया कि यहां मेले में बिक्री न के बराबर है। लेकिन इससे पहले वह जहां भी पर्स लेकर गए हैं, वहां खूब बिक्री हुई है। उन्होंने बताया कि सूरजकुंड से सटे दिल्ली में भी उन्होंने खूब पर्स बेचे हैं। वहीं उन्होंने भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रांची, कोलकता समेत कई बड़े शहरों में पर्स बेचे हैं। लेकिन इस बार मेले में उनके केवल आठ से दस पर्स ही बिके हैं। लेकिन वह उम्मीद नहीं छोड़ेंगे अगली बार भी मेले में हिस्सा लेंगे।

## तीसरे दिन भी कोरोना का एक मामला आया सामने

**फरीदाबाद।** जिले में पिछले तीन दिनों से कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। रविवार को भी कोरोना का एक नया मामला सामने आया है। जिसे फिलहाल होम आईसोलेशन में रखा गया है। कोरोना के कार्यकारी नोडल अधिकारी डॉ. सुशील कुमार अहलावत ने बताया कि कोरोना का नया मामला फिलहाल सेक्टर-30 से सामने आया है। जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसे होम आईसोलेशन में रखा गया है। फिलहाल उसके सम्पर्क में आने वाले सभी सदस्यों के सैम्पल लेने का कार्य किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि जिले में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों के लगातार सैम्पल लिए जा रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवरात्रि के दूसरे दिन कांवड़ियों ने किया भंडारा


दुर्गा मंदिर के सामने भण्डारा का वितरण करते युवा

**फरीदाबाद।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर महाशिवरात्रि के पावन पर पर जल चढ़ने वाले कांवड़ियों ने दूसरे दिन 60 फुट रोड दुर्गा मंदिर के सामने भण्डारे का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ता राहुल बाबा, कृष्णा पटेल, जीतू भोले, बिट्टू भोले, हेमन्त भोले, कृष्ण भोले, भूषण, दिनेश, अभय शर्मा, कालू भोले आदि ने बताया कि हवन करने के पश्चात जल का बाबा भोले पर अभिषेक किया और दूसरे दिन भण्डारे का आयोजन किया गया है। इस भण्डारे में कपड़ा कालोनी, डबुआ कालोनी, जवाहर कालोनी के लोगों ने शिरकत कर भण्डारा ग्रहण किया।

### पूर्व सांसद अशोक तंवर ने किया कार्यालय का उद्घाटन



**बल्लभगढ।** बल्लभगढ़ विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद डॉक्टर अशोक तंवर ने किया। आप नेता रविंद्र फौजदार द्वारा खोले गए कार्यालय में अशोक तंवर ने कहा कि आने वाला समय आम आदमी पार्टी का होगा और भाजपा और अन्य पार्टियों का झाड़ू लगाकर आप सूपड़ा साफ कर देंगे। आज प्रदेश में व्यवस्था बिगड़ी पड़ी है और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और आज आम आदमी हरियाणा प्रदेश में बहुत परेशानी झेल रहा है और बेरोजगारी इस कदर बड़े स्तर पर है कि पहले ऐसा माहौल कभी देखने को नहीं मिला। रविंद्र फौजदार एक समझदार और संघर्षशील युवा हैं युवाओं को विधानसभा में मौका मिलेगा तो हरियाणा की बिगड़ी हुई दशा सुधर पाएगी और प्रदेश में खुशहाली का माहौल बनेगा। मलेरना रोड बल्लभगढ़ स्थित कार्यालय के उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों ने शामिल होकर युवा नेता रविंद्र फौजदार को बधाइयां देकर पूरा सहयोग और समर्थन देने का वादा किया। लोगों के उत्साह और खुशी के माहौल को देखकर स्पष्ट लग रहा है कि बदलाव की बयार तेजी से चल रही है। इस अवसर पर सबरजीत सिंह फौजदार, आप के वरिष्ठ नेता आभास चंदीला, धर्मवीर भड़ाना ,सौरभ राघव, सुबोध शर्मा, तिलक राज कौशिक, याकूब खान, ओमप्रकाश पांचाल, सुनीत शर्मा, सिकंदर, वरिष्ठ समाजसेवी विपिन गुप्ता, सेक्टर 22 सेक्टर 23 और ऊंचा गांव के अलावा विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों कार्यालय उद्घाटन समारोह में शामिल हुए और अपना समर्थन व प्यार देकर रविंद्र फौजदार जिंदाबाद के नारे लगाते हुए हौसला बढ़ाया। रविंद्र फौजदार ने सभी का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया।

### केएलजे सोसाइटी निवासियों की समस्या सुनने पहुंचे विधायक



**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर केएलजे सोसाइटी सेक्टर 77 के निवासियों से मिलने पहुंचे। लोगों ने उन्हें बताया कि बिल्डर अपने किए हुए वादों को ही पूरा नहीं कर रहा है और निरंतर मेंटेनेंस चार्ज बढ़ाकर उनपर आर्थिक दबाव भी बना रहा है। इसके साथ ही पानी की बर्बादी को रोके जाने, लिफ्ट की समस्या का स्थाई समाधान किए जाने, सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने आदि प्रमुख समस्याओं को रखा। इस पर विधायक राजेश नागर ने केएलजे सोसाइटी के सीईओ सुनील एंडेली को फोन कर लोगों को पेश आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द निदान दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी सोसाइटी में रहने वालों को मूलभूत सुविधाएं देने की आप अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। विधायक ने कहा कि आपने लोगों से जो वादे किए थे, उन वादों को पूरा करिए जिससे शासन प्रशासन द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई की आवश्यकता न पड़े। बिल्डर हो या कोई अन्य व्यक्ति, उसने अपना सामान बेचने के दौरान जो वादे किए हैं, उसे उन्हें पूरा करना ही होगा। उन्होंने कहा कि हम जनता के साथ किसी प्रकार के भेदभाव को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। बिल्डर प्रतिनिधि ने विधायक राजेश नागर को वादा किया कि वह शनिवार को मौके पर आकर आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से बात कर सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निदान करेंगे। इस अवसर पर केएलजे सोसाइटी के ए, बी, सी, डी, ई और जी ब्लॉक आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों चौधरी जयपाल कामरेड, नरवीर यादव, राहुल दूबे, डीके सिंह, अजय मिगलानी, विजय, रकनुद्दीन मिर्जा, विजय कुमार दूबे, शैलेश झा, अनुज भारद्वाज, अजय मिगलानी, रवि कुमार, बीके सिंह, विवेक कुमार सहित बड़ी संख्या में निवासी भी मौजूद रहे।

# हुनर हाट योजना से 17 लाख रोजगार पैदा करने की कार्ययोजनाः बंडारू दत्तात्रेय

### हरियाणवी नागरिकों ने विदेशियों को गुड बाय कहा बदले में विदेशियों ने राम-राम से दिया जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले के समापन समारोह में शामिल हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश की राजधानी के नजदीक अरावली की पहाड़ियों के बीच सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला पूरी दुनिया के लिए पर्यटन का बड़ा केंद्र बन चुका है। यह दुनिया भर के शिल्पकारों, बुनकरों व कलाकारों को अपनी कला दिखाने का मौका देता है। राज्यपाल रविवार को सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले के समापन समारोह में बोल रहे थे। इसके अलावा उन्होंने मेले का भ्रमण किया। हरियाणा अपना घर में पहुंचने पर पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया। वहीं मुख्य चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा। उन्होंने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए मेले को व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने पर हरियाणा सरकार व मेला आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि हर रोज लगभग एक लाख पर्यटकों का भ्रमण करवाना बेहतर प्रबंधन का परिचायक है। यह मेला देश विदेश के बुनकरों को अपने उत्पाद बिना मध्यस्तों के सीधा ग्राहको को बेचने का अवसर देता है।

राज्यपाल ने कहा कि इस बार शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से सम्बन्धित देशों ने मेले में पार्टनर नेशन के रूप में भागीदारी की। हमारे लिए गौरव की बात है कि जी-20 की बैठक में भाग लेने वाले विदेशी मेहमानों ने भी इस मेले के माहौल की प्रशंसा की। इस बार भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र ने छत्तीसवें (36वें) सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2023 के लिए थीम स्टेट के तौर पर भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्थानीय कला, संस्कृति, भाषा और शिल्प को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। इतना ही नहीं देश में शिल्पकला, हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 11 हजार करोड़ रूपए से भी अधिक राशि का प्रावधान किया गया है। इतना ही नहीं केन्द्र की मुद्रा बुनकर लाभार्थी योजना के तहत एक हजार करोड़ रुपए के ऋण देकर लगभग 2 करोड़ 65 लाख बुनकरों को जोड़ा गया है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को शिल्पकारों के लाभ के लिए हरियाणा में 'हुनर हाट' योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके तहत शिल्पियों व कलाकारों में हुनर का विकास करके 17 लाख रोजगार पैदा करने की कार्य योजना है। इस मौके पर मिजोरम के राज्यपाल डॉ हरि बाबू कंभमपति, केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी, हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल, केंद्रीय बिजली और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, बडखल की विधायक सीमा त्रिखा, मुख्य सचिव संजीव कौशल,हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन डॉ अरविंद यादव, सचिव, पर्यटन मंत्रालय अरविन्द सिंह, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त विक्रम सिंह, पर्यटन विभाग हरियाणा के एमडी नीरज कुमार, सिन्हा के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**गुडबॉय और राम-रामः** आजादी अमृत महोत्सव में बीती 3 फरवरी से चल रहे 36 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला रविवार को समापन हो गया। विशेषकर संघाई सहयोग संगठन के देशों और पार्टनर स्टेट नार्थ ईस्ट राज्यों के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार व शिल्पकार विदाई के समय शिष्टाचार के नाते एक दूसरे की संस्कृति में रंगे नजर आए।

## 200 करोड़ के भ्रष्टाचार के मामले में आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

### रिश्वत लेकर टैक्स चोरी करने वाले ट्रांसपोर्टरों को पहुंचाता था फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पंचकुला** में आबकारी एवं कराधान विभाग में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर तैनात आईआरएस अधिकारी धीरज गर्ग को एंटी करप्शन ब्यूरो, फरीदाबाद की टीम ने बीती रात गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने आरोपी को पलवल की अदालत में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपी धीरज गर्ग ने रिश्वत के पैसों से करोड़ों रुपये की सम्पति खड़ी की हुई थी। आरोपी अपने चेहते अधिकारियों को लाभ वाले पदों पर तैनात करने के बदले में मोटी रकम लेता था। वहीं टैक्स की चोरी करने वाले ट्रांसपोर्टरों को फायदा पहुंचाने के लिए हर महीने मोटी रकम लेता था। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा था। अभी तक हुई जांच में करीब 200 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इस मामले की जांच पूर्व सीबीआई अधिकारी एवं वर्तमान में एंटी करप्शन ब्यूरों में डीएसपी के पद पर तैनात राणास्वामी पार्थ सारथी कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक आवकारी एवं कराधान विभाग के उपायुक्त हनीश गुप्ता ने सितंबर 2022 में पलवल के गदपुरी थाने में शिकायत देकर कहा था कि उनके कार्यालय में कार्यरत एईटीओ हरीश बत्ता इंस्पेक्टर जितेंद्र जून, चालक रोशताश और चपरासी रवि कुमार सरकारी ड्यूटी के दौरान लगातार अपने पद का दुरूपयोग कर रहे हैं।

यह लोग पद का दुरूपयोग करते हुए अपने फायदे के लिए दलालों के माध्यम से गाड़ियों की गलत तरीके से एंट्री करवा रहे हैं। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। 20 जुलाई 2021 को इन अधिकारी और कर्मचारियों ने हाइवे पर बघौला गांव के पास वाहनों की जांच के दौरान यूपी की गाड़ी को रोका और कांटा करवाने लगे। उसी दिन एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमे चालक ने अपने मोबाइल से एक व्यक्ति की बात इंस्पेक्टर जितेंद्र जून से करवाई। ऐसे ही कई मामलों की जांच के दौरान आईआरएस अधिकरी धीरज गर्ग को गिरफ्तार किया गया है। ब्यूरो मामले की गहनता के साथ जांच कर रही है।

## घर में चोरी करने घुसे युवक की रहस्यमय परिस्थिति में मौत, हत्या की आशंका

### हादसा और हत्या के एंगल से पुलिस जांच कर रही है।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद की गड्ढा कालोनी में स्थित एक मकान में बीती रात चोरी की नीयत से दो युवक घुस आए। तभी नजर पड़ने पर लोगों ने शोर मचा दिया। जिससे दोनों हड़बड़ाहट में भागने लगे। इनमें से एक युवक तो भागने में कामयाब हो गया। लेकिन दूसरे युवक की रहस्यमय हालत में चोट लगने से मौत हो गई। मारपीट किये जाने की आशंका के कारण पुलिस हत्या के एंगल से भी जांच कर रही है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक गड्ढा कालोनी की राजस्थान वाली गली में मूलरूप से राजस्थान निवासी बत्तीलाल का परिवार रहता है। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। जिसके कारण वह परिवार के साथ सप्ताह से गांव गए हुए हैं। बीती रात उनके घर में दो युवक चोरी की ताला तोड़ कर चोरी की नीयत से घुस आए। दोनों घर में रखी अलमारी को तोड़ ही रहे थे कि आवाज सुनकर आसपास के लोगों की नींद खुल गई। लोग बाहर निकले तो बत्तीलाल के घर का ताला टूटा देख उन्होंने शोर मचा दिया। जिससे दोनों युवक घर से निकल कर भागने लगे। भागते समय एक युवक नाले में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि दूसरा भागने में कामयाब हो गया। लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव पहचान एवं पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल में रखवा दिया है। थाना खेड़ीपुल प्रभारी सुभाष का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है। मामले की जांच की जा रही है।

## यूएई के मथाफी को विदेशी राष्ट्र अवॉर्ड और शशिधरण को कलारत्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


राज्यपाल से आवार्ड पाते हस्तशिल्पी

**36** वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्त शिल्प मेले के समापन समारोह में महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यूएई के मथाफी को मिस्लेनियस कला में विदेशी राष्ट्र अवॉर्ड प्रदान किया, जबकि उज्बेकिस्तान के मौहम्मद जोनोव मुमिनजोन को सेरामिक कला में तथा अफगानिस्तान के तैमूर जदा को कारपेट कला में अवॉर्ड प्रदान किया।

इसी प्रकार जरी कला में आंध्रपदेश के पुत्ताराजा को परंपरागत तथा लकड़ी की नक्काशी में केरल के शशिधरण पी.ए. को कलारत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया। उन्होंने आठ कला शिल्पकारों को कलाश्री अवॉर्ड भी प्रदान किए, जिनमें यूपी के मौहम्मद सलीम, दिल्ली के अनवर अली, छत्तीरगढ के मनीराम और राजेश देवांगन, मध्यप्रदेश की शारदा बाई, आंध्रप्रदेश के विनोद, यूपी के मौहम्मद कलीम तथा नागालैंड के इमलीरेनला जमीर के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार आठ महान विभूतियों को कला निधि अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया, जिनमें दिल्ली के मौहम्मद मतलूब, पश्चिम बंगाल के आशीष मालेकर, गुजरात के देवजी प्रेमजी वनकर, उडीसा के महेश्वर परीदा, यूपी के सलमान, तमिलनाडू के केशवान, हिमाचल प्रदेश के नितिन राणा तथा राजस्थान के गोपाल प्रसाद शामिल रहे। महामहिम राज्यपाल ने तेलांगना के बुचिरामुलु कोलानू, कर्नाटक के कुमरान, तेलांगना के पीतारामलू, यूपी के शादि जुनैद, अरूणाचल प्रदेश के नादिरलिंग और जॉन पेलिंग, तेलांगना के वेणू गोपाल तथा त्रिपुरा के बादल देवनाथा को कलामणि अवॉर्ड से सम्मानित किया।

## सामाजिक मुद्दों पर बैठक और प्रदर्शन किया

**फरीदाबाद।** सेक्टर-24 स्थित चंद्रिका प्रसाद सामुदायिक भवन में आजाद नगर संघर्ष समिति (फरीदाबाद) के सदस्यों ने बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले अब तक कुछ कोई कार्रवाई न होने पर एक बैठक का आयोजन किया। बैठक कॉमरेड आरएन सिंह की अध्यक्षता एवं साथी संजय मौर्या के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में 12 फरवरी को पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन देने के कार्यक्रम की संक्षिप्त में समीक्षा भी की गई। बैठक के समापन के बाद आजाद नगर बस्ती के सार्वजनिक शौचालय की जर्जर हालत का भी मुआयना आजाद नगर संघर्ष समिति के द्वारा किया गया। वहां की हालत देखकर लोगों ने हंगामा किया और निर्णय लिया कि वह सीपी को सोमवार को मिलेंगे। जिसमें समिति में सभी संगठनों के एक-एक साथी शामिल रहेंगे।

# कचरा घर बनाने के विरोध में पाली में महापंचायत

### जीपीआईएल कंपनी पर हरियाणा का खतरनाक वेस्ट यहां पर डंप करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


महापंचायत में शामिल 25 गांवों के लोग और आप के नेता धर्मवीर भड़ाना

**पाली** गांव के बारात घर में हुई महापंचायत में 25 गांवों से आये लोगो ने शिरकत की। जिनमे पाली, पाखल, मोहब्ताबाद, नयागांव, गोठड़ा, बास, खेड़ी, नेकपुर, सिलाखरी, धौज, आलमपुर, सिरोही, कोट, नंगला, भांकरी, नवादा, डबुआ, अचीवर्स, सैनिक, बड़खल, अनंगपुर, अनखीर, मांगर, डेरा, मुजेसर, सारन, एनआईटी, डीएवी आईएम कालेज, गाजीपुर, फतेहपुर गांव के लोगों के अलावा आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने प्रमुखता से हिस्सा लिया। सभी लोगो ने एकमत से पाली में जीपीआईएल कंपनी में एमसीएफ द्वारा शहर का कूड़ा डाले जाने का विरोध किया। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर 30 लोगो की कमेटी बनायी है। जो कचरे घर के विरोध में आगे की रूप रेखा तय करेगी।

सभी ने कहा एमसीएफ भ्रष्टाचार का घर है। हमे एमसीएफ की कही किसी भी बात का कोई भरोसा नहीं है। एमसीएफ अपना कोई भी काम ईमानदारी से नही करती। कभी सोतई, पाली बंधवाडी, सिही में कचराघर बनाने की प्रक्रिया रचता है पर छटाई नहीं करते बल्कि छटाई का पैसा खा जाते हैं। सरकार और नगर निगम का उद्देश्य निस्तारन करना नहीं पैसा कमाना है और कानून और जनता को बेवकूफ बनाना है। नगर निगम फरीदाबाद की गिनती दुनिया के सबसे भ्रष्ट प्रशासनिक विभागो में होती है।

एमसीएफ 2000 करोड़ उधार लेती है और फिर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए रिकॉर्ड्स में आग लगवा देती है। फरीदाबाद प्रशासन समस्त निवासियों को मूर्ख समझता है। बूचड़खाना पाली गांव में खोलने की बात होती है, जीईपीआईएल कंपनी द्वारा लाया गया पूरे हरियाणा का खतरनाक वेस्ट पाली गांव में डाला गया है। 200 एकड़ का कूड़ा घर बनाने का प्रोविज़न पाली गांव की जमीन पर किया जाता है। सरकार हमें मूर्ख समझना बंद करे। नगर निगम और प्रशासन कूड़े का निस्तारन वार्ड स्तर पर करवाए। हमारी अरावली के ज़हन में ज़हर घोलने का अगर सोचा भी तो इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। सरकार और प्रशासन हमे आंदोलन के लिए मजबूर ना करें। अरावली की तलहटी में बसे गुर्जरो से पंगा लेने की सोची भी तो सरकार और नगर निगम याद रखे हरियाणा और राजस्थान में सरकार गुर्जरों ने बनाई है गिराने की ताकत भी है।

इस मौके पर अतर सिंह पूर्व सरपंच, अतर सिंह मेयर बाखड़ी, रघुवर सरपंच पाली गांव, जितेंद्र भड़ाना सेव अरावली ट्रस्ट, हरेंद्र भड़ाना पार्षद, नागेंद्र भड़ाना, नीरज शर्मा कांग्रेस विधायक, पप्पू सरपंच मोहबताबाद, जस्सी मोहबताबाद, वेदपाल पाखल गांव, अनिल लोहिया खेड़ी गुजरान, रणवीर सरपंच खेड़ी गुजरान, धर्मवीर भड़ाना आम आदमी पार्टी, रिच्छी सरपंच मागर केसर सरपंच कोट गांव, वीरू सरपंच पावटा, खेमचंद पावटा, कन्हैयालाल पाखल भागेंद्र भड़ाना एडवोकेट, कैलाश बिधूड़ी अनखीर, विक्रम फागना भाकड़ी रंजीत रिटायर्ड इंजीनियर, पंकज ग्रोवर रियल टेलीकास्ट श्यामवीर भढ़ाना पाली, ओम भड़ाना, विपिन गुलाटी, ललित भडाना कांग्रेस से मौजूद रहे।

## अपराधियों की तरह भ्रष्टाचारियों की संपत्ति नष्ट करे सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**विधायक** नीरज शर्मा ने बताया की मई 2022 में मामला मेरे सज्ञांन में आया था कि मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने टैक्स चौरी के मामले में ट्रांसपोर्टरों के करीब 50 ट्रकों को पकड़ा था। लेकिन अधिकारियों से मिलीभगत करके ट्रकों को छोड दिया गया था।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया की मई 2022 में उनके द्वारा तत्कालीन ईटीसी शेखर विद्यार्थी से लिखित शिकायत की थी और उनके आदेश पर इस मामले पर स्पेशल कमेटी का गठन किया गया था और उसके बाद जब जांच हुई, लेकिन उसके बाद भी रैकेट बाद रैकेट करने में कामयाब हो गए लेकिन प्रभु के यहां देर है अंधेर नहीं। जांच में अभी तो 48 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति मिली है। जोकि रिश्वत से कमाई गई है ओर यह तो सिर्फ वह संपत्ति है जो रजिस्टर्ड है इसके इलावा कई सौ करोड़ की संपत्ति होगी जिसका अभी पता नहीं चला है। मामला कई हजार करोड़ का है क्योंकि यह पैसा तो वह है जो रिश्वत से कमाए गए लेकिन इसी रिश्वत लेने के कारण जो सरकार को राजस्व की हानि हुई है वह कई हजार करोड़ की है। विधायक नीरज शर्मा की सरकार से मांग है कि जिस प्राकर नशे के करोबार में सलिप्ंत व्यक्तिओं की सम्पति पर बुलडोजर चलाया जा रहा है उसी प्रकार ऐसे गलत व्यक्तियों की सम्पतिं पर बुलडोजर चलाए सरकार। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि यह मामला कई राज्यों से जुडा है इसलिए इस मामले को सरकार तुंरत प्रभाव से सीबीआई/ईडी को सौपे ताकि पता चले सरकार के कितने राजस्व का नुकसान हुआ है।

## कम्पनी में हुई चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने बालाजी इंजीनियर कम्पनी में चोरी करने वाले गार्ड सहित 3 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मोहसिन, पवन और राहुल का नाम शामिल है। गिरफ्तार तीनों आरोपी नंगला एनक्लेव पार्ट 2 का रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 9,000 रुपये नगद बरामद किए गए है। लोहे के सरिया आरोपी मोहसिन से तथा वारदात में प्रयोग कैन्टर बरामद करने के लिए आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी मोहसिन और पूर्व में गिरफ्तार आरोपी साहिल ई-रिक्शा फैक्ट्री बालाजी इंजीनियर में पिछले 2-3 महिने से गार्ड की नौकरी करता है। आरोपी ने अपने साथी गार्ड के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

# निक्की हेली
## भारतीय मूल पर गर्व

**अपनी** जड़ों को याद रखने वाली निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी से अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने का प्रयास कर रही हैं। उनका राष्ट्रपति बनना अमेरिका, भारत और दुनिया के लिए अच्छा रहेगा। रिपब्लिकन नेता निक्की हेली की राष्ट्रपति की उम्मीदवारी उनके मूल देश के साथ जुड़ाव से भी संबंधित है। राष्ट्रपति पद के लिए अभियान शुरू करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे गर्व है कि मैं भारतीय आप्रवासियों की बेटी हूं और मेरा सौभाग्य है कि वे आज यहां हैं।' यह बाबी जिंदल के दृष्टिकोण के एकदम उलट है जो हेली की तरह रिपब्लिकन हैं। वे लूसियाना के पहले भारतीय मूल के गवर्नर थे। वे भी अपनी पार्टी में उभरते सितारे हैं और निक्की की तरह वे भी रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनना चाहते हैं। वे भी निक्की की तरह ईसाई बने, लेकिन निक्की के उलट वे अपने मूल को ज्यादा पसंद नहीं करते हैं। जिंदल ने कहा था, 'मैं अमेरिकनों से जुड़ी ये सारी बातें पसंद नहीं करता हूं।' शायद वे कहना चाहते थे कि 'हम भारतीय-अमेरिकन, अफ्रीकन-अमेरिकन, आयरिश-अमेरिकन नहीं हैं', बल्कि हम केवल अमेरिकन हैं। यह उनकी विचारधारा है। लेकिन दूसरी ओर निक्की को अपने मूल पर गर्व करने में कोई समस्या नहीं है। लेकिन वे रिपब्लिकन और शब्द के अमेरिकन अर्थ में कंजरवेटिव या रूढ़िवादी हैं। हालांकि, उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति और अपने पूर्व बॉस डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती दी थी जिन्होंने उनको संयुक्त राष्ट्रसंघ में राजूदत बनाया था, लेकिन अधिकांश मुद्दों पर उनके विचार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अलग हैं। उन्होंने 6 जनवरी,



2021 को अमेरिकी कैपिटाल पर हुई अराजकता का दोषी ट्रंप को ठहराया था और कहा था कि रिपब्लिकन पार्टी को उनके बिना आगे बढ़ना चाहिए। उदारवादियों ने इस घटना को 'विद्रोह' कहा था।

हालांकि, ट्रंप के चीन-विरोधी दृष्टिकोण के अनुरूप ही हेली ने अपने प्रारंभिक भाषण में चीन की निन्दा करते हुए कहा है कि यह कम्युनिस्ट देश पूर्व सोवियत संघ की तरह 'इतिहास के कूड़ेदान' में चला जाएगा। सवाल है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति बनने पर वे भारत के लिए लाभदायक होंगी? नस्ल के कारण उनकी नीतियां बनने की संभावना नहीं है और वैसे भी विकसित देशों में संस्थायें और व्यवस्थायें इतनी मजबूत होती हैं कि कोई सरकार प्रमुख उन पर अपनी इच्छायें व सनक थोप नहीं सकता है। दूसरा, लोकतांत्रिक देशों में राजनेता चुनावी व राजनीतिक संभावनाओं के बारे में सोचते हैं और इनका निर्धारण दूसरे देशों के बजाय उनके देशों की जनता करती है। यही कारण है कि मां के भारतीय होने के बावजूद अमेरिकी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारत के हितों के प्रति कोई खास दिलचस्पी नहीं प्रदर्शित की है। इसी प्रकार ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ऐसा कुछ नहीं किया जो पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जान्सन नहीं कर सकते थे। यदि हेली राष्ट्रपति बन जाएं तो अच्छा होगा, इस कारण नहीं कि वे भारतीय हैं, बल्कि इसलिए कि वे एक रिपब्लिकन हैं। इसका कारण यह है कि डेमोक्रेटिक पार्टी पर चरम वामपंथियों का भारी प्रभाव है जो उनके अराजकतावादी 'पुलिस का फंड रोको' अभियान, विभाजनकारी उग्र नस्ली सिद्धान्त तथा लगातार जलवायु परिवर्तन नीतियों पर जोर देने से स्पष्ट है। हमें यह अवश्य याद रखना चाहिए कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल में अथक रूप से चीन के खिलाफ अभियान चलाया था और अमेरिका में चीन के खिलाफ माहौल बनाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति बनने पर निक्की हेली अमेरिका, भारत और दुनिया के लिए बहुत अच्छी रहेंगी। हालांकि, कोई अन्य रिपब्लिकन राष्ट्रपति भी इस दृष्टिकोण से अच्छा रहेगा।

# यूएई-भारत सीईपीए : उल्लेखनीय प्रगति का एक वर्ष

## पूरी गंभीरता के साथ, संयुक्त अरब अमीरात और भारत की साझेदारी यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे देश बदलते आर्थिक मानचित्र, एक लगातार बदलता परिदृश्य जिसके केंद्र में एशिया है, का लाभ उठाने में सक्षम हों।



डॉ. थानी बिन अहमद अल जायौदी (मंत्री यूएई)



पीयूष गोयल (मंत्री भारत सरकार)



**आज** से ठीक एक साल पहले, 18 फरवरी, 2022 को, संयुक्त अरब अमीरात एवं भारत ने अपने लंबे और सौहार्दपूर्ण संबंधों में एक नए रोमांचक अध्याय की शुरुआत की। उस शुक्रवार की शाम नई दिल्ली में, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति व अबू धाबी के शासक महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद और भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई-भारत व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह ऐतिहासिक समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया।

यूएई का अब तक का पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता और एमईएनए क्षेत्र के किसी देश के साथ भारत का पहला, यह समझौता एक वास्तविक उपलब्धि थी, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह आर्थिक खुलेपन और एकीकरण की ताकत में हमारे साझा विश्वास का प्रतिबिंब है। 80 प्रतिशत से अधिक उत्पाद श्रेणियों पर शुल्क को हटाने या कम करने, सेवाओं के निर्यात के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने, प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में निवेश प्रवाह को सुविधाजनक बनाने एवं एसएमई को सहयोग और विस्तार करने के लिए एक मंच प्रदान करके, हम इस अस्थिर दुनिया में अवसर के नए युग की परिकल्पना कर रहे हैं।

यूएई के लिए, सीईपीए हमारे निर्यातकों को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, एक देश जहां तेजी से उभरता मध्यम वर्ग और तेजी से विकसित होता प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम है, में निर्बाध प्रवेश प्रदान करेगा। भारत के लिए, इसने मध्य पूर्व और अफ्रीका में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक प्रवेश द्वार और उद्योगों व अन्वेषकों के फलने-फूलने के लिए एक कुशल, व्यापार-अनुकूल मंच प्रदान करने का वादा किया है। दोनों देशों के लिए, यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करेगा और दशक के अंत तक 100 अरब डॉलर सालाना के गैर-तेल व्यापार के लिए मार्ग प्रदान करेगा।

पीछे मुड़कर देखें तो यह उल्लेखनीय लगता है कि इस तरह के दूरगामी और महत्वाकांक्षी समझौते पर तीन महीने से भी कम समय में सहमति बन गई थी। हालांकि, यह समझौता कुछ महीनों में नहीं हुआ बल्कि पांच दशक से अधिक के भरोसे, सहयोग और आदान-प्रदान का परिणाम था। यह यूएई-भारत सीईपीए आर्थिक क्रांति से अधिक, दो ऐसे देशों का तर्कसंगत अगला कदम था जिनके इतिहास इतने अमिट रूप से और घनिष्ठता के साथ जुड़े हुए हैं।

हस्ताक्षर किए जाने वाले वर्ष में और इसके पूर्ण कार्यान्वयन के नौ महीनों के दौरान, सभी पैमाने संकेत देते हैं कि यह समझौता न केवल स्वागत योग्य था, बल्कि चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों में बहुत आवश्यक था। 2022 में गैर-तेल द्विपक्षीय व्यापार का मूल्य 49 अरब डॉलर तक पहुंच गया , यह 2021 की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि और 2030 के लक्ष्य की दिशा में बड़ा कदम है। भारत का यूएई को निर्यात 26 प्रतिशत बढ़ा और पुनर्निर्यात में 10 प्रतिशत की बढत रही है, जो कारोबार को बढ़ावा देने वाले एक महत्वपूर्ण देश के रूप में हमारी स्थिति को रेखांकित करता है। दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यह भी जानकारी दी कि उन्होंने 2022 में 11,000 नई भारतीय कंपनियों को पंजीकृत किया, जिससे इनकी कुल संख्या 83,000 से अधिक हो गई, जो हमारे बीच आर्थिक व सांस्कृतिक संबंधों को आगे और मजबूत करेंगी।

बेशक, सीईपीए की सफलता आंकड़ों से कहीं अधिक है। हम दोनों ने लगातार मजबूत हो रहे द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और गहरा करने के लिए एक दूसरे के देश में अपने संबंधित प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व किया है। मार्च 2022 में श्री गोयल ने एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, भारतीय निर्यातक और उद्योग जगत के प्रमुख शामिल थे, जो हमारे उद्योगों को तत्कालीन नए अनुकूल सीईपीए इकोसिस्टम के तहत अधिक से अधिक सहयोग की दिशा में प्रेरित करने के प्रयास में यूएई गए थे। अब, एक सप्ताह से थोड़ा अधिक समय पहले, महामहिम अल जायौदी ने भारत में अधिकारियों, व्यापारिक प्रमुखों और उद्यमियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसने उत्प्रेरित हो रहे ऐसे सहयोगों के महत्वपूर्ण ठोस साक्ष्य पेश किए हैं।

> हमारे संबंधों की अनुपूरक प्रकृति अभी तक अपनी वास्तविक क्षमता तक नहीं पहुंच पाई है। यदि हाल ही में, सीईपीए के बाद यूएई के द्वारा भारत में किए गए कुछ निवेशों को देखा जाए, तो स्पष्ट होता है कि हमारे सहयोग की सीमा असीमित है। कई संभावित अग्रणी पहल हैं जो विचाराधीन हैं, चाहे वह वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर हो या भारतीय राज्य गुजरात में गिफ्ट सिटी में अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के कार्यालयों की संभावित स्थापना हो।

उदाहरण के लिए, बेंगलुरु में, दुकाब ग्रुप ने एक नये क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया, जो इसे बाजार-अग्रणी केबल और धातु उत्पादों के साथ भारतीय ऊर्जा व निर्माण क्षेत्रों को बेहतर तरीके से सेवा देने में मदद करेगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में यूएई प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान, भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, रिटेल और खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं में यूएई के निजी क्षेत्र के 2.5 अरब डॉलर के निवेश की समीक्षा की गई- इन सभी में 20,000 नौकरियां प्रदान करने की क्षमता है।

ये सभी मई 2022 से शुरू की गई कई अन्य महत्वपूर्ण साझेदारियों का अनुसरण करते हैं जैसे कि गुजरात में 300 मेगावाट की हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना और भारत में टिकाऊ खाद्य पार्क जो अपशिष्ट को कम करने और पानी के संरक्षण के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग करेंगे। पिछले साल भी, डीपी वर्ल्ड ने दुबई इनक्यूबेटर सेंटर लॉन्च किया था, जो भारत के लॉजिस्टिक क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए इन्वेस्ट इंडिया और स्टार्ट-अप केरल मिशन के साथ साझेदारी में स्थापित एक प्रौद्योगिकी उत्प्रेरक मंच है।

हमारे संबंधों की अनुपूरक प्रकृति अभी तक अपनी वास्तविक क्षमता तक नहीं पहुंच पाई है। यदि हाल ही में, सीईपीए के बाद यूएई के द्वारा भारत में किए गए कुछ निवेशों को देखा जाए, तो स्पष्ट होता है कि हमारे सहयोग की सीमा असीमित है। कई संभावित अग्रणी पहल हैं जो विचाराधीन हैं, चाहे वह वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर हो या भारतीय राज्य गुजरात में गिफ्ट सिटी में अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के कार्यालयों की संभावित स्थापना हो। हम दोनों देशों के बीच असीमित संभावनाओं वाले भविष्य और दोनों देशों के लिए लाभदायक सहयोग में सिर्फ उत्साह का संचार कर रहे हैं। यह इस प्रकार का सक्रिय संयुक्त-उद्यम है जो हमारे सीईपीए की वास्तविक क्षमता को मूर्त रूप देता है- पूंजी के सभी रूपों का सम्मिश्रण- मानव, तकनीकी और वित्त- जो ऐसे समाधान विकसित और परिनियोजित करता है जो विश्व में बदलाव लाने वाले वास्तविक प्रभाव डाल सकते हैं।

आर्थिक मानचित्र का स्वरूप बदल रहा है। पूरी गंभीरता के साथ, संयुक्त अरब अमीरात और भारत की साझेदारी यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे देश बदलते आर्थिक मानचित्र- एक लगातार बदलता परिदृश्य जिसके केंद्र में एशिया है, का लाभ उठाने में सक्षम हों। आईएमएफ के अनुसार, एशिया और प्रशांत क्षेत्र इस वर्ष वैश्विक विकास का नेतृत्व करेंगे, जिसकी जीडीपी में 4.6त्न की अनुमानित वृद्धि होगी। अगले पांच वर्षों के दौरान चीन को छोड़कर दक्षिण एशियाई क्षेत्र और आसियान निर्यात व आयात दोनों में दुनिया की ग्रोथ का नेतृत्व करेंगे। एक वर्ष पहले, सकारात्मकता और संभावनाओं के भाव के साथ, यूएई और भारत इन नई वास्तविकताओं को अपनाने के लिए एक साथ आए और हमारे राष्टों को अधिक विकास और समृद्धि के मार्ग पर स्थापित किया। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यूएई-भारत सीईपीए को न केवल हमारी आर्थिक गाथाओं में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जाएगा, बल्कि सीमा पार सहयोग के लिए एक दीर्घकालिक प्रतिमान के रूप में भी देखा जाएगा।

# लाभकारी है स्कूलों में एनिमेशन का प्रयोग

> "शिक्षा को अधिक मनोरंजक और सहभागी बनाने के लिए एनिमेशन सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।"



सौरव मोंडल
(लेखक तकनीकी क्षेत्र से जुड़े हैं)

**जैसे** जैसे हम डिजिटल-फर्स्ट भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जीवन के कई पहलुओं में प्रौद्योगिकी तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। एडटेक में जबरदस्त विकास के साथ शिक्षा भी तकनीकी रूप से सबसे उन्नत क्षेत्रों में से एक रही है, खासकर पोस्ट कोविड के बाद। एआर और वीआर एडटेक टेक्नोलॉजी में सबसे आगे रहे हैं, ज्यादातर क्लासरूम और हाइब्रिड लर्निंग में, एनीमेशन के लिए धन्यवाद। यह कुछ ऐसा है जो यहां रहने वाला है, और इसके बढ़ने की भी उम्मीद है क्योंकि बच्चों को सीखने और प्रौद्योगिकी से परिचित होने में मदद करने के लिए एसटीईएम शिक्षा और विभिन्न प्रकार के अन्य इमर्सिव टूल्स पर अधिक जोर दिया गया है।

हालांकि, जब गहरी सीखने की क्षमता की बात आती है, तो वैज्ञानिक अध्ययन से पता चलता है कि सक्रिय रूप से और व्यावहारिक रूप से किसी रणनीति को क्रियान्वित करने से इसे केवल याद रखने की तुलना में लंबे समय तक स्मृति में रखने में मदद मिल सकती है। हमारे दिमाग को वस्तुओं के बीच सहसंबंधों की व्याख्या करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे समझ सरल हो जाती है। नतीजतन, नई जानकारी प्राप्त करने, संसाधित करने और बनाए रखने में दृश्य जानकारी के महत्व को अनदेखा करना असंभव है। शब्दों की तुलना में चित्र 60,000 गुना तेजी से मस्तिष्क में संसाधित होते हैं।

शिक्षा को अधिक मनोरंजक और सहभागी बनाने के लिए एनिमेशन सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। दृश्य और मौखिक संचार भी छात्र प्रतिधारण को बढ़ाता है। शिक्षा में एनीमेशन का एक महत्वपूर्ण पहलू छात्रों की दृश्य धारणा पर इसका प्रभाव है। आधुनिक छात्र आमतौर



पर अपने कम ध्यान अवधि और सामग्री को समझने के संघर्ष के कारण कक्षा से भटक जाते हैं। दूसरी ओर, संक्षिप्त एनिमेटेड वीडियो शिक्षार्थियों का ध्यान आकर्षित करते हुए केवल महत्वपूर्ण सामग्री को कवर करते हैं। परिणामस्वरूप, शिक्षार्थी संक्षिप्त दृश्य निरूपण के माध्यम से ज्ञान और कौशल प्राप्त करते हैं। एनिमेटेड ई-लर्निंग वीडियो में जटिल विषयों को सरल ग्राफिक्स में प्रस्तुत किया जाता है। इसके अतिरिक्त, यदि लोगों को कोई एनिमेटेड वीडियो दिलचस्प लगता है, तो वे इसे फिर से देखने की संभावना रखते हैं। छवियों और संगीत का उपयोग सीखने को अधिक संवादात्मक और जीवंत बनाता है। छात्र पाठ्यक्रम सामग्री के साथ बातचीत करते हैं और जल्दी से पाठ को समझते हैं। एनीमेशन के माध्यम से, जटिल अवधारणाओं को व्यक्त करने के लिए शिक्षा में आभासी वास्तविकता का उपयोग किया जाता है। एआई और वीआर मिलकर जटिल अवधारणाओं की लचीली शिक्षा प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए, वास्तविक वातावरण में वैज्ञानिक प्रयोग करना आमतौर पर बहुत खतरनाक होता है। भले ही ये परीक्षण सीखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें वास्तविक समय में पूरा होने में समय लगता है। छात्र ऐसे प्रयोग कर सकते हैं जो कक्षा में एनिमेशन के कारण असुरक्षित हो सकते हैं। आभासी वास्तविकता सेटिंग्स के लिए बनाए गए वीडियो वास्तविक अध्ययन के परिणामों को सटीक रूप से चित्रित करते हैं। एक अन्य उदाहरण छात्रों को गणितीय ज्यामितीय संरचनाओं के बारे में पढ़ाने के लिए 3डी एनिमेशन का उपयोग है। शिक्षक वास्तविक दुनिया की स्थितियों में ज्यामितीय विचारों और उनके अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करने के लिए 3डी एनिमेशन का उपयोग कर सकते हैं। इतिहास को सीखने के लिए सुखद बनाने के लिए यह कई ऐतिहासिक घटनाओं की ओर भी ध्यान आकर्षित कर सकता है।

शिक्षक एक ही एनिमेटेड वीडियो की मदद से कई बच्चों को काफी समय तक प्रशिक्षित कर सकते हैं। एनिमेशन शिक्षा में सुधार करते हैं और सीखने के बेहतर परिणाम देते हैं। थोड़ी सी कल्पना और प्रेरणा से एनिमेशन को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिल सकती है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे शिक्षा में एनिमेशन का उपयोग करने से शिक्षकों और छात्रों दोनों को मदद मिल सकती है। यह न केवल छात्रों को सीखने में मदद करता है, बल्कि यह शिक्षकों को शिक्षण रणनीतियों की एक श्रृंखला का उपयोग करने की स्वतंत्रता भी देता है। उदाहरण के लिए, वे किसी विषय के बारे में तुरंत एक एनिमेटेड फिल्म ढूंढ सकते हैं और इसे बच्चों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करने के लिए दिखा सकते हैं। कई शिक्षण पद्धतियां अत्याधुनिक शिक्षण-अधिगम उपकरणों का उपयोग करते हुए विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास पर ध्यान केंद्रित करती हैं। आभासी वास्तविकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में विकास के माध्यम से सीखने के अनुभव में भी लगातार सुधार किया जा रहा है।

## आप की बात

### भारत का अधिकार

**महज** दो दशक पूर्व भारत की गणना असहाय और अविकसित राष्ट्रों में होती थी। महा शक्तियां अपने गुरूर में फूली नहीं समाती थी। इस दिशा में हमारी पूर्ववर्ती सरकारें भी ज्यादा कुछ नहीं कर पाई लेकिन पिछले 10 सालों में पांसा पूरी तरह पलट चुका है। आज भारत ने अपने बलबूते पर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए हैं। रक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक सहित तमाम क्षेत्रों में हमारी उन्नति दुनिया का ध्यान खींच रही है। आज कई महाशक्तियां भारत के साथ खड़ा होने में गर्व का अनुभव करती है। रूस, अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और यहां तक कि चीन को भी भारत से अनेक मुद्दों पर सहयोग की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में अब भारत की संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थाई सदस्यता की दावेदारी और मजबूत हो गई है। राष्ट्रसंघ के विभिन्न प्रकोष्ठों के कई क्षेत्रों में भारत उनकी अध्यक्षता की भूमिका भी निभा चुका है। हाल ही में सामाजिक विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र आयोग के 62 वें सत्र के लिए भारत को अध्यक्ष चुना गया है। अनुभव के आधार पर भारत का दावा पुख्ता है। संयुक्त राष्ट्र संघ को शीघ्र इस मामले में पहल करना चाहिए। भारत अब दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है और उसका कद पहले के किसी समय की तुलना में बहुत बढ़ा है।

**अमृतलाल मारू,** इंदौर

### आतंकवाद पर लगाम

**बदहाल** पाकिस्तान आयएमएफऔर विदेशों के समक्ष हाथ फैलाकर प्राप्त ऋण और सहायता राशि आदि को अपनी दशा सुधारने के बजाय आतंकी ढांचे को मजबूत बनाने पर खर्च कर स्वयं के लिए बड़ी मुसीबत मोल ले रहा है क्योंकि ये आस्तिन के सांप पाकिस्तानियों को ही डसेंगे। कश्मीर में अभी तक सैकडों आतंकी मारे गए फिर भी आतंकी नाम, वेश और संगठन के नाम और रुप आदि बदल कर अपनी हरकतें पाकिस्तान के शह पर जारी रखे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकियों को आर्थिक मदद करने वाले देशों को खामियाजा भुगतना होगा। लेकिन इसके बावजूद भारत की बुरा.भला बताकर पाक अन्य देशों से भीख मांगने से बाज नहीं आ यहा। कभी ना सुधरने वाले पाक के आतंकियों को कुचलने हेतु वैश्विक सहयोग जरूरी है। यद्यपि भारत को अभी अपेक्षित वैश्विक साथ नहीं मिला है फिर भी भारत की आतंकवाद-विरोधी कार्रवाई पूरी ताकत के साथ जारी है। भारतीय राजनयिकों को आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्रसंघ का विशेष अधिवेशन बुलाने की मांग करनी चाहिए। आतंकवाद पर वैश्विक लगाम लगानी जरूरी है।

**बी एल शर्मा,** उज्जैन

### रोहिंग्या शरणार्थी

**बांग्लादेश** के कई शिविरों में जैसे तैसे गुजर बसर कर रहे रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए और बुरे दिन आने वाले हैं। राष्ट्र संघ से मिलने वाली खाद्य सहायता अगले महीने से कम होने जा रही है। इस कटौती का कारण दानदाता देशों से मिलने वाले सहयोग में लगातार हो रही कमी है। एजेंसियों ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि दुनिया की सबसे बड़ी शरणार्थी बस्ती में खाद्य असुरक्षा और कुपोषण और गहराएगा। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि वह अगले महीने से शुरू होने वाले 12 डॉलर प्रति व्यक्ति से अपनी खाद्य सहायता के मूल्य को घटाकर 10 डॉलर प्रति व्यक्ति कर देगा। लगभग 7,30,000 रोहिंग्या म्यांमार के रखाइन राज्य से सताए गए ज्यादातर मुस्लिम अल्पसंख्यक हैं जो 2017 में बांग्लादेश भाग आए थे। इनकी समस्या का समाधान दुनिया में किसी भी संस्था के पास नहीं है। राष्ट्रसंघ से लेकर अंतराष्ट्रीय न्यायालय तक में मामला गया। मगर कहीं से उन्हें न्याय नहीं मिला। आंग सान सूकी ने भी सेना का बचाव किया। वर्तमान स्थितियों में रोहिंग्या शरणार्थियों का जीवन और अंधकारमय हो गया है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** मोदी को विदेशी निवेशकों तथा संसद के अडाणी समूह पर लगे आरोपों का जवाब देना होगा।

– **जार्ज सोरोस**
अरबपति निवेशक

**सोरोस** भारतीय लोकतंत्र को नष्ट कर यहां अपने चुनिंदा लोगों की सरकार चलाना चाहते हैं। इसकी निन्दा की जानी चाहिए।

– **स्मृति ईरानी**
केन्द्रीय मंत्री





**मेघालय** में डबुल इंजन की भाजपा सरकार बनने पर सभी क्षेत्रों का विकास होगा।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

# सीएम ने किया विधायी डिजिटल वीथिका का लोकार्पण

**● लघु फिल्म के माध्यम से यूपी के विधायी इतिहास की भी दी गई जानकारी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विधान भवन में विधायी डिजिटल वीथिका का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वीथिका में लगी डिजिटल स्क्रीन का अवलोकन किया, फिर लघु फिल्म के माध्यम से यूपी के विधायी इतिहास की भी जानकारी ली।



लघु फिल्म के माध्यम से बताया गया कि 8 जनवरी 1887 में काउंसिल की पहली बैठक गवर्नर की अध्यक्षता में इलाहाबाद में हुई। 1892 में कॉउन्सिल के अधिकारों में वृद्धि की गई तथा विधायी कार्यों के अतिरिक्त सदस्यों को प्रश्न पूछने का अधिकार प्राप्त हुआ। यूपी के विधायी इतिहास में 6 दिसंबर 1893 को राजा रामपाल सिंह द्वारा पहला प्रश्न पूछा गया। काउंसिल सदस्यों की संख्या 9 से बढ़ाकर 15 की गई। 1909 में इंडियन काउंसिल एक्ट में संशोधन करके सदस्यों की संख्या 50 की गई। इनका कार्यकाल 3 वर्ष कर दिया गया।

सदस्यों के लिए अप्रत्यक्ष निर्वाचन का प्रावधान किया गया। उन्हें पूरक प्रश्न पूछने का अधिकार भी प्रदत्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, समाजवादी पार्टी के मनोज पांडेय, बसपा के उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल के रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, निषाद पार्टी के अनिल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# ...और आधुनिक हुआ विधान भवन मण्डप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● ई गाइडेड हेलीकाप्टर राइड में धार्मिक व पर्यटन स्थलों में उपस्थित होने का अनुभव होगा**

**विधान** सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधान भवन में बैठक की, विधान सभा अध्यक्ष ने बातचीत के दौरान विगत 9 माह में किये गये बदलावों की चर्चा की। विधान सभा अध्यक्ष ने बताया कि अब नई व्यवस्थाओं के तहत पल भर में सभा मण्डप में होने वाली चर्चाओं से अवगत कराया जा सकता है। जो टीवी स्क्रीन पर उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा पैरोणिक समय से लेकर अब तक की विधायी व्यवस्थाओं को दर्शाया गया है। साथ ही प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को भी प्रस्तुत किया गया है। इस ऐतिहासिक घटना पर 15 मिनट का पूरा लाइव एण्ड साउण्ड चलाया जायेगा। चित्र वीथिका में 1985 के विधानसभा समारोह के आयोजन के साथ ही अन्य समारोहों का एक होलोक्यूब लगाया गया है जिसमें विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, विधान परिषद के सभापति सहित नेता प्रतिपक्ष के चित्रों का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। इसके अलावा अध्यक्ष की आंखों से सदन कैसा दिखाई पड़ता है इसका भी व्यू प्रदर्शित किया जाएगा। जिससे देखने वालो का इस बात का अहसास हो सके कि सदन में अध्यक्ष अपनी सीट पर जब आसीन होते तो सदन का परिदृष्य किस तरह का प्रतीत होता है। सबसे खास बात यह है कि वीथिका में ई गाइडेड हेलीकाप्टर राइड में बैठने के दौरान प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में उपस्थित होने का अनुभव होगा। डिजिटल वीथिका में विधान सभा की होलोग्राफी बिल्डअप होने के साथ सेल्फी प्वाइंट मिक्स एवं रीयल्टी व वर्चुअल बेस हाईप्रोग्रामिंग लेबल पर किया गया है। वीथिका में फ्लिप बुक एवं उत्तर प्रदेश के दार्शिनिक एवं पर्यटन स्थल का ड्रोन व्यू के साथ विधान भवन का पूरा दृश्य दर्शाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि अब विधायकों के समूहों की बैठकों के अलावा सदस्यों के जन्मदिन को सभा मण्डप के टीवी स्क्रीन पर नाम सहित उनका विवरण प्रसारित कर उनकों बधाई दी जाती है।

# यूपी में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाली के स्तर पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाली के स्तर पर पहुंच गई हैं। अस्पतालों में दवा और इलाज दोनों का अभाव है। मुख्यमंत्री जी के तमाम दावों के बावजूद अस्पतालों की दशा सुधरने का नाम नहीं ले रही है। विज्ञापनों या बड़बोले बयानों से अव्यवस्था को छुपाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि कन्नौज में जिला अस्पताल की ऐसी दुर्दशा है कि यहां के लोग दूसरे जिलों में इलाज के लिए जाने लगे हैं। यहां भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के समय की व्यवस्था को बर्बाद कर जनता को बीमार रहने को बाध्य कर दिया है।

अखिलेश ने कहा कि राजधानी लखनऊ में, जहां पूरा शासन प्रशासन सिर पर है, अस्पतालों में बीमार लोगों को समय से सही इलाज नहीं मिल पाता है। दिल के कई मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ चुके हैं। पीजीआई में चार दिनों से भर्ती होने के लिए गाजीपुर की महिला भटक रही थी। उसे बीस साल से दिल की बीमारी थी। समय से इलाज न मिलने से उसकी रात को टिन शेड के नीचे बैठे-बैठे मौत हो गई। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में एक रूपये के पर्चे पर गंभीर बीमारियों दिलए किडनीए कैंसरए लीवर आदि के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई थी। कैंसर रोगियों के लिए कैंसर अस्पताल की अलग नींव रखी गई थी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने खुद तो कुछ किया नहीं जो सुविधाएं थी उन्हें भी बर्बाद कर दिया। सिर्फप्रचार और भ्रष्टाचार ही भाजपा सरकार में हो रहा है। यह सरकार पूरी तरह संवेदनहीन और जनविरोधी है।

# उत्तर प्रदेश के मरीजों को मिल रहा क्वालिटी ट्रीटमेंट

**● सीएम योगी की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मुहिम ला रही है रंग**

**● तीन चरणों के असेसमेंट के बाद दिया जाता है नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए प्रयासरत हैं। उनका यह प्रयास रंग भी ला रहा है। पिछले 6 वर्षों में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार हुआ है। पूरे देश में प्रदेश के जिला चिकित्सालयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस मानक एनक्यूए के आधार पर प्रथम स्थान मिलना इसका जीता जागता उदाहरण है जिसे भारत सरकार के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जिला चिकित्सालयों की गुणवत्ता पर प्रदान किया जाता है। यह प्रमाण पत्र नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड मानकों के आधार पर तीन चरणों की जटिल प्रक्रिया के बाद प्रदान किया जाता है। वहीं योगी सरकार ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और उसकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य कमियों को स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट एसबीए का प्रशिक्षण युद्धस्तर पर दिया जा रहा है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से हाल ही में प्रदेश के जिला चिकित्सालयों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने पर 46 जिलों की 81 चिकित्सा इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस प्रमाणपत्र दिया गया है जिसमें 43 जनपद स्तरीयए 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। वहीं प्रदेश के अन्य चिकित्सा इकाइयों को एनक्यूए प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए योगी सरकार की ओर विभिन्न आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। साथ ही इन चिकित्सा इकाइयों में विभिन्न सुधार के लिए भारीभरकम बजट भी दिया गया है ताकि प्रदेश की सभी चिकित्सा इकाइयां नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड मानकों पर खरे उतर सकें। सीएम योगी ने एक बैठक में उच्च अधिकारियों को प्रदेश की 25 करोड़ आबादी को सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापरक उपचार के साथ जीरो पॉकेट खर्च पर काम करने के निर्देश दिये हैं ताकि लोग प्राइवेट अस्पतालों की ओर रूख न करें। इसके साथ ही प्रदेश की विभिन्न चिकित्सा इकाइयों में मातृ और बाल स्वास्थ्य में सुधार के साथ प्रमाणीकरण के लिए लक्ष्य और मुस्कान प्रमाणीकरण कार्यक्रम युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है।

### जच्चा बच्चा की मृत्यु दर में कमी लाने को दी जा रही एसबीए ट्रेनिंग

**योगी** सरकार प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को सौ प्रतिशत सुरक्षित प्रसव की सुविधा देने और मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रदेश के प्रसव केंद्र पर तैनात एएनएम, एलएचवी स्टाफनर्स, आयुष महिला डॉक्टर्स की क्षमता को बढ़ाने के लिए स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट ट्रेनिंग दे रही है। इसका मुख्य लक्ष्य नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 5 के अनुसार प्रति लाख डिलीवरी के वक्त मातृ मृत्यु दर जो 167 है उसे कम करके वर्ष 2030 तक 70 पर लाना है। इसी तरह नवजात शिशु मृत्यु दर 28 है जिसे वर्ष 2030 तक 12 तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। एसबीए ट्रेनिंग के जरिये योगी सरकार गर्भवती महिला को 100 प्रतिशत सुरक्षित प्रसव की सुविधा देने के लिए तैनात स्वास्थ्य कर्मियों के ज्ञान और कौशल की क्षमता में वृद्धि करना है ताकि प्रसव से पहले और बाद में आने वाले दिक्कतों से निपटा जा सके।

# 2024 के लिए मजबूती से मैदान में उतरना है : शिवपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** विधायक शिवपाल सिंह यादव रविवार को विधानमंडल दल की बैठक में शामिल होने के लिए समाजवादी पार्टी के मुख्यालय पहुंचे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित सभी विधायकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हाल ही में शिवपाल को संगठन में अहम जिम्मेदारी दते हुए पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया है। सात साल बाद सपा मुख्यालय पहुंचे शिवपाल यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश की गैरहाजिरी में विधायक दल की कमान संभाली। इस मौके पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि अब आजीवन समाजवादी पार्टी के लिए काम करूंगा। हम सबको मिलकर 2024 के लिए मजबूती से मैदान में उतरना है। रामचरित मानस को लेकर चल रहे विवाद पर शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को विराम लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी कार्यकर्ता को कोई बयान नहीं देना है। उन्होंने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर विफल है, उसके बावजूद भी जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। शिवपाल यहीं नहीं रुके, उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव को लेकर लक्ष्य भी तय किया। शिवपाल यादव ने सोमवार से शुरू हो रहे बजट सत्र को लेकर बैठक में कार्यकर्ताओं को सरकार को घेरने की रणनीति भी समझाई। सपा से सभी मतभेद भुलाकर पार्टी कार्यालय पहुंचे शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा में जनता के मुद्दों के जरिए सरकार को घेरा जाएगा। उन्होंने सपा के सभी विधायकों से कहा कि विधानसभा सत्र शुरू होने की सुबह नौ बजे विधानसभा में सभी विधायक एकत्रित हो जाएंगे। उसके बाद सभी चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन करने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इस बीच अगर कोई उनका रास्ता रोकता है तो वहीं धरना देंगे। 11 बजे सदन की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचेंगे।

# पिछड़े व दलितों को उनके उत्थान से वंचित रखना चाहती है भाजपा : उदित


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**असंगठित** कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज ने रविवार को कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि पिछले 3 वर्षों से करोना की आर्थिक मार झेल रहे गांवों में श्रमिकों का सबसे बड़ा सहारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) में न सिर्फ लगातार श्रम दिवस कम हो रहे हैं बल्कि औसतन 10 फीसदी लोगों को मांग के अनुरूप रोजगार और उनका भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है। उदित राज ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मनरेगा के मद में बीते वित्त वर्ष के संशोधित बजट 89000 करोड़ रुपए में करीब 34 फीसदी की कटौती की गई है।जिसका सबसे पहले विरोध कांग्रेस पार्टी ने किया हैं।
सड़कों से लेकर सदन तक कांग्रेस पार्टी ही केन्द्र की मोदी सरकार से मनरेगा बजट में हुई कटौती के खिलाफलगातार आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज ने बीजेपी आरएसएस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आरएसएस, बीजेपी अपनी विघटनकारी और जटिल आर्थिक नीतियों के दम पर दो हिंदुस्तान बनाना चाह रही है एएक अमीरों का, एक गरीबों का हिंदुस्तान। सच्चाई यह है कि आज विदेशी इशारों पर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है।




उदित राज ने कहा कि कांग्रेस की यूपी, गवर्नमेंट ने देश को फूड सिक्योरिटी बिल के तहत मुफ्त राशन मुहैया कराने का संवैधानिक अधिकार दिया था। परंतु आज मुफ्त राशन के नाम पर उनके आर्थिक वैचारिक सोच को मारकर आज बीजेपी अति पिछड़े दलितों को उनके सामाजिक राजनैतिक उत्थान से वंचित रखना चाहती है। बीजेपी के नेता लगातार वोट की राजनीति करते है और अति पिछड़ों दलितों गरीबों का मजाक उड़ाते हैं।

# जीआईएस व जी-20 की बनेंगे विधान सभा में सरकार की ढाल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सोमवार** से शुरू हो रहे विधान मंडल के बजट सत्र को लेकर विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष ने भी अपनी तैयारी कर ली है। रविवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में भाजपा विधानमंडल दल की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री ने विधायकों को सदन में आक्रमकता के साथ निवेश सम्मेलन की सफलता को उठाने के लिए कहा और जी 20 की बैठक को ढाल के रूप में सरकार विपक्ष के तीरों का सामना करेगी। सत्तारूढ़ दल अपने इन्हीं हथियारों से विपक्ष के तीरों की धार कुंद करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के विधायक सदन में मौजूद रहकर सत्ता पक्ष की उपलब्धियों को बताएं साथ ही विपक्ष के आरोपों का मजबूती से जवाब दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने वैश्विक निवेशक सम्मेलन का सफल आयोजन किया है। 33.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के एमओयू साइन हुए है। इससे 93 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आगामी छह महीने में पहला भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन कराने की तैयारी कर रही है। जी 20 समिट की आगरा और लखनऊ में सफ्ल बैठक आयोजित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन के दौरान विधायक इन दोनों की सफलता को बताएं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर चर्चा करते हुए सदन में मजबूती से अपना पक्ष रखें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति, किसानों की आय दोगुना करने के लिए उठाए जा रहे कदम और संकल्प पत्र के वादे पूरे करने जैसे मुद्दों पर विधायक मजबूती से बात रखकर विपक्ष को करारा जवाब दें। उन्होंने एमएलए व एमएलसी से कहा कि उनके पास बोलने के लिए बहुत कुछ है। केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों व योजनाओं से आमजन को मिली राहत पर बोल सकते हैं। प्रदेश में हुए विकास कार्यों का जिक्र किया जा सकता है। बजट पर चर्चा में भाग ले सकते हैं। जब तक सदन चले सभी सदन में रहें। उन्होंने कहा कि सभी विधायक सदन की कार्यवाही के दौरान सदन में उपस्थित रहें। सदन में मोटे अनाज के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे अभियान को भी रखा जाएगा। सदन में मोटे अनाज के उत्पादन से किसानों और उपयोग से उपभोक्ताओं को होने वाले फायदे बताए जाएंगे। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे सत्र में सभी सुबह 10 बजे सदन में पहुंचें। छह मार्च तक जब तक सदन चले सभी लगातार उपस्थित रहें। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भी विचार व्यक्त किए। मन की बात के 100वें कार्यक्रम को भव्य तरीके से मनाने की अपली की, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि एमएलए व एमएलसी से कहा कि आप लोग सदन में रहेंगे लेकिन क्षेत्र में इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग जुड़ें इसके लिए भी प्रयास करें।

उन्होंने पन्ना प्रमुख व पन्ना कमेटियों की सक्रियता पर भी विचार व्यक्त किए। सचेतक रामनरेश अग्निहोत्री ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सभी विधायक सदन में अवश्य बोलें। सदन की कार्यवाही लंबी अवधि तक संचालित की जा रही है। सभी विधायकों को बोलने का मौका मिलेगा। विधायक चाहे अपना विषय कागज में लिखकर लाएं, उसे सदन में पढ़ें अवश्य। बैठक में तय किया गया कि विधानमंडल सत्र के दौरान सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों के विधायकों के साथ उनके क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक करेंगे। बैठक के बाद उन्हें मोटे अनाज का भोजन कराएंगे।

# गर्मियों में भी बेहतर रहेगी प्रदेश की विद्युत आपूर्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● पहली बार जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, कर्नाटक से विद्युत बैंकिंग व्यवस्था में जुड़ रहा है यूपी**

**● जम्मू कश्मीर से 249.29 व तमिलनाडु से 61.56 मिलियन यूनिट के किए गए समझौते**

**सीएम** योगी के प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद से यूपी में विद्युत आपूर्ति में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ है। सर्दी ही नहीं बल्कि गर्मियों में जब बिजली की मांग कई गुना अधिक होती है तब भी प्रदेश के सभी क्षेत्रों में अधिक से अधिक विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। हालांकि इस बार गर्मियों में विद्युत आपूर्ति में और भी अधिक सुधार देखने को मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी की मंशा एवं निर्देशों के अनुपालन में आगामी गर्मियों में प्रदेश में विद्युत उपलब्धता की कमी न हो और प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निश्चित शेड्यूल के अनुरूप भरपूर बिजली मिले इसके लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबन्धन विद्युत बैंकिंग के माध्यम से देश के अन्य राज्यों से समझौता कर विद्युत की व्यवस्था करने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास कर रहा है। इस मुहिम में यूपीपीसीएल को जबरदस्त सफलता प्राप्त हुई है।

प्रदेश के इतिहास में पहली बार जम्मू कश्मीर से 249.29 मिलियन यूनिट, तमिलनाडु से 61.056 मिलियन यूनिट के समझौते किए जा चुके हैं। कर्नाटक से समझौता प्रस्तावित है। राजस्थान से विगत वर्ष 449.6 मिलियन यूनिट की विद्युत बैंकिंग की तुलना में इस वर्ष प्रयास करके 1967.8 मिलियन यूनिट लगभग चार गुना की विद्युत बैंकिंग की जा चुकी है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा उठाए गए इस कदम के दूरगामी परिणाम मिलने की संभावना है। इसके माध्यम से यूपीपीसीएल को कश्मीर से कन्या कुमारी तक विद्युत बैंकिंग के इस प्रयास में सफ्लता मिली है। जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश से विद्युत बैंकिंग समझौते किए जा चुके हैं। साथ ही कर्नाटक तथा एनटीपीसी से इस तरह के समझौते प्रस्तावित हैं। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज का कहना है कि कारपोरेशन द्वारा समय पर किए गए इन प्रयासों से आगामी गर्मियों में प्रदेश की विद्युत आपूर्ति को अत्यधिक लाभ मिलेगा। हम महंगी बिजली खरीदने से बचेंगेए साथ ही हमारे पास विद्युत बैंकिंग की इस व्यवस्था से पर्याप्त बिजली होगी। उनका कहना है कि पावर कारपोरेशन प्रबन्धन गार्मियों के पूर्वानुमान के आधार पर विद्युत उपलब्धता बढ़ाने की कोशिश अभी से प्रारम्भ कर चुका है और हमें पूरी उम्मीद है कि हम गर्मियों में मांग के अनुरूप सभी क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने में सफल होंगे। विद्युत बैंकिंग का मतलब हैं उन महीनों में जब प्रदेश में बिजली की उपलब्धता ज्यादा होती है और उसकी तुलना में मांग कम रहती है तो प्रदेश की सरप्लस बिजली को उन राज्यों को दे दिया जाता है जहां बिजली की मांग ज्यादा है। गर्मियों में जब उत्तर प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ जाती है तथा पावर एक्सचेंज में बिजली बहुत मंहगी होती है उस समय उन राज्यों से बिजली बिना खरीदे वापस मिल जाती है जहां विद्युत बैंकिंग के माध्यम से पहले बिजली दे रखी है।

# जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन संभव नहीं : दुर्गा शंकर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● मुख्य सचिव ने दो दिवसीय राष्ट्रीय जल विमर्श कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आरआरपीजी कॉलेज अमेठी में जल बिरादरी अमेठी द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय जल विमर्श कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने सर्वप्रथम इस आयोजन के लिए जल बिरादरी अमेठी एवं विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने तीन-चार साल पहले जल संकट की समस्या को देखते हुए कहा था कि हमें जल की एक.एक बूंद को संजोना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट को देखते हुए सरकार ने अनेक योजनाएं, कार्यक्रम संचालित किए हैं जिनमें अमृत सरोवर, नदियों की साफ-सफाई, चेकडैम का निर्माण एवं नदियों, तालाबों का जीर्णोद्धार सहित अनेक कार्य जल संरक्षण के लिए कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जल उपयोग दक्षता को बढ़ाने एवं भूमिगत जल के दोहन को कम करने के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना संचालित की गई हैए जिसके अंतर्गत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई संसाधनों का वितरण किया जा रहा हैए इससे 30 से 70 प्रतिशत पानी की बचत के साथ.साथ लागत में कमी एवं लाभ में वृद्धि हो रही है। उन्होंने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल ही जीवन है जल के बिना जीवन संभव नहीं है। जल संरक्षण के लिए आवश्यक है कि हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं, प्लास्टिक, पॉलीथिन का प्रयोग बिल्कुल न करें, अधिक से अधिक वर्षा जल को तालाबों में संरक्षित करेंए जिससे भूजल स्तर में सुधार हो सके।

कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने विद्यालय परिसर में रुद्राक्ष का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित कैच द रेन के तृतीय चरण को लॉन्च करने के साथ ही जल दर्पण एवं पर्यावरण सुधा नामक पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में अयोध्या मंडल के कमिश्नर गौरव दयाल ने जल संरक्षण एवं जल के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हमें नदियों एवं तालाबों में पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। शासन द्वारा जल संरक्षण को लेकर अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। अयोध्या मंडल में जल संरक्षण को लेकर कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजन कर्ताओं को बधाई दी। जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र ने कहा की जल बिरादरी अमेठी द्वारा यह आयोजन जिले में कराया जा रहा है यह हमारे जनपद के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अमेठी में विशेष रूप से जल संरक्षण को लेकर कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा 1.50 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है, जिससे चेकडैम बनाने का कार्य कराया जा रहा है। शासन के निर्देश पर जल संरक्षण को लेकर प्रत्येक ग्राम में मनरेगा योजनान्तर्गत अमृत सरोवर का निर्माण कराया जा रहा हैए जिससे अधिक से अधिक वर्षा जल संचयन किया जा सके। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व बाढ़-सुखाड़ जन आयोग डॉ. राजेंद्र सिंह, पद्मश्री उमा शंकर पांडे, कुलपति स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान के प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ के प्रोफेसर जे पी मिश्रए आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के प्राचार्य प्रोफेसर पीके श्रीवास्तव एवं अर्जुन पांडेय जल बिरादरी अमेठी ने संबोधित किया।



कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से पहले मुख्य सचिव ने नगरपालिका जायस स्थित मलिक मोहम्मद जायसी शोध संस्थान तथा जायसी तपोस्थली का स्थलीय निरीक्षण किया तथा तालाब एवं परिसर की साफसफाई तथा रखरखाव का उचित प्रबंध करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 20 फरवरी, 2023



84 कोसी परिक्रमा

# अब सड़क पर न बहे गंदा पानी: डीएम

- गेट को फूलों से सजाएं, काशी कुंड के जल की हो सफाई
- फिसलन से कोई भी साधु संत न गिरे, इसका भी रखें ध्यान
- डीएम-एसपी ने विभाग से सड़कों की मरम्मत की ली जानकारी

**संवाददाता।** सीतापुर

**84 कोसी** परिक्रमा शुरू होने में अब चंद घंटे ही बचे हैं। ऐसे में तैयारियों ने तेजी पकड़ ली है। रविवार को मिश्रिख के तहसील सभागार में डीएम-एसपी ने तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की और अफसरों को एक-एक बिंदु पर कार्य करने के आदेश दिए। डीएम ने समीक्षा बैठक हर उन पहलुओं पर छुआ और उनके बारे में जानकारी लीं, जो सीधे श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी थी। डीएम ने अफसरों से तैयारियों के बारे में फीडबैक लेने के बाद जो कमियां रह गई हैं, उन्हें जल्द से जल्द दूर करने के आदेश दिए।

आइए आपको बता देते हैं कि डीएम ने बैठक में किन-किन बिंदुओं पर बात की और किन समस्याओं को दूर करने के आदेश दिए हैं। डीएम अनुज कुमार ने कहा कि गंदा पानी सड़कों पर नहीं बहना चाहिए। प्रकाश और पेयजल की पूरी व्यवस्था हो। माहौल को खुशनुमा और सुंदर बनाने के लिए गेट को फूलों से सजाएं। काशी कुंड के जल की सफाई, पंच प्रयाग की सफाई की मुकम्मल व्यवस्था हो। फिसलन से कोई भी साधु संत न गिरे इसका भी ध्यान रखें। करोना पड़ाव पर टेंट, वाटर सप्लाई, सड़क की साफ-सफाई, सड़कों की मरम्मत के बारे में जानकारी ली। डीएम ने आगे कहा कि गिट्टी नहीं उखडनी चाहिए। परसपुर के पास टूटी पुलिया की भी जानकारी ली। प्रकाश व्यवस्था के लिए एसडीओ शैलेंद्र पांडेय को कड़े निर्देश दिए। परिक्रमा मार्ग पर कांटों का तार नहीं होना चाहिए। यही नहीं, डीएम ने द्रोणाचार्य घाट पर जनरेटर की व्यवस्था करने की बात कही। सभी सरोवरों पर गोताखोर की व्यवस्था, केदारनाथ धाम मंदिर पर खड़ंजा लगाने में तेजी लाई जाएं। मंदिर की पुताई को लेकर अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सुरजीत कुमार को दिए। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चिकित्सा शिविर, एक टेंट ,सचल दल, एंबुलेंस, और प्रधान आदि के पास भी दवाई उपलब्ध कराए जाने की बात कही। डीएम के साथ जिला पंचायत सीतापुर की टीम के लोगों ने भी सभी पड़ाव को देखा। पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के आदेश दिए। तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक में डीएम अनुज सिंह ने अफसरों को क्या कुछ आदेश दिया। समीक्षा बैठक में एडीएम राम भरत तिवारी, एसडीओ शैलेंद्र पांडेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिश्रिख सुरजीत कुमार, एसडीएम मिश्रिख अनिल कुमार, सीओ सुशील कुमार यादव, खंड विकास अधिकारी गोंदलामऊ, जिला पंचायत सीतापुर की डॉक्टर वर्तिका, डॉ आनंद मौर्य, वीडीओ पिसावां प्रतीक, तहसीलदार मिश्रिख मनीष कुमार समेत नगरपालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सातवें पड़ाव मडरूआ पर अभी नहीं हो पाई लाइट की व्यवस्था

**संवाददाता।** सीतापुर

- पांच दिन बाद यहां पहुंचेगा रामादल
- पेयजल का भी नहीं हुआ समुचित प्रबंध

**ऐतिहासिक** चौरासी कोसी परिक्रमा शुरू होने मे महज दो दिन शेष हैं। परिक्रमा मंगलवार सुबह नैमिषारण्य से पहले पड़ाव कोरौना पहुंचेगी। परिक्रमा का सांतवां पड़ाव मड़रूआ पर परिक्रमार्थी 27 फरवरी को पहुंच जाएंगे। रामादल मछरेहटा होते हुए अगले दिन जरिगवां के लिए प्रस्थान करेगा। मछरेहटा से मडरुआ के बीच चक्रवर्ती देवी मंदिर और मुसौली तक दिखावे के नाम पर सड़क पर पैचिंग कराई गई है। आसपास के गहरे गड्ढों को भरना मुनासिब नही समझा गया। घास-फूस डालकर हल्की मिट्टी डाल दी गई जिस पर धोखे से भी यदि पैर पड़ जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है । ऐन वक्त पर ढेढुआ आश्रम स्थित तालाब को मानसरोवर प्रस्तावित करके खुदाई शुरू कर दी गई और उसे आदर्श तालाब विकसित करने का नाटक किया जा रहा है। सोंचने वाली बात यह है कि पांच दिन के अंदर जब उसमे पानी भरा जायेगा तो कच्चा पटान होने के कारण चारों तरफकीचड़ ही होगा और लोग उस गंदे पानी का प्रयोग करने को विवश होंगे ।

पड़ाव स्थल पर तत्कालीन सांसद अंजूबाला के द्वारा दी गई सोलर लाइट अभी भी दुरुस्त नही हुई। महंत वेद दास ने बताया कि बैठक के दौरान समुचित शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का मुद्दा उन्होने उठाया था लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नही दिया। पड़ाव स्थल पर बने रैन बसेरा का रंग रोगन कर व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद दिखाने की कोशिश जरुर की गई लेकिन वर्षों पहले लगी हुई लाइटें और सोलर पैनल गायब हैं। मछरेहटा बीडीओ प्रतीक यादव ने बताया कि पड़ाव स्थल पर सोलर पैनल व स्ट्रीट लाइट मंगवा ली गई हैं जो भी अव्यवस्थाएं हैं उन्हें 2 दिन में दूर कर दिया जाएगा।

# बुझ गया विधि व्यवसाय का एक चमकता सितारा

**संवाददाता।** सीतापुर


- बार व बेंच में शोक की लहर
- पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामगोपाल अवस्थी
- सदैव कानून के दायरे में फैसला आने के रहे पक्षधर
- सीतापुर में फौजदारी के अच्छे वकीलों में होती थी गणना

**इंसाफ** के तराजू पर कानून के दायरे में ही न्याय दिलाने की वकालत करने वाला चमकता सितारा हमेशा के लिए शनिवार रात दुनिया को अलविदा कह गया। सीतापुर की अदालतों में अब वैसी बेबाक टिप्पणियां नहीं सुनाई देंगी जैसी टिप्पणियां वरिष्ठ अधिवक्ता रामगोपाल अवस्थी के मुख से गूंजा करती थीं। सीतापुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल अवस्थी ने विधि व्यवसाय का सफर फौजदारी वकील के रूप में शुरू किया और वह जीवन भर फौजदारी से जुड़े मामलों पर पूरी निडरता और ईमानदारी से वकालत करते रहे, उन्होंने कभी स्वाभिमान पर आंच नहीं आने दी। शहर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता रामगोपाल अवस्थी जीवन भर कांग्रेस पार्टी और हिन्दी सभा से भी जुड़े रहे। उनकी धर्मपत्नी सेक्रेडहार्ट कालेज में शिक्षक थीं करीब चार वर्ष पहले पत्नी का निधन हो गया था। पत्नी की स्मृति में रामगोपाल अवस्थी ने बार एसोसिएशन सीतापुर में एक कक्ष का निर्माण कराया था। उनके दो बेटों में बड़ा बेटा अमिताभ लखनऊ में रहता है जबकि छोटा बेटा अजिताभ दुबई में है। अवकाश होने की वजह से वह इन दिनों अपने बड़े बेटे अमिताभ के यहां लखनऊ गए थे। बताया जाता है कि 84 वर्षीय रामगोपाल अवस्थी का शनिवार रात अचानक हार्टअटैक पड़ने से निधन हो गया। निधन की खबर आते ही बार और बेंच में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पार्थिव शरीर को सीतापुर निज निवास लाया गया जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। सीतापुर शहर के गोपाल घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके छोटे बेटे अजिताभ ने दी। अंतिम संस्कार के समय सीतापुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष चन्द्रभाल गुप्ता, महामंत्री बुद्धि प्रकाश, वरिष्ठ अधिवक्ता वीके सिंह, पूर्व अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी, विजयनाथ अवस्थी, आशीष मिश्रा, पूर्व एमएलसी हरीश बाजपेई, राजेन्द्र भट्ट, रोहित मेहरोत्रा, संजय दीक्षित, राममोहन पाण्डेय, विनीत दीक्षित सहित तमाम अधिवक्ता व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आम से खास बना परिषदीय विद्यालय राजपुर, वर्णमाला के जाप की गूंज

- प्रधानाध्यापक की रंग लाई मेहनत, सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बना इंग्लिश मीडियम राजापुर
- डीएम के प्रयास से आमजन की सोंच में आया बदलाव, कायाकल्प से विद्यालय भवनों का हुआ कायाकल्प

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बेसिक** शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों की दशा व दिशा बदली तो लोगों की सोच भी बदल गई है। खीरी जनपद के संचालित परिषदीय विद्यालयों में हुए नौनिहालों के नामांकन में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। लोगों का भरोसा सरकारी स्कूल की व्यवस्थाओं पर बढ़ा है।

स्कूल भवन के आकर्षण कक्ष, यूनिफार्म में पढ़ते विद्यार्थियों में शिष्टाचार, साफ सफाई के साथ विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई। ऐसी नजारा परिषदीय विद्यालय राजापुर का है। प्रधानाध्यापिका ऋतु अवस्थी व उनकी टीम ने विद्यालय की सूरत ही बदल दी। शिक्षकों की लगन से इस विद्यालय में सुविधाएं किसी निजी विद्यालय से कम नहीं हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल बेस्ट स्कूल आफ द वीक के तहत इस सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनने का खिताब अपने नाम दर्ज किया।

प्राथमिक विद्यालय में बने रामानुजन कक्ष की दीवारों पर कुछ बच्चे अबेकस पर नंबरों का अभ्यास करते मिलेंगे, बच्चों का एक समूह पेपरमेशी से आकर्षक वस्तुएं बना रहा होगा, कुछ बच्चे योग मुद्रा का अभ्यास करते दिखेंगे, वही कुछ भाषा के खंड में तय कर रहे होंगे कि अंग्रेजी, संस्कृत और हिंदी में किस भाषा के शब्द उन्हें अधिक आकर्षित करते हैं। यह सब सम्भव हुआ है ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए रचनात्मक बाला पेंटिंग्स के कारण।

इंग्लिश मीडियम में संचालित प्राइमरी स्कूल राजापुर में एक कक्षा अभिनय की चल रही है तो एक कक्षा नृत्य व संगीत की क्योंकि बच्चे विद्यालय के वार्षिकोत्सव की तैयारी में मशगूल हैं।

एक छोटे से परिसर में विशाल छात्रों की संख्या के समूह को समेटे, विद्यालय निरंतर प्रयत्नशील है कि बच्चों में छिपी हर प्रकार की योग्यता को अवसर उपलब्ध करा सके और उनका सर्वांगीण विकास कर सके , संभवत विद्यालय में लगातार बढ़ती छात्रों की संख्या इसी का परिणाम है, वर्तमान समय में विद्यालय में 381 छात्र छात्राएं नामांकित हैं।

## अभिभावकों को लुभा रही हैं विद्यालय की खूबियां

**प्राइमरी** स्कूल राजापुर में ऑपरेशन कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटर पूरे है। विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम शिक्षण की सुविधा संचालित होने के साथ-साथ ऑपरेशन कायाकल्प से बाला पेंटिंग्स में थीम आधारित परिवेश (गणित के लिए रामानुजन कक्ष, भाषा एवं सामान्य ज्ञान के लिए अलग-अलग कक्षों पर रोचक, ज्ञानवर्धक पेंटिंग्स) जिनको बच्चे न केवल देख सकते हैं अपितु अभ्यास भी कर सकते हैं। बच्चों के व्यक्तित्व के सभी पहलुओं पर कार्य करते हुए बच्चों को शिक्षण के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक कार्य, अभिव्यक्ति कला सिखाने के लिए अभिनय, नृत्य, संगीत की नियमित कक्षाएं क्रियान्वित है। शासन के निपुण कार्यक्रम के साथ साथ प्रत्येक माह मासिक टेस्ट, उनके परिणामों को अभिभावकों के साथ नियमित रूप से साझा किया जा रहा है।

## विद्यालय में गत वर्षो का नामांकन पर एक नजर

**प्रधानाध्यापक** ऋतु अवस्थी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय राजापुर में सत्र 2018-19 में 221, सत्र 2019-20 में 224, सत्र 2020-21 में 264, सत्र 2021-22 में 366, सत्र 2022-23 में 381 है।

बताते चले कि खीरी जिले में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने परिषदीय विद्यालयों में गुणात्मक विकास के लिए सदैव संजीदगी दिखाई। आपरेशन कायाकल्प के सफल क्रियान्वयन के बाद उन्होंने शैक्षिक स्तर सुधारने पर जोर दिया। आपरेशन कायाकल्प को सफलता पूर्वक अमलीजामा पहनाने के कारण परिषदीय विद्यालयों को आकर्षक रूप मिला।

इससे प्रभावित होकर अभिभावकों ने अपने बच्चों को बेहतर सुविधाओं से लैस परिषदीय विद्यालयों में भेजना मुनासिब समझा। परिषदीय विद्यालयों को निखारने सजाने संवारने के लिए डीएम नित नए प्रयास कर रहे हैं।

# 25 यूपी बटालियन की एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में आज 25 यूपी बटालियन की एनसीसी सी सार्टिफिक्रेट परीक्षा आयोजित हुआ। इस परीक्षा में एसएस कॉलेज, जीएफ कालेज, राजकीय महाविद्यालय बीसलपुर, एमजेके कलीनगर और गन्ना कृषक महाविद्यालय पूरनपुर के कुल 193 कैडेटों ने भाग लिया जबकि 16 कैडेट परीक्षा मे अनुपस्थित रहे।

विदित हो कि यह परीक्षा 8 यूपी गर्ल्स बटालियन बरेली के कमांडिंग ऑफिसर वीर चक्र विजेता कर्नल राजेश शाह और उनके बटालियन के अन्य आफिसर्स और सहयोगी स्टाफ के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतिष्ठित सी सार्टिफिक्रेट परीक्षा में लिखित के साथ साथ कठिन फिजिकल टेस्ट लिया जाता है, जिसमे हथियार प्रशिक्षण, ड्रिल टेस्ट, मैप रीडिंग, संचार, फील्ड क्राफ्ट एवम् बैटल क्राफ्ट सम्मलित है। इस परीक्षा में लेफ्टिनेंट डॉ आलोक कुमार सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ वन्दना शर्मा, लेफ्टीनेंट डॉ रचना, सूबेदार मेजर कमलेश सिंह राणा, सूबेदार बूटा सिंह और बीएचएम बलकरन सिंह का सहयोग रहा।

# आप ने हवन कुंड बना कर बुलडोजर यज्ञ किया

**संवाददाता।** बरेली

**नवाबगंज** में आम आदमी पार्टी कार्यालय पर कानपुर देहात के ग्राम में बुलडोजर द्वारा एक घर ध्वस्त किए जाने पर इस अत्याचार को न सह पाने के कारण मां बेटी की जलकर मौत होने की घटना का विरोध करते हुए रोहिलखंड प्रांतीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने कार्यालय के सामने हवन कुंड बनाकर बुलडोजर बाबा का बुलडोजर यज्ञ किया जिसमें बुलडोजर को आहूत किया गया । इस यज्ञ में जिला अध्यक्ष राम सिंह मौर्य व बरेली प्रभारी दानिश खान ने भी आहुति दी। सुनीता गंगवार ने कहा किए भारत के इतिहास में पहली सरकार है जो बेघरों को घर देने के बजाय लोगों को बेघर कर रही है सरकार बताए कि हिंदुस्तान की 70: जनता जो गांव में रहती है उनके पास अपनी जमीन अपने मकान के कागज होते हैं अगर नहीं है तो यह सिस्टम की कमी है उस को अवैध करार करके मनमाने ढंग से जहां पाया वहां बुलडोजर चलाकर लोगों पर अत्याचार किया व उनके घर मकान जगह छीन ली गई सरकार अपने नेताओं के बड़े-बड़े अवैध कब्जों पर बुलडोजर क्यों नहीं चला रही इस देश में अवैध की परिभाषा सिर्फ गरीब आदमी के लिए रह गई है इतना बड़ा अत्याचार आज तक किसी सरकार ने नहीं किया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को इतनी दर्दनाक घटना पर इस्तीफा दे देना चाहिए, और इस बुलडोजर की विनाश लीला को समाप्त करना चाहिए आज पूरे देश में इस विनाश लीला का अगर कोई विरोध कर रहा है।

# पीएम का संकल्प, 2025 तक टीबी को भारत से उखाड़ फेकेंगे: बृजेश

**संवाददाता।** बरेली

**रविवार** को बरेली के 300 बेड के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में प्रदेश के डिप्टी सीएम और बरेली मंडल के प्रभारी बृजेश पाठक ने टी बी के रोगियों को पुष्टाहार का वितरण किया इस अवसर पर स्वास्थ विभाग के आला और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम ने कहा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2025 तक पूरे भारत से टीवी का उन्मूलन किया जाए उसी के अनुपालन में बरेली में टीवी ऑन मोबाइल के लिए जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है वह अत्यंत सराहनीय है टीवी के रोगियों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है मैं इस उत्कृष्ट कार्य के लिए मुफ्त चिकित्सा अधिकारी डॉ बलबीर सिंह जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ केके मिश्रा को बधाई देता हूं जिन्होंने टीवी



के रोगियों को पुष्टाहार का वितरण करवाया है और आगे भी करवाते रहेंगे सरकार टीवी के रोगियों का निशुल्क इलाज कर रही है और वह बड़ी संख्या में ठीक भी हो रहे हैं टीवी का रोग कोई लाइलाज बीमारी नहीं है अनेक प्रकार की भ्रांतियां सरकार के प्रयासों से दूर की गई हैं जगह-जगह जांच केंद्र खोले गए हैं और लोगों को जागरूक किया जा रहा है टीवी से बचने के उपाय भी बताए जा रहे हैं किसी को बुखार हो तो अपने पास के स्वास्थ्य पर जाकर अपने बलगम की जांच करवाएं डॉक्टर की सलाह ले टीवी की पुष्टि होती है निशुल्क इलाज सरकार द्वारा किया जा रहा है साथ में उनके खातों में प्रोत्साहन राशि भी 500 रुपए प्रतिमाह डाली जा रही है।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि किस जिले में टीवी ओं की टीवी के रोगियों की संख्या पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया है एक टीवी का रोगी के साथ उसके परिजनों की भी जांच कराई जा रही है स्वास्थ विभाग की टीम घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है बलगम की जांच भी की जा रही है मेरा यही आग्रह है कि लोग सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं और टीवी की पुष्टि होने पर निशुल्क इलाज करवाएं हमें अपने माननीय प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करना है 2025 तक टी बी को भारत से जड़ से उखाड़ फेंकना है उसको पूरा करना है इस अवसर पर 50 टी बी के रोगियों को डिप्टी सीएम द्वारा किया गया कार्यों की सराहना की गई।

# 150 लीटर शराब बरामद

**मोहम्मदी खीरी।** अबैध शराब बनाने बालो पर आबकारी और पुलिस के साथ ग्राम बौधनिया मे सयुंक्त रुप से दबिस दी गयी। जिसमे.गन्ने के खेत मे तलासी के दौरान दो चढी भट्टी बरामद की गयी और मौके पर नष्ट की गयी, खेत मे 16 गड्ढे लहन के बरामद हुऐ जिसमे कुल 3200 लीटर लहन बरामद कर मौके पर नष्ट की गयी, लगभग 150 लीटर अवैध शराब बरामद कर जब्त की गयी, दबिस मे आबकारी इसपेकटर आर. के मिश्रा, नीरज पाण्डेय, आबकारी सिपाही एवं पुलिस आरक्षी योगेश कुमार, नवनीत, मुसाहिद हुसैन एवं सतबीर शामिल थे। इस कार्रवाई से अवैध शराब बनाने वालों में हड़कंप मचा है।

# पेज एक का शेष

## कई विपक्षी...

है। उन्होंने किसी पार्टी का नाम लिए बगैर कहा, कई पार्टी हैं जो मल्लिकार्जुन खरगे जी के साथ बैठक में आती हैं, लेकिन उनकी क्रिया सत्तापक्ष के साथ नजर आती है। हमारे दो चेहरे नहीं हैं। हम चाहते हैं कि अडाणी के मामले पर जेपीसी की जांच हो। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया, हमें किसी के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी एकता असफल होगी...मजबूत कांग्रेस के बिना मजबूत विपक्षी एकता असंभव है। चुनाव के पहले गठबंधन होना चाहिए, बाद में होना चाहिए, इस पर अधिवेशन में लोग अपना विचार रखेंगे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, रमेश और पार्टी के कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के अधिवेशन के बारे में कुछ ब्योरा सामने रखा। वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के चुनाव के संदर्भ में 24 फरवरी को पार्टी की संचालन समिति की बैठक में फैसला होगा। नीतीश कुमार के बयान के संदर्भ में वेणुगोपाल ने कहा, हमने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान समान विचार वाले दलों को आमंत्रित किया। ज्यादातर दल आए। संसद के सत्र के दौरान अडाणी समूह के मामले में विपक्षी दलों को साथ लिया। उन्होंने कहा, अधिवेशन एक ऐसा मंच होगा जहां इस पर चर्चा होगी। निश्चित तौर पर इस बारे में (नेतृत्व) का निर्देश आएगा। उन्होंने कहा कि 2024 से पहले कई राज्यों में चुनाव हैं जिन पर पार्टी को ध्यान देना है। वेणुगोपाल ने कहा कि इस बार का यह पूर्ण अधिवेशन 2024 के लोकसभा चुनाव की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## शिवसेना विवाद...

धड़े पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि जनता उसके नए चुनाव निशान को स्वीकार करेगी। रविवार को इस मुद्दे पर संवाददाताओं से पूछे जाने पर राकांपा प्रमुख ने पुणे के बारामती नगर में कहा, एकनाथ शिंदे धड़े को दिए गए नाम एवं चुनाव निशान से जुड़े विवाद में मैं नहीं पड़ना चाहता। मैं दो दिन पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुका हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पुणे यात्रा के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह सहकार महा सम्मेलन के लिए यहां आए थे। उन्होंने कहा, मैं इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में था। सहकारिता के क्षेत्र में नीतियों एवं मुद्दों के बारे में बातचीत हुई। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। मुझे लगता है कि उनके संबोधन में उनकी बातों का सही ढंग से जिक्र किया गया। मीडिया ग्रुप सकाल द्वारा बैंकिंग और चीनी उद्योग सहकार पर आयोजित सहकार महा सम्मेलन में अपने संबोधन में शाह ने शनिवार को कहा कि सहकारी क्षेत्र को अपनी प्रणाली में सुधार के लिए आत्मनिरीक्षण करना चाहिए तथा इस दिशा में केंद्र से उसे पूरा सहयोग मिलेगा।

## पवार के...

चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों को महाराष्ट्र की सभी 48 सीटें जीतने का लक्ष्य दिया। ठाकरे पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा, हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना का शरद पवार के चरणों में समर्पण कर दिया गया। उन्होंने (उद्धव ठाकरे) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कट-आउट के साथ हमारे साथ विधानसभा चुनाव लड़ा था। लेकिन नतीजे आने के बाद , उन्होंने (ठाकरे) पवार के चरणों में आत्मसमर्पण कर दिया। शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा, 2019 में, भाजपा और उसके सहयोगियों ने 48 में से 42 सीटें जीतीं। इस बार, हमें सभी 48 सीटें जीतनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम सत्ता के लालची नहीं हैं और न ही हमने कभी अपने सिद्धांतों का बलिदान किया है। पिछला महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में लड़ा गया था। प्रधानमंत्री मोदी और मैंने अपनी रैलियों के दौरान खुले तौर पर यह बात कही थी। इसके बावजूद, उन्होंने (ठाकरे) विपक्ष के साथ हाथ मिलाया। शिंदे गुट को असली शिवसेना मानने और उसे तीर-धनुष का चुनाव चिह्न देने के चुनाव आयोग के शुक्रवार के फैसले की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि वे (ठाकरे गुट) अब सबक सीखेंगे। शाह ने ठाकरे का नाम लिए बिना कहा, छल से आप कुछ दिनों के लिए सत्ता हासिल कर सकते हैं, लेकिन जब युद्ध के मैदान की बात आती है तो आपको जीतने के लिए साहस की जरूरत होती है।

## संजय राउत...

दी थी और उसे चुनाव निशान तीर-धनुष आवंटित करने का आदेश दिया था। पार्टी संगठन पर काबिज होने को लेकर चले लंबे संघर्ष पर 78 पन्नों के अपने आदेश में निर्वाचन आयोग ने उद्धव ठाकरे धड़े को उसे आवंटित किया गया चुनाव निशान जलती मशाल महाराष्ट्र में विधानसभा उपचुनाव होने तक रखने की अनुमति दी।

## पूर्वोत्तर के...

नड्डा ब्यंदूर में एक विशाल जनसभा में शामिल होंगे। इसके अलावा नड्डा उस दिन शाम को सुपारी उत्पादक सम्मेलन में भाग लेने के लिए चिकमगलुरु जिले के कोप्पा में होंगे, और उसके बाद श्रृंगेरी में जनप्रतिनिधियों की बैठक में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को चिकमगलुरु में बुद्धिजीवियों के साथ बैठक में भाग लेने के बाद नड्डा दोपहर के समय हासन जिले के बेलुरु में एक सार्वजनिक बैठक में शिरकत करेंगे। इसके अलावा 21 फरवरी की शाम नड्डा हासन में एक बूथ स्तरीय सम्मेलन में भाग लेंगे।

## आबकारी मामला...

के आखिरी हफ्ते तक का समय मांगा है, क्योंकि मैं दिल्ली के बजट को अंतिम रूप दे रहा हूं और यह एक अहम वक्त है। मैंने उनसे कहा है कि मैं फरवरी के आखिरी हफ्ते के बाद आऊंगा। उन्होंने कहा, बतौर वित्त मंत्री बजट समय से पेश करना मेरा कर्तव्य है और मैं उसके लिए दिन-रात काम कर रहा हूं। मैंने सीबीआई से फरवरी के आखिरी सप्ताह के बाद प्रश्नों का उत्तर देने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

## मेट्रो में...

लॉकर तक बेहतर पहुंच प्रदान करेगा। इस ऐप का उपयोग करने वाले यात्रियों को दिल्ली मेट्रो के स्टेशनों से बाइक, ई-रिक्शा, कैब और फीडर बसों की समय सारिणी, डीटीसी बसों और क्लस्टर बस रुट की बुकिंग जैसी तत्काल सुविधाओं तक पहुंच प्राप्त हो सकेगी।

## स्मार्ट शॉपर्स...

बॉक्स का भी उपयोग कर सकते हैं। यह ऐप यात्रियों को अपने स्मार्ट कार्ड को कहीं से भी तुरंत रिचार्ज करने की सुविधा प्रदान करेगा। ऐप में इनबिल्ट स्मार्ट कार्ड के लिए ऑटो-टॉप-अप सुविधा है। ऐप स्मार्ट भुगतान की सुविधा भी प्रदान करेगा।

## कंगारुओं को...

के कारण वे बोल्ड या पगबाधा हुए। शनिवार के नाबाद बल्लेबाज ट्रेविस हेड (43) और मार्नुस लाबुशेन (35) ही कुछ हद तक भारतीय स्पिनरों का सामना कर सके। लेकिन दिन के सत्र के पहले ओवर में ही ऑफ स्पिनर अश्विन की गेंद पर विकेटकीपर भरत ने हेड का कैच लपक लिया और इसके बाद मैच का रुख पूरी तरह से बदल गया। स्मिथ ने अश्विन के खिलाफ स्विप लगाने का पहले से मन बना लिया था लेकिन गेंद नीचे रही और उनके पैड से टकरा गई। स्मिथ ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस (मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ समीक्षा) लिया लेकिन उन्हें इसका फायदा नहीं हुआ। अब तक शानदार बल्लेबाजी कर रहे लाबुशेन जडेजा की तेज गेंद पर गच्चा खा गए। उन्होंने इस गेंद को बैकफुट पर जा कर खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले के नीचे से निकल कर स्टंप पर टकरा गई। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद स्कोर में कोई रन इजाफा किए बिना मैट रेनशॉ (दो), पीटर हैंड्सकॉम्ब (शून्य) और कप्तान पैट कमिंस (शून्य) का भी विकेट गंवा दिया। इससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 95 रन से सात विकेट पर 95 रन हो गया। डेविड वॉर्नर के चोटिल होने के बाद रेनशॉ को इस मैच के लिए टीम में शामिल किया गया था लेकिन उनके पास स्पिन को खेलने की तकनीक की कमी दिखी। एलेक्स कैरी (आठ रन) और लियोन (सात) ने इसके बाद 15 रन की साझेदारी की लेकिन जडेजा ने तीन रन के अंदर इन दोनों के अलावा मैथ्यू कुहनेमैन को बोल्ड कर भारत की जीत का रास्ता खोल दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा ने आक्रामक रुख अपनाया और पुजारा के साथ गफलत का शिकार होकर रन आउट होने से पहले 20 गेंद में 31 रन की पारी खेली। इसके बाद क्रीज पर आए विराट कोहली ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25,000 रन पूरे करने वाले सचिन तेंदुलकर (34357 रन) के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने। कोहली और सचिन के अलावा कुमार संगकारा (28016), रिकी पोंटिंग (27483), महेला जयवर्धने (25957) और जाक कैलिस (25534) ने इस मुकाम को छुआ है। कोहली ने हालांकि सबसे कम पारियों में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपनी 549वीं अंतरराष्ट्रीय पारी में इस आंकड़े को हासिल किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने 577 पारी में 25,000 रन पूरे किए थे।

## निवेश मामले...

एसोसिएशन नोएडा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र नाहटा ने बताया कि नोएडा से संस्था से जुड़े उद्यमियों ने 2918.61 करोड़ के प्रस्ताव दिए थे। ये निवेश 3 लाख, 96 हजार, 900 वर्गमीटर जमीन पर किया जाएगा। इस निवेश से 17 हजार, 934 लोगों को रोजगार मिलेगा। एमएसएमई के तहत निवेश करने वाले उद्यमियों के लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिले पहली पसंद है। इनमें गौतमबुद्धनगर पहले पायदान पर रहा है। इस जिले में निवेश के लिए कुल 392 एमओयू किए गए, जिसके माध्यम से 18693 करोड़ रुपए से उद्यम लगाए जाएंगे। इनमें ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क, पैकेजिंग यूनिट, ऑटोमोबाइल पार्ट्स समेत कई इंडस्ट्रीज शामिल हैं। प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी वाराणसी को भी एमएसएमई के अंतर्गत 212 एमओयू दर्ज किए गए हैं। इसके माध्यम से 5404 करोड़ रुपए का निवेश होगा। वहीं मुरादाबाद में 132 एमओयू के जरिए 5090 करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे। कानपुर नगर 322 एमओयूद्ध में 4587 करोड़, राजधानी लखनऊ 201 एमओयू में 4558 करोड़, अलीगढ़ 196 एमओयू में 4224 करोड़ और हापुड़ 208 एमओयू में 3926 करोड़ रुपए के निवेश होने हैं। इन टॉप.10 जिलों के माध्यम से ही प्रदेश में कुल 4403 एमओयू हुए हैं। जिसमें 83454 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। यह निवेश कुल एमओयू के 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है। प्रदेश के धार्मिक महत्व वाले जिलों में भी निवेश के लिए एमओयू किए गए हैं। योगी सरकार द्वारा इन जिलों में सभी क्षेत्रों में विकास की जो बयार बहाई गई है, उससे निवेशक काफी उत्साहित हैं।

# साम्प्रदायिक सद्भाव की मिसाल बनी भोले शंकर की बारात, मुसलमानों ने भी जमकर बरसाए फूल

संवाददाता। चित्रकूट



**हर-हर** महादेव के जयकारों के बीच दूल्हा सरकार राजाधिराज मत्स्यगयेन्द्रनाथ सरकार की बारात निकली। जगह-जगह बारात का स्वागत हुआ। बुंदेली सेना के साथ मुस्लिम भाइयों नें बारात पर फूलों की वर्षा की। रामघाट स्थित मंदिर में पूरी रात अनुष्ठान, चार प्रहर की आरती, भजन संध्या और रतजगा का दौर जारी रहा। मालपुआ से लेकर ठंडई और भांग तक, फल, मेवे से लेकर खीर और हलवा का प्रसाद बांटा गया। राम की नगरी में हर-हर महादेव की गूंज से ऐसा लग रहा था मानों हरि से हर का साक्षात मिलन हो रहा हो। शनिवार को देर शाम राजाधिराज की बारात धूमधाम से निकली। जबलपुर के बैंड और शहनाई की धुन पर भक्तजन झूमते-नाचते नजर आए। बैंड और शहनाई बारात में चार चांद लगा रहे थे। हांथी, घोड़े, ढोल-ताशों के साथ बाराती इतराते चल रहे थे। रथ में सवार भोलेनाथ की बारात नगर परिक्रमा करते जयपुरिया तिराहे पहुंची। यहां बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह व अंकित पहारिया के साथ मुस्लिम भाइयों में पप्पू खान की अगुवाई में बारात पर फूलों की वर्षा की। जानकीशरण गुप्ता, संजय सोनी, बद्री सिंह प्रधान कर्वी माफी, अतुल सिंह व वीपी पटेल नें 51 किलो पंचमेवा प्रसाद बांटा। पुराना सीतापुर बस अड्डा में भक्तों ने बारातियों को ठंढई पिलाई। बारात वापस मंदिर पहुंची तो दूल्हे की मौर लगाकर दूल्हा सरकार की महाआरती हुई। रात्रि में एक ओर भजन संध्या का कार्यक्रम मंदिर में भक्ति की बयार बह रही थी। चार प्रहर की आरती, रतजगा, अनुष्ठान और पूजा पाठ का दौर पूरी रात जारी रहा। मंदिर ट्रस्ट कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास और पुजारी विपिन बिहारी ने बारात का नेतृत्व किया। आरती व पूजा पाठ कर विधि विधान से संचालन किया। हजारों की तादाद में बाराती पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, डीआरआई के प्रधान सचिव अभय महाजन, आनंद सिंह पटेल, राहुल गुप्ता, गोलू गुप्ता, धर्मचंद्र गुप्ता, अंकित पटेल, विष्णु गुप्ता समेत गणमान्य लोग व व्यापारी व युवा मौजूद रहे।

## जन्मोत्सव पर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का नेकपूर कला में किया गया अनावरण



**फर्रुखाबाद।** नेकपुर कला स्थित शिवाजी संस्थान में 393 वी छत्रपति शिवाजी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सरदार पटेल युवा मंच के संस्थापक पदाधिकारियों द्वारा मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संजू कटियार,संजीव कटियार, दीपक कटियार, अतुल कटियार, मधुर कटियार, सौरभ कटियार ,सुरजीत सिंह कटियार,विशाल कटियार रानू लंबरदार, सनी विवेक कटियार, विनीत कटियार, नरजीत कटियार,अमित कटियार उर्फ लाल, अंकुर कटियार, मोनू कटियार, महामंत्री विकास कटियार ने हवन पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जैसे ही कन्या सारा, अनिका, ओजस्विता, अन्या ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। वैसे ही पूरा पंडाल वीर योद्धा शिवाजी के जयकारों से गुंजायमान हो उठास जिसके बाद मौजूद सभी लोगों ने एक.एक कर शिवाजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको याद किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को आचार्य विनीत जी के द्वारा कराए जा रहे हवन में आहुतिया दी । शिवाजी प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक.एक कर शिवाजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको याद किया। कार्यक्रम में जवाहर सिंह गंगवार, महेंद्र कटियार, डॉ वी के गंगवार, विनोद गंगवार, पवन कटियार, मदारी गंगवार, वासु कटियार,आशीष कटियार, मोहित कटियार, समरजीत, इंद्रजीत, मौजूद रहे। आदि बुजुर्ग व युवाओं ने कंधे से कंधे मिलाकर आगे भी सहयोग किए जाने की बात कही।

# निवेशकों की समस्याओं का तत्काल करें समाधान : प्रजापति

### ● कारागार मंत्री ने मीटिंग में निवेशकों से किया सीधा संवाद

संवाददाता। उरई, जालौन

**जनपद** के प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति ने यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 जनपद के निवेशकों से संवाद किया व निवेशकों को निवेश से संबंधित लगभग 7 मिनट की वीडियो क्लिप दिखायी गयी साथ ही निवेशकों की समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का विजन है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया जाये। उन्होंने कहा कि यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 में 21 देशों से सहभागिता की गयी जिसमें से 10 देशों ने यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 में पार्टनर्शिप की। उन्होंने कहा कि 41 देशों के लगभग 1000 से अधिक प्रतिनिधियों ने समिट में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मुम्बई, दिल्ली, चेन्नई, बैंगलुरू, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, नागपुर और चण्डीगढ़ सहित भारत के 10 शहरों में राज्य सरकार द्वारा रोड-शोज निवेशक संपर्क अभियान आयोजित किये गये साथ ही प्रदेश के सभी 75 जनपदों में जिला स्तरीय रोड-शो तथा 25 विभागीय क्षेत्र विशिष्ट इन्वेस्टर्स मीट आयोजित की गयी।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार ने आईटी/आईटीईएस डेटा सेन्टर, ईएसडीएम डिफेंस और एयरोस्पेस इलेक्ट्रिक वाहन, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल एमएसएमई आदि सहित कई सेक्टर में निवेश आकर्षित करने के लिये 25 नीतियों को तैयार करके विकास के लिये एक समग्र इकोसिस्टम बनाने के लिये कदम उठाये।

उन्होंने कहा कि लगभग 170 एमओयू पर विदेशों की कम्पनियों द्वारा हस्ताक्षर किये गये ऐसी कम्पनियों से प्रस्तावित निवेश की धनराशि लगभग 6,85,000 करोड़ रुपये है।

### बुंदेलखंड, पूर्वांचल को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा

**उरई।** कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में उद्योग स्थापित कर रहे हैं ताकि युवाओं को रोजगार, उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में 4804 निवेश प्रस्ताव, 687040.67 करोड़ का निवेश, बुन्देखण्ड में 908 निवेश प्रस्ताव, 368098.18 करोड़ से निवेशकों द्वारा निवेश किया जायेगा जिससे युवाओं को अधिक रोजगार प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रति एक क्षेत्र में जनपद में निवेश आकर्षित हुआ। निवेश सारथी पोर्टल के माध्यम से सम्पूर्ण प्रदेश में 33.52 लाख करोड़ के कुल 19250 एमओयू हस्ताक्षर किये। पूर्वांचल में 10821 निवेश प्रस्ताव, 1769788.84 करोड़ का निवेश, मध्यांचल में 2713 निवेश प्रस्ताव, 362625.33 करोड़ का निवेश एवं विभिन्न स्थानों में 4 निवेश प्रस्ताव, 165000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। उन्होने कहा कि बुंदेखण्ड के सभी 07 जिलों में निवेशकों द्वारा निवेश किया जा रहा है।

## जबरन जमीन का बैनामा कराने वाले सात लोगों पर अदालत के आदेश से मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर।** धोखाधड़ी कर संपत्ति का बैनामे के मामले में मलवां पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के खिलाफकोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। मलवां थाना क्षेत्र के कोढ़ई मजरे खाड़ेपुर निवासी राजेश ने बताया कि उसके मां और पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उसकी पत्नी ने भी दूसरा विवाह कर लिया है। उसे कोई संतान नहीं है। भाईयों का अलग परिवार है। इसका फायदा उठाकर गांव के संतलाल, ललौली थाने के हरीरामपुर निवासी राजेश कुमार, दरियाबाद निवासी सुनील कुमार ने 10 दिसंबर 2021 को नशीला पदार्थ खिलाकर उसका अपहरण कर ले गए। हरीरामपुर गांव में बंधक बनाकर रखा। सादे स्टांप और कागजों में हस्ताक्षर करा लिए। संपत्ति का बैनामा करने का दबाव बनाने लगे।

आरोपियों की दहशत में बैनामा को तैयार हो गया। तीनों 13 दिसंबर 2021 को तहसील फ्तेहपुर लेकर आए। उसके दो प्लाटों का बैनामा करा लिया। एक बैनामा सुनील कुमार और दूसरा राजेश कुमार ने 14 लाख में कराया। उसे रुपयों की चेक दी। इसके बाद 28 जनवरी 2022 को संतलाल ने अपनी पत्नी संध्या देवी नाम पर साढ़े छह लाख की मालियत की भूमि को एक लाख 70 हजार रुपये में खरीदी। 20 हजार नकद और डेढ़ लाख की चेक दी। बैनामों में गवाह के रूप सतेंद्र कुमार, विजयवीर सिंह, संतोष कुमार शामिल रहे। चेकों का भुगतान कराने पहुंचा तो जालसाजी का पता लगा। मामले की पुलिस से शिकायत की। कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। थानाध्यक्ष आलोक पांडेय ने बताया कि मामले में सुनील कुमार, हरीरामपुर के राजेश कुमार, संध्या देवी, संतलाल, संतोष कुमार, सतेंद्र कुमार, विजयवीर सिंह के खिलाफ अपहरण, नशीला पदार्थ खिलाने, बंधक बनाने, धमकी, जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विधवा से सामूहिक दुष्कर्म की पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट, न कराया परीक्षण

**फर्रुखाबाद।** गांव के दबंगों ने गरीब विधवा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया है। पुलिस ने न तो घटना की रिपोर्ट दर्ज की है और न ही पीड़ित महिला का डॉक्टरी परीक्षण कराया है जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। थाना मऊदरवाजा के ग्राम छगन नगला भिडौर की 27 वर्षीय गरीब विधवा महिला 16 फरवरी की शाम करीब 7:30 बजे खेतों में शौच करने गई थी। उसी दौरान गांव के प्रदीप लोधी पुत्र पंचम लाल एवं ललित मोहन लोधी पुत्र राजकुमार ने जबरन महिला को पकड़ लिया। दोनों युवक महिला को खींचकर अपने खेत की झोपड़ी में ले गए। वहां दोनों युवकों ने विधवा के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने जब विरोध किया तो अश्लील गालियां देकर उसकी पिटाई की गई। जाते समय पीड़िता को धमकी दी कि यदि किसी से भी इस बार की। शिकायत की तो तुझे व तेरे बच्चों को जान से मार डालेंगे। गरीब महिला दरदोजी का कार्य कर गुजारा करती है। उसके 4 बच्चे हैं और पति की करीब 4 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। महिला अपने बेटे के साथ घटना वाली रात रिपोर्ट दर्ज कराने थाने गई। पुलिस ने उसे वापस लौटा दिया। पीड़ित महिला दूसरे दिन तहरीर लेकर थाने गई, पुलिस ने महिला की तहरीर ले ली। लेकिन न तो रिपोर्ट दर्ज की और न ही उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया है। संपर्क किए जाने पर मऊदरवाजा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर आमोद कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें ऐसी घटना की जानकारी नहीं है और न ही कोई तहरीर मिली है।

## चोरी के जेवरात व सामान के साथ चार गिरफ्तार



**फतेहपुर।** कोतवाली पुलिस ने शहर के शांतीनगर स्थित विज्ञान भवन के समीप चोरी का सामान बेंचने के इरादे से खड़े चार लोगों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। पकड़े गये चोरों के पास से सोने-चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान व तमंचा-कारतूस भी बरामद किया है। पकड़े गये चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। कोतवाली परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि कुछ लोग विज्ञान भवन के समीप चोरी का सामान बेंचने के इरादे से खड़े हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए चोरों को पकड़ लिया।

पकड़े गये चोरों ने अपने नाम नीरज कुमार पुत्र चेतराम निवासी ग्राम औरा निस्फी थाना चांदपुर, राशिद खान पुत्र शहजादे खान निवासी ग्राम कोड़ा जहानाबाद, अभिजीत उर्फ अपजित पुत्र सोभनाथ निवासी ग्राम रमसाहीपुर थाना मोहब्बतपुर पइंसा जनपद कौशांबी हाल पता ग्राम चक्की थाना मलवां व गणेश सोनी पुत्र ओमकार नाथ सोनी निवासी लालूगंज थाना जहानाबाद बताया। चोरों के पास से पुलिस ने पहली धातु की चेन, एक पीली धातु की अंगूठी, एक जोड़ी पायल, तीस हजार पांच सौ रूपये नकद, पीली धातु का बड़ा हार, एक मंगलसूत्र, एक मांगबेदी, एक पीली धातु की लाकेट, तीन अंगूठी के अलावा एक सब्बल, एक तमंचा, कारतूस व चार सुतली बम बरामद किए। सीओ ने बताया कि शहर के लोधीगंज मुहल्ले में मास्टर के घर के अलावा अन्य स्थानों से यह सामान चोरी किया गया था। पकड़े गये चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक उमाशंकर सिंह, उपनिरीक्षक रामनरेश, अभिषेक यादव, दिनेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल दीप तिवारी, वीरेंद्र पाल, गणेश कुमार रावत, योगेश कुमार, सर्विलांस प्रभारी राजेश सिंह, कांस्टेबल शिव सिंह, अजय कुमार व सनत कुमार शामिल रहे।

# निखत अंसारी के मददगारों में आया सपा जिला महासचिव फराज़ खान का नाम, पिता हिरासत में

संवाददाता। चित्रकूट



### ● एसपी की मौजूदगी में बनारस टीम ने भी की पूछताछ

**जेल** मिलन कांड मामले में विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो व चालक नियाज को पुलिस ने तीन दिन की रिमांड पर लिया था। निखत से पूछताछ का रविवार को आखिरी दिन है। नियाज से दो दिन और पूंछताछ की जा सकती है। पूछताछ पूरी होने के बाद निखत को चित्रकूट जेल वापस भेजा जायेगा। वहीं सूत्रों के अनुसार निखत से पूछतांछ में स्थानीय मददगारों में सपा महासचिव फराज खान का नाम उजागर हुआ है। निखत की गिरफ्तारी के बाद से ही भूमिगत हुए सपा नेता को पकड़ने के लिए पुलिस के रविवार की शाम सपा नेता के पिता मुन्ने खां को हिरासत में लेने की खबर है।

रविवार को पूछताछ के तीसरे दिन पुलिस लाइन में आने-जाने वाले लोगों पर सख्ती से रोक लगाई गई है। निखत अंसारी के पूछताछ का आज आखिरी दिन है। पुलिस लाइन परिसर में रहने वालों और आने-जाने वालों को रजिस्टर में अंकित किया जा रहा है। कई स्थानों पर निगरानी को पुलिस लगाई गई है। बिना अनुमति के किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा। रविवार को एसटीएफ की टीम भी पूंछताछ के लिए पुलिस लाइन आ गई है। एसटीएफके साथ जिले की एसपी और बनारस से आई टीम सवेरे दस बजे से पुलिस लाइन स्थित गेस्ट हाउस पहुंचकर निखत से पूंछताछ कर रही हैं। शनिवार को पूंछताछ दौरान निखत की तबियत खराब हो गई थी। इससे दो घंटे तक पूंछताछ बाधित रही। रविवार शाम तक पूंछताछ के बाद निखत का मेडिकल परीक्षण कराकर उसे जिला चित्रकूट जेल भेजा जायेगा। निखत के ड्राइवर से अभी दो दिन तक पूंछताछ और की जायेगी। इसके बाद पुलिस उसे भी जेल में भेज देगी।

तीसरे दिन पूछताछ में कई लोगों के नाम सामने आये हैं। पूछतांछ में मुख्य मददगार के रूप में सपा महासचिव फराज खान का नाम सामने आया है। अंडर ग्राउड हो चुके सपा नेता को दबोचने के लिए रविवार शाम पुलिस टीम ने उसके पिता मुन्ने खां को हिरासत में ले लिया है।

## लोडर की टक्कर के बाद मोपेड-वाइक भिड़ीं, दो घायल

**घाटमपुर।** रविवार दोपहर बाद जहानाबाद रोड पर लोडर की टक्कर के बाद मोपेड और वाइक सवार भिड़ गये जिससे मोपेड सवार युवक वाइक में बैठी युवती घायल हो गया, हादसे के बाद स्वास्थ्य सेवायें की एम्बूलेन्स इलाज के लिये सीएचसी भेजा गया। सजेती के भदवारा गांव निवासी लक्ष्मी नरायान का 28 वर्षीय पुत्र सुभाष मोपेड में तेल भरवाने पेट्रोल पम्प गया था, तेल भरवाने के बाद सुभाष वापस गांव आ रहा था कि जैसे ही कैथा मोढ़ पर पंहुचा कि तभी जहानाबाद से घाटमपुर की ओर जा रहे लोडर ने टक्कर मार दी, लोडर की टक्कर से सुभाष का संन्तुलन बिगड़ गया और सामने से आ रही एक अन्य स्कूटी से टकराने के बाद सड़क पर जा गिरा, हादसे में सुभाष के साथ ही स्कूटी सवार समता देवी (26) पत्नी जयदीप निवासी निहुरा पारा थाना सजेती घायल हो गयी। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने दोनों को उर्सला कानपुर रेफर कर दिया है।

## शराबी युवक को नाचने से रोकने पर बरसाए पत्थर, कई बाराती घायल



**हमीरपुर।** शहर के स्थानीय गेस्ट हाउस में आई बारात में बारातियों संग एक शराबी युवक को नाचने से मना करना भारी पड़ गया। बारात में नाचने से मना करने पर शराबी युवक ने घर की छत पर चढ़ कर बारातियों पर जमकर पत्थर बरसाए। जिसमे तीन युवक घायल हो गए हैं। एक की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया है। वहीं सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के पठकाना मुहाल स्थित शहनाई गेस्ट हाउस में शुक्रवार की रात सुमेरपुर से बारात आई थी। बारात नगर में भ्रमण करके वापिस गेस्ट हाउस की ओर आ रही थी। जिसमे डीजे की धुन में मशगुल बाराती नाचते हुए आ रहे थे,तभी पठकाना निवासी युवक छोटू नशे में धुत होकर बारातियों संग नाचने लगा। जिसे बारातियों ने मना कर भगा दिया। जिससे नाराज छोटू ने घर की छत पर चढ़ कर बारातियों पर पत्थर बरसा दिए। इस घटना में पठकाना निवासी लक्ष्मी पुत्र लालमन, इदरीश पुत्र समीउल्लाह निवासी अमन शहीद व एक अन्य व्यक्ति के पत्थर लगने से घायल हो गए। जिन्हे परिजनों द्वारा आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां लक्ष्मी की हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया है, अन्य दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है। इस घटना की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तब तक हमलावर शराबी युवक फरार हो चुका था।थाना प्रभारी दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि हमलावर युवक खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास चल रहे हैं।

# आरोग्य मेले में 71 मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



संवाददाता। जालौन, उरई

**मुख्यमंत्री** जनआरोग्य मेला कार्यक्रम के तहत उरगांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाइयां दी गई। इस दौरान 71 मरीजों ने स्वास्थ्य मेला का लाभ लिया। पीएचसी उरगांव में मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेला के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉक्टर राजीव दुबे के नेतृत्व में किया गया। जन आरोग्य मेला के दौरान डॉक्टर राजीव दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम के तहत मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जरूरत पड़ने पर टेस्ट भी किए जाते हैं। इसके साथ ही दवाओं का भी निशुल्क वितरण भी किया जाता है। इसलिए अधिक से अधिक मरीज स्वास्थ्य मेले में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं। शिविर के दौरान 71 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें शुगर, बीपी, खांसी, जुकाम, बुखार, उल्टी, दस्त, पेट दर्द आदि से प्रभावित मरीज स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे। जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. मोनिका निरंजन, डॉ. रणधीर निरंजन, फार्मासिस्ट लियाकत अली, लालसिंह आदि ने स्वास्थ्य शिविर में सहयोग किया।

## पुलिस चौकी से ट्रक चोरी होने पर मचा हड़कंप

**हमीरपुर।** हमीरपुर कोतवाली क्षेत्र के कुछेछा चौकी में दो दिन पहले एआरटीओ द्वारा ओवरलोड में बंद ट्रक कल देर रात चोरी हो गया,पुलिस ने आज ट्रक मालिक व चालक के खिलाफ चोरी का मुकदमा कायम किया है। पुलिस के मुताबिक 16 फरवरी को एआरटीओ अमिताभ राय ने चेकिंग के दौरान ट्रक संख्या यूपी 78,एचएन 7416 को ओवरलोड में पकड़कर चौकी कुछेछा में बंद कर चालानी रसीद दी थी। ट्रक को चौकी के पास पार्किंग में सड़क के किनारे खड़ा कर दिया गया था। कल देर रात अचानक ट्रक चोरी हो गया जानकारी होते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गये पुलिस ने रात भर ट्रक के खोजबीन के लिये हाथ पांव मारे मगर जब कही सुराग नही लगा तो चौकी पुलिस के सिपाही ने कोतवाली में जाकर चालक अजय व स्वामी संजय सिंह के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है मगर पुलिस चालक व प्रबंधक के निवास की कोई जानकारी नही हो पायी है। ट्रक चौकी के सामने से चोरी हो जाने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लग गया है।

# राष्ट्रीय रामायण मेले के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

संवाददाता। चित्रकूट



रामकथा का मचंन करते कलाकार व जज को सम्मानित करते अध्यक्ष।

**राष्ट्रीय** रामायण मेले के द्वितीय दिवस सांध्य एवं देर रात्रिकालीन तक रामकथा पर आधारित शास्त्रीय नृत्य, संगीत, अभिनय, रासलीला, कठपुतली नृत्य आदि की रस व्यंजक, बोधप्रद प्रस्तुतियां कलाकारों ने प्रस्तुत किए। जिसमें नृत्य कला गृह बांदा की आस्था निगम के दल ने सबके प्यारे राम पर आधारित रामलीला का मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने रामलीला का भी भव्य मंचन किया। जिसे दर्शकों ने जमकर सराहा। इसके बाद नई दिल्ली संगीत नाटक अकादमी कथक केन्द्र ने रावण नृत्य नाटिका पेश की। रविवार को सुबह वृंदावन की ख्यातिलब्ध रासलीला मंडली द्वारा नारद मोह लीला का मंचन किया। दर्शकों को शिक्षा दी गई कि कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए। इसी क्रम में ही सर्वेश कुमार केन्द्रीय सूचना ब्यूरो लखनऊ व अनिल कुमार व उनके दल प्रयाग, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयाग व साधौ बैंड नई दिल्ली द्वारा भजन, लोकगीत प्रस्तुत किए। जिसे सुन दर्शकों ने तालियों की गड़गड़हाट से पांडाल को गुंजायमान कर दिया। अमिता द्विवेदी और डा प्रतिभा मिश्रा ने भजनों से समा बांधा। संध्या से देर रात्रि तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। जिसमें रात्रि को ब्रज कृष्णलीला, रासलीला संस्था वृंदावन के स्वामी कैलाश के संचालन में श्रीकृष्ण लीला का मंचन हुआ। संचालन मेले के महामंत्री करुणाशंकर द्विवेदी ने किया। राष्ट्रीय रामायण मेला उद्घाटन दिवस पर रात्रिकालीन कार्यक्रमों के दौरान सपत्नीक पधारे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विपिनचन्द्र दीक्षित का मेले के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश करवरिया व महामंत्री करुणाशंकर द्विवेदी ने फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यकारी अध्यक्ष ने शाल व श्रीफल भेंट किए।

## क्विक न्यूज

### नगर में धूमधाम से निकली भगवान भूतनाथ की बारात

**कोंच, जालौन।** पुराने अस्पताल में स्थित शिव मंदिर से भगवान भूतनाथ की बारात निकाली गई जो नगर की मुख्य सड़कों से होकर गुजरती हुई पुनः मंदिर पहुंची जहां भोलेनाथ और माता पार्वती का परिणियोत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। है भोलेनाथ की शादी, हम तो नाचेंगे की धुनों पर शनिवार रात नगर में शिव बारात निकाली गई। नगर पालिका के सामने स्थित पुराने सरकारी अस्पताल में स्थित शिव मंदिर से महादेव की बारात बैंड बाजे के साथ शुरू हुई और धूमधाम से पूरे नगर में भ्रमण किया। बारात में देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गई थी। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूम कर नाचते नजर आए। गले में पीतांबर, हाथों में डमरू और जिह्वा पर भोले की जयकार से वातावरण भक्तिमय था। शिव बरात में ढोल नगाड़े, अखाड़ा, बैंडबाजे शामिल रहे। इस दौरान आशुतोष रावत, रवि यादव, किशोर चचोंदिया, नीलू यादव, संतराम यादव, श्रीराम लखेरे, हरिश्चंद्र तिवारी, शीलू उदैनिया, शीतल, भैयन चचोंदिया, डॉ. शिवम यादव, पवन, मोदी चौरसिया, शीतल यादव, बुल्ले तिवारी, अंकुश श्रीवास्तव, सिरोमन यादव, आकाश राठौर, गोविंद राठौर, आकाश गुप्ता, कुलदीप दुवे, बबलू दुवे, मुरारी तिवारी, बुद्धि अग्रवाल, रजत अग्रवाल, आकाश सोनी आदि मौजूद रहे।

### हर्ष फायरिंग में रिसोर्ट मालिक समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**राठ, हमीरपुर।** शुक्रवार की रात गोल्डन रिसोर्ट में शादी के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में युवक सहित एक वृद्ध के घायल होने पर कोतवाल ने रिसोर्ट मालिक सहित प्रबंधक और बाराती पक्ष के एक व्यक्ति पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल तारा सिंह पटेल ने बताया कि शुक्रवार मझगवां थाने के नौरंगा गांव निवासी करन सिंह राजपूत की पुत्री श्रृष्टि की शादी कस्बे के उरई रोड स्थित गोल्डल रिसोर्ट में थी। बारात जनपद महोबा के चरखारी निवासी शिवम राजपूत की आई थी। रात्रि में टीका की रस्म के दौरान कार्यक्रम में बारात पक्ष से कुछ लोगों ने असलाहों का प्रर्दशन कर हवाई फायरिंग कर दी। जिससे नौरंगा गांव निवासी 18 वर्षीय राहुल सिंह पुत्र तुलसीदास साहू और 61 वर्षीय प्यारेलाल पुत्र दयाराम अहिरवार गोली लगने से घायल हो गए थे। दोनों का इलाज मेडिकल कालेज उरई में चल रहा है। कोतवाल ने बताया कि हर्ष फायरिंग में गोल्डन रिसोर्ट के मालिक शिवकुमार निवासी गहरौली थाना चरखारी हालपता चौबटटा राठ, गोल्डन रिसोर्ट प्रबंधक महाराज यादव और बारात पक्ष से रामभरत पुत्र हरिनारायण राजपूत के विरुद्ध न्यायालय का उल्लंघन सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### स्मृति दिवस पर नन्दन बाबू को दी गई श्रद्धांजलि

**फतेहपुर।** भारतीय जानता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवीं स्व. पं. हरिनारायण दुबे नन्दन बाबू को आज यहां सरदार पटेल प्रेक्षागृह में स्मृति दिवस का आयोजन करके नम आँखों से श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जिले की नामचीन हस्तियों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस विस्तारित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डा. चन्द्र कुमार पाण्डेय ने की जबकि संचालन वरिष्ठ राजनीतिज्ञ सुरेन्द्र सिंह गौतम कर रहे थे। कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ो लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया और समाज एवं रणनीति में उनके योगदान को स्मरण किया। दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गई। ज्ञातव्य हो कि आनरेरी मजिस्ट्रेट एवं अमौली ब्लॉक प्रमुख रहे नन्दन बाबू का विगत 12 फरवरी को निधन हो गया था। उन्हें सर्वसमाज द्वारा आज शोक सभा का आयोजन करके श्रद्धांजलि दी गई।

### कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में चला स्वच्छता अभियान



**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 57वें अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन जारी है। स्वच्छ भारत मिशन के ईओ लालजी ने कहा कि आज के समय में सफाई से रहना सबको पसंद है। स्वच्छता जीवन के लिए बहुत जरूरी है। घर में ही साफसफाई रखना जरूरी नहीं है, अपने आसपास भी सफाई रखी जाये। रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका के राकेश केशरवानी ने बताया कि कुछ लोग कामदगिरि परिक्रमा को नियमित गन्दा करते हैं। ऐसे लोगों को कई बार मौखिक रुप से मना किया, लेकिन कुछ लोग नहीं मानते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाये। जनजागरूकता के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान से स्वच्छता देश में ही नहीं, हर ओर खुशहाली आयेगी। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता का उद्देश्य आसपास की सफाई करना नहीं है, बल्कि लोगों को सहभागिता से अधिक अभियान के प्रति प्रेरित करना है।

### आप ने बुलडोजर की दी यज्ञवेदी में आहुति

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला एवं जिला प्रभारी नरेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता व बुन्देलखण्ड महासचिव अंकित सिंह की मौजूदगी में कानपुर देहात कांड के विरोध में जिले में बुलडोजर आहुति यज्ञ तथा नगर निकाय चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई। रविवार को आम आदमी पार्टी के ट्राफिक चौराहा स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष सतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि कानपुर देहात में मां-बेटी की जलकर हुई मृत्यु के विरोध में पदाधिकारियों ने सांसद संजय सिंह के दिशा-निर्देश पर जिला कार्यालय में श्यामबाबू त्रिपाठी ने मंत्रोच्चारण कर बुलडोजर आहुति यज्ञ किया। मौजूद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्लास्टिक के बुलडोजर की यज्ञवेदी में आहुति दी। प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि देने को मां मन्दाकिनी व प्रभु कामतानाथ से प्रार्थना की।

### कलश यात्रा व भागवत कथा का हुआ आयोजन

**फतेहपुर।** अनुरागेश्वर मन्दिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों के अवसर पर कलश यात्रा निकालकर आठ दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सर पर कलश रखकर यात्रा निकाली जो विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मन्दिर प्रांगण पहुंची। रविवार को खम्भापुर स्थित अनुरागेश्वर महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में अपराह्न 12 बजे कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा श्याम नगर खंभापुर से निकलकर रघुवंशपुरम होते हुए माधुरी कालोनी, चांदमारी पीएसी लाइन होते हुए वापस मन्दिर परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। बड़ी संख्या में महिलायें सर पर कलश लेकर भक्ति भाव से यात्रा में शामिल हुई। कार्यक्रम आयोजक अनुराग नारायण पुत्तन मिश्रा ने बताया कि अनुरागेश्वर मन्दिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में जनपद के ही नही दूर दूर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। कलश यात्रा के बाद रविवार को शाम तीन बजे से आठ दिवसीय भागवत कथा आरम्भ होगी।

# दमिश्क पर इजराइल का हवाई हमला

भाषा। बेरूत

**इजराइल ने** बीती रात मध्य दमिश्क के एक रिहायशी इलाके पर हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना की खबर में यह जानकारी दी गई है। सना की खबर के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रात करीब साढ़े 12 बजे राजधानी में धमाकों की तेज आवाज सुनी गई और सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली दमिश्क में दुश्मन के हवाई हमलों का जवाब दे रही है। समाचार एजेंसी ने सैन्य सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि हमलों में एक सैनिक सहित पांच लोग मारे गए तथा 15 अन्य घायल हुए हैं। इसने कहा कि कई रिहाइशी इमारतें नष्ट हो गई हैं। समाचार एजेंसी ने खबर दी है कि इस हमले से मध्य दमिश्क स्थित मध्यकालीन किले से जुड़ी इमारत को नुकसान पहुंचा है, जहां पर एप्लाइड आर्ट इंस्टीट्यूट स्थित है। ब्रिटेन स्थित निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर

## ●पांच लोगों की मौत : सीरिया की सरकारी मीडिया का दावा

ह्यूमन राइट्स ने कहा है कि ईरानी मिलिशिया और लेबनानी हिज्बुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए हमले में एक महिला सहित 15 लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि दमिश्क के बाहरी इलाके और कफ्र सुसा स्थित ईरानी स्कूल को निशाना बनाया गया। प्राचीन और संग्रहालय महानिदेशक मोहम्मद अवाद ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि दमिश्क किले के आसपास की इमारतों को नुकसान पहुंचा है जहां पर कला व विरासत संस्थान है और किले के प्रबंधन कार्यालय भी हैं। हमले में दुलर्भ और कीमती उपकरण व मशीनें नष्ट हो गई हैं जिन्हें प्रतिबंधों और आर्थिक संकट की वजह से हासिल करना मुश्किल है। हमले को लेकर इजराइल का तत्काल कोई बयान नहीं आया है। इजराइली सेना ने मामले पर टिप्पणी



करने से इनकार कर दिया है। ईरान समर्थित समूह के अधिकारी ने कफ्र सुसा हमले में ईरानी या फलस्तीनी अधिकारियों को निशाना बनाए जाने को लेकर मीडिया में आई खबरों का खंडन किया है। हमला इमारत के नीचे बनी पार्किंग पर किया गया, जिसमें 10 नागरिक और सैनिक मारे गए और वे सभी सीरियाई थे। अधिकारी ने वहां पर किसी ईरानी या हिज्बुल्ला का सदस्य होने से भी इनकार किया। इजराइल अक्सर दमिश्क के आसपास के इलाकों को हवाई हमले का निशाना बनाता रहा है लेकिन रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की घटना दुर्लभ है। छह फरवरी को तुर्किए और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बाद से यह पहला हमला है। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा की। मंत्रालय ने कहा कि हमला ऐसे समय किया गया, जब विनाशकारी भूकंप के जख्मों से सीरिया उबर रहा है, मारे गए लोगों को सुपुर्द ए खाक कर रहा था, शोक और सहानुभूति संदेश प्राप्त कर रहा था ।

## बलूचिस्तान प्रांत से संदिग्ध महिला आत्मघाती हमलावर गिरफ्तार

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने आत्मघाती हमले की कथित योजना बना रही एक महिला को विस्फोटकों से लदी जैकेट के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध महिला की पहचान महाबल के रूप में हुई है और उसे शनिवार को क्वेटा के उपनगर से गिरफ्तार किया गया। हमें खुफिया सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित विद्रोही संगठन बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने क्वेटा में एक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान पर हमला करने के लिए एक आत्मघाती हमलावर भेजा है। हमने उसकी पहचान बेबगर उर्फ नदीम की पत्नी महाबल के रूप में की है। अधिकारी ने बताया, सीटीडी और खुफिया विभाग की टीमों ने इलाके में प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन फ्रंट के खिलाफ एक अभियान चलाकर महिला को क्वेटा के उपनगर में एक पार्क के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास बैग मिला ।

# उत्तर कोरिया ने फिर से धमकी दी

## आईसीबीएम परीक्षण के जवाब में अमेरिकी बमवर्षकों ने उड़ान भरी

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया** ने रविवार को कहा कि अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के उसके नवीनतम परीक्षण का उद्देश्य विरोधियों के खिलाफ घातक परमाणु हमले की उसकी क्षमता में और इजाफा करना है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच प्रस्तावित सैन्य अभ्यास के जवाब में अतिरिक्त कदम उठाने की धमकी भी दी। अमेरिका ने उत्तर कोरियाई धमकी का जवाब लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम सुपरसोनिक बमवर्षकों की उड़ान के साथ दिया। बाद में रविवार को उसने दक्षिण कोरियाई और जापानी लड़ाकू विमानों के साथ युद्धाभ्यास किया। शनिवार को हुआ अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण एक जनवरी के बाद से उत्तर कोरिया का पहला मिसाइल परीक्षण



है। इससे संकेत मिलता है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अपने विरोधियों के सैन्य अभ्यास का इस्तेमाल अपने देश की परमाणु क्षमता का विस्तार करने के अवसर के रूप में कर रहे हैं, ताकि अमेरिका के साथ भविष्य में होने वाले समझौतों में इसका लाभ उठाया जा सके। विशेषज्ञों ने बताया कि उत्तर कोरिया आईसीबीएम का नियमित परिचालन परीक्षण कर सकता है। उत्तर कोरिया की सरकारी एजेंसी केसीएनए ने कहा कि किम जोंग उन के सीधे आदेश पर बिना किसी पूर्व सूचना के मौजूदा ह्वासोंग- ।अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का अचानक परीक्षण किया गया। केसीएनए ने कहा कि ह्वासोंग -15 परीक्षण ने उत्तर के शक्तिशाली भौतिक परमाणु निवारक और शत्रु शक्तियों पर घातक परमाणु पलटवार की अपनी क्षमता के प्रयासों को अत्यंत मजबूत बना दिया है, जिसका मुकाबला नहीं किया जा सकता। समाचार एजेंसी ने बताया कि मिसाइल ने अधिकतम 5,770 किलोमीटर की ऊंचाई पर जाने के बाद करीब 900 किलोमीटर की दूरी 67 मिनट में तय करने के साथ कोरियाई प्रायद्वीप और जापान की जलसीमा के बीच समुद्र में पहले से तय लक्ष्य को सटीकता से भेदा। बाद में रविवार को अमेरिकी बी- ।बी बमवर्षकों और अन्य विमान दक्षिण कोरिया और जापान के विमानों के साथ परीक्षण के अलावा अलग से भी कोरियाई प्रायद्वीप के ऊपर और आसपास उड़े। दक्षिण कोरिया की सेना ने यहां जारी बयान में कहा कि रविवार का अभ्यास वाशिंगटन की सियोल की सुरक्षा के प्रति फौलादी प्रतिबद्धता को दोहराता है। किम जोंग उन की प्रभावशाली बहन किम यो जोंग ने आरोप लगाया कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका खुले तौर पर कोरिया प्रायद्वीप में अपने सैन्य बढ़त और वर्चस्व को स्थापित करने की खतरनाक लालच को प्रदर्शित कर रहे हैं।

## पूर्व आईएसआई प्रमुख टीटीपी सदस्यों को पाकिस्तान वापस लाना चाहते थे: मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक मंत्री ने रविवार को कहा कि आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सदस्यों को देश में वापस लाना चाहते थे, लेकिन उनकी योजना निष्फल हो गई। संघीय मानवाधिकार मंत्री रियाज पीरजादा ने यह बात डॉन न्यूज के कार्यक्रम मे कही। पीरजादा ने दावा किया कि एक निजी बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सेना के जनरलों ने पाकिस्तान में टीटीपी सदस्यो के पुनर्वास का प्रस्ताव दिया था। मंत्री के हवाले से डॉन अखबार की खबर मे कहा गया, उस समय जनरल फैज ने सुझाव दिया था कि उन्हे (टीटीपी) मुख्यधारा मे लाया जाना चाहिए, लेकिन यह निष्फल हो गई। उन्होने आगे कहा, हालांकि, बिलावल भुट्टो जरदारी और शहबाज शरीफ ने इस पर बातचीत की... उन्होने कहा कि कई लोकप्रिय नेताओं की टीटीपी द्वारा हत्या की गई है, जिनमे बेनजीर भुट्टो साहिबा भी शामिल है।

## लॉर्ड स्वराज पॉल ने दिवंगत पत्नी की याद में ब्रिटेन में हॉल का उद्घाटन किया

**लंदन।** जाने माने अनिवासी भारतीय उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल ने यहां ऐतिहासिक इंडियन जिमखाना क्लब में अपनी दिवंगत पत्नी अरुणा की याद मे एक भव्य नए हॉल का उद्घाटन किया है। पश्चिम लंदन में 60 साल से अधिक पुराने जिमखाना क्लब मे शनिवार को लॉर्ड पॉल के 92वें जन्मदिन के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम मे लेडी अरुणा स्वराज पॉल हॉल का उद्घाटन हुआ, जिसमे ब्रिटिश सांसद और राजनयिक भी शामिल हुए थे। लेडी अरुणा का 86 वर्ष की आयु मे पिछले साल मई मे लंदन मे अपने आवास मे निधन हो गया था। लॉर्ड पॉल ने कहा, यह हॉल मेरी अद्भुत पत्नी को एक श्रद्धांजलि है जिसे मुझे बहुत याद आती है। हमारी शादी के 65 साल के दौरान हमारे बीच कभी कोई बहस नही हुई। उन्होने वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय मे एक भवन का नाम अपनी दिवंगत पत्नी के नाम पर रखने की योजना की घोषणा की, जहां वह चांसलर है। अमेरिका, भारत, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मे कारोबार करने वाली ब्रिटेन स्थित कपारो ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक पॉल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई चर्चा के बाद वाराणसी मे एक नया नर्सिंग कॉलेज और अस्पताल खोलने का अपना दृष्टिकोण भी सामने रखा। उन्होने कहा, मुझे भारत से बहुत प्यार है, जहां जालंधर मे मेरा जन्म हुआ था। इसलिए भारत मेरे दिल मे है, अमेरिका मेरे दिल मे है और ब्रिटेन एक ऐसा देश है जिसे मै प्यार करता हूं। कार्यक्रम मे शामिल हुए कुछ विशिष्ट अतिथियो मे दक्षिण एशिया के लिए ब्रिटेन के प्रभारी विदेश राज्य मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद, ब्रिटेन के लिए भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी एवं उनकी पत्नी संगीता और ब्रिटेन के लिए बांग्लादेशी उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीम शामिल थी। इंडियन जिमखाना क्लब 1916 मे स्थापित हुआ था और भारतीय उपमहाद्वीप के सबसे प्रमुख क्रिकेटरो और हॉकी खिलाड़ियो का एक समय इसके मैदान में खेलने का इतिहास रहा है।

# एंटनी ब्लिंकन ने तुर्किए के भूकंप प्रभावित इलाकों का दौरा किया



## मृतक संख्या बढ़कर 40,689 हुई

## 10 करोड़ डॉलर की मदद देने का वादा

भाषा। इस्तांबुल

**अमेरिकी विदेश** मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दक्षिणी तुर्किए और उत्तरी सीरिया में छह फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित हुए प्रांतों में से एक का रविवार को हेलीकॉप्टर से दौरा किया और क्षेत्र की मदद के लिए 10 करोड़ डॉलर की सहायता राशि देने का वादा किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भूकंप के कुछ दिनों बाद तुर्किए और सीरिया के लिए 8.5 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की थी। भूकंप में दोनों देशों में 44,000 से अधिक लोगों की मौत हुई है। अमेरिका ने एक तलाशी और बचाव टीम, मेडिकल आपूर्ति और उपकरण भी भेजे हैं। अतिरिक्त सहायता में आपात शरणार्थी एवं आव्रजन कोष में 5 करोड़ डॉलर की मानवीस सहायता शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्री दो साल पहले कार्यभार संभालने के बाद से उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश तुर्किए की पहली यात्रा पर हैं। ब्लिंकन जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शरीक होने के बाद रविवार को अदन के पास इंकीरलिक एयरबेस पर पहुंचे। उन्होंने तुर्किए के विदेश मंत्री मेव्लुट कावुसोग्लू के साथ तुर्किए के हेते प्रांत का हेलीकॉप्टर से दौरा किया। उनके अमेरिकी और तुर्क सैन्य कर्मियों और भूकंप प्रभावित तुर्किए के सैनिकों के परिवारों से भी मिलने की उम्मीद है। हेलीकॉप्टर से ब्लिंकन के दौरा करने के बाद, एक शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा, जब आप क्षति के स्तर, नष्ट हुए भवनों की संख्या, अपार्टमेंट की संख्या, घरों की संख्या को देखेंगे, तब पुनर्निर्माण की बड़ी कोशिशें करने की जरूरत महसूस होगी। अभी सर्वाधिक महत्वपूर्ण चीज जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। इंकीरलिक में अमेरिकी वायुसेना का 39वां एयरबेस विंग स्थित है। यह राहत सहायता वितरण के लिए एक अहम केंद्र है। तुर्किए के अधिकारियों के साथ सोमवार को चर्चा करने के लिए ब्लिंकन रविवार को ही राजधानी अंकारा रवाना होने वाले हैं।

## तुर्किए: भूकंप प्रभावित 11 में से नौ प्रांतों में बचाव कार्य समाप्त

भाषा। इस्तांबुल

**तुर्किए में** छह फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप के मलबे में लोगों की तलाश और बचाव का प्रयास अपने अंत की तरफ बढ़ना शुरू हो गया है। भूकंप प्रभावित 11 में से नौ प्रांतों में बचाव का काम समाप्त हो चुका है, वहीं तुर्किए में भूकंप से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 40,689 हो गई है। फिलहाल तोड़फोड़ करने वाला दल मलबे के ढेर को हटाने के काम में जुट गया है। भूकंप के बाद रविवार का घटनाक्रम ए है- मृतकों की संख्या में 47 की वृद्धि: तुर्किए में भूकंप के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 40, 689 हो गई है। यह जानकारी देश की आपदी एजेंसी एएफएडी के प्रमुख यूनुस सेजर ने दी। मृतकों की संख्या में शनिवार शाम तक के आंकड़े के मुकाबले 47 की बढ़ोतरी हुई है। सेजर ने पत्रकारों से अंकारा में कहा कि भूकंप से प्रभावित 11 में से नौ प्रांतों में तलाश और बचाव का काम समाप्त हो चुका है।

# चीनी विदेश मंत्री से मिले ब्लिंकन

## कहा: अमेरिकी संप्रभुता का उल्लंघन अस्वीकार्य

भाषा। वाशिंगटन



**चीन के** कथित जासूसी गुब्बारे को लेकर संबंधों में आई कड़वाहट के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शनिवार को अपने चीनी समकक्ष वांग ई से मुलाकात की और अमेरिकी संप्रभुता के अस्वीकार्य उल्लंघन का मुद्दा उठाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यूक्रेन युद्ध में रूस को मदद पहुंचाने को लेकर चीन पर पाबंदियां लगाई जा सकती हैं। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर यह बातचीत की। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, विदेश मंत्री ने अमेरिकी हवाई क्षेत्र में चीन के निगरानी गुब्बारे के कारण अमेरिकी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून के अस्वीकार्य उल्लंघन को लेकर सीधी बात की और कहा कि इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकत दोबारा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, भेंट के दौरान ब्लिंकन ने स्पष्ट किया कि अमेरिका अपनी संप्रभुता का कोई भी उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेगा और चीनी गुब्बारा कार्यक्रम जिसने पांच महाद्वीपों के 40 से अधिक देशों के हवाई क्षेत्रों में अतिक्रमण किया है, दुनिया के सामने बेनकाब हो गया है। अमेरिका और चीन के रिश्तों में तब और खटास आ गई थी जब अमेरिका ने कहा कि चीन ने अमेरिकी हवाई क्षेत्र में एक जासूसी गुब्बारा छोड़ा, जिसे अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने राष्ट्रपति जो बाइडन के आदेश पर नष्ट कर दिया। गुब्बारा प्रकरण के बाद ब्लिंकन ने अपनी निर्धारित चीन यात्रा रद्द कर दी थी। अगर ब्लिंकन 5-6 फरवरी को चीन की यात्रा करते तो यह बीते पांच साल में किसी अमेरिकी विदेश मंत्री का पहला चीन दौरा होता।

## चीन के रूस का समर्थन जारी रखने के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर प्रभाव होंगे : ब्लिंकन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का घातक समर्थन जारी रखने को लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि इसके अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर प्रभाव होंगे। उन्होंने चीन द्वारा कथित तौर पर अमेरिका में भेजे गए जासूसी गुब्बारों की घटना की भी निंदा की और कहा कि यह फिर कभी नहीं होनी चाहिए। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ब्लिंकन और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठतम विदेश नीति अधिकारी वांग ई के साथ म्यूनिख में शनिवार को करीब एक घंटे तक बातचीत हुई थी। मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेता अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए वहां गए थे। करीब एक पखवाड़े पहले चीनी जासूसी गुब्बारे को अमेरिकी सीमा में मार गिराए जाने के बाद पहली बार दोनों देशों के शीर्ष राजनयिकों की आमने-सामने की मुलाकात हुई।

## कराची पुलिस प्रमुख के कार्यालय पर हमला करने वालों की पहचान हुई

भाषा। पेशावर

**कराची के** पुलिस प्रमुख के कार्यालय पर भारी हथियारों के साथ हमला करने वाले पाकिस्तान तालिबान के आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है। हमले में संलिप्त आतंकवादी पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के दो जिलों के रहने वाले थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर 10 मिनट पर तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादियों ने कराची स्थित पुलिस प्रमुख के पांच मंजिला कार्यालय पर हमला किया था। प्रतिबंधित टीटीपी के प्रवक्ता मोहम्मद खुरसानी ने बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली थी। घंटों चली मुठभेड़ में टीटीपी के तीन आतंकवादी मारे गए थे और तीन सुरक्षाकर्मियों सहित चार अन्य लोगों की भी जान गई थी। पुलिस के मुताबिक, आतंकवादी जाला नूर और किफायतुल्ला की पहचान उत्तरी वजीरिस्तान के लक्की मरवात जिला निवासी के तौर पर हुई है।

# पाकिस्तान पहले ही दिवालिया हो चुका है : रक्षा मंत्री आसिफ



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के रक्षा** मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि देश पहले ही दिवालिया हो चुका है। उन्होंने मौजूदा आर्थिक संकट के लिए सेना, नौकरशाही और राजनीतिक नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। अपने गृह नगर सियालकोट में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को खुद को स्थिर करने के लिए अपने पैरों पर खड़ा होना जरूरी है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने उनके हवाले से कहा, आपने सुना होगा कि पाकिस्तान दिवालिया हो रहा है। यह पहले ही हो चुका है। हम एक दिवालिया देश में रह रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी समस्याओं का समाधान देश के भीतर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास पाकिस्तान की समस्याओं का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि सेना, नौकरशाही और राजनीतिक नेताओं समेत हर कोई मौजूदा आर्थिक बदहाली के लिए जिम्मेदार है क्योंकि पाकिस्तान में कानून और संविधान का पालन नहीं किया जाता। पूर्ववर्ती सरकार पर हमलावर रुख अपनाते हुए आसिफ ने कहा कि ढाई साल पहले पाकिस्तान में आतंकवादी लाए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवाद की मौजूदा लहर चली। शुक्रवार को कराची में पुलिस कार्यालय पर हुए हमले के बारे में उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों ने हमलावरों का बहादुरी से मुकाबला किया।

## पाक मंत्रियों ने चुनाव तारीखों की घोषणा का दबाव डालने के लिए राष्ट्रपति पर निशाना साधा

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** राष्ट्रपति आरिफ अल्वी कथित तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सलाह पर देश के निर्वाचन आयोग पर खैबर-पख्तूनख्वा व पंजाब प्रांतों में चुनाव कराने का दबाव डालने को लेकर गठबंधन सरकार के मंत्रियों के निशाने पर आ गए हैं। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ से संबंध रखने वाले राष्ट्रपति अल्वी ने शनिवार को पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा को दोनों विधानसभाओं के लिए चुनाव की तारीखों पर चर्चा करने के वास्ते 20 फरवरी को होने वाली एक आपात बैठक के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने इससे पहले आठ फरवरी को पाकिस्तान निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा था, जिस पर कोई जवाब नहीं मिलने के बाद दोबारा पत्र लिखा गया। दूसरे पत्र में, राष्ट्रपति ने निर्वाचन आयोग की ओर से उदासीनता और निष्क्रियता पर नाराजगी व्यक्त की।

# चीनी गुब्बारा प्रकरण अमेरिका-चीन तनाव के लंबे इतिहास का हिस्सा

भाषा। टोरंटो

**यह आश्चर्य की** बात नहीं है कि हाल में चीनी गुब्बारे की घटना ने खतरे की घंटी बजाई है। विशाल आकार वाले गुब्बारे को नष्ट करने के लिए एक साइडविंडर मिसाइल के जरिए धीरे-धीरे और बड़ी ही सावधानी के साथ मोंटाना से दक्षिण कैरोलिना तट तक ले जाया गया। वहीं,मीडिया में आई खबरों में कहा गया कि अलास्का, युकोन और ह्यूरोन झील के ऊपर तीन और संदिग्ध हवाई वस्तुओं को देखा गया, जिन्हें नष्ट कर दिया गया। कनाडा और अमेरिका, दोनों देशों की सरकारों ने इन वस्तुओं को अज्ञात हवाई वस्तु करार देने के लिए विज्ञान फिक्शन की भाषा का इस्तेमाल किया। हालांकि, पहली चीनी हवाई वस्तु को चीन द्वारा मौसम विज्ञान से जुड़ा गुब्बारा बता कर बचाव किए जाने पर अमेरिकी अधिकारियों ने संशय जताया, जो



दोनों देशों के बीच तनावों के लंबे इतिहास को लेकर चिंतित हैं।

**वास्तविक जागरूकता अंतराल:** गुब्बारे की घटना के बीच, नार्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमान के प्रमुख जनरल ग्लेन वैनहर्क से सवाल किया कि पूर्व में गुब्बारे देखे जाने पर इस तरह की चिंता क्यों नहीं जताई गई। उन्होंने जवाब दिया कि हालिया घटनाओं ने जागरूकता अंतराल को उजागर किया है, जिसका मतलब है कि कमान को गुब्बारे जैसी वस्तुओं की अपनी निगरानी क्षमता मजबूत करने की जरूरत है। जासूसी और निगरानी के मोर्चे पर दोनों देशों के बीच सदा ही परस्पर संदेह की स्थिति रही है। कई वर्षों तक अमेरिकियों के पास आर्थिक, सैन्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में श्रेष्ठता रही।

**चीनी घुसपैठ पर अमेरिकी तर्क:**

अमेरिका ने नियमित और ऐतिहासिक रूप से चीन के व्यवहार को आक्रामक बताया है।

हाल के समय मे, अमेरिकियो ने ताइवान के प्रति चीन के खतरनाक रुख, दक्षिण चीन सागर मे विस्तारवादी कदमो और अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्रो मे वर्चस्व कायम करने की कोशिश करने की बात कही है। पिछले साल, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर सर्वाधिक गंभीर दीर्घकालिक चुनौती और चीन द्वारा पैदा की जा रही चुनौती पर ध्यान केंद्रित रखने का वादा किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि शुरुआती चीनी जासूसी गुब्बारे को नष्ट किए जाने के बाद उत्तरी अमेरिका के ऊपर नष्ट किए गए तीन हवाई वस्तु चीन के जासूसी गुब्बारा अभियान का हिस्सा प्रतीत नही होते है ।

# यूक्रेन युद्ध की वजह से यूरोप सर्दी से नहीं जमा

## अप्रत्याशित स्थानों पर पैदा हुआ ऊर्जा संकट

भाषा। न्यूयॉर्क

**यूक्रेन युद्ध** के दौरान अमेरिका और अधिकतर यूरोपीय देशों ने रूस का मुकाबला करने में कीव की हथियारों और विश्व के ऊर्जा बाजार में मदद की। रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तब वह यूरोप का प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता था और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने धमकी दी थी कि अगर यूरोपीय देशों ने उनके देश के खिलाफ प्रतिबंध लगाए तो यूरोप को सर्दियों में भेड़िए की पूंछ (प्रसिद्ध रूसी कहानी का संदर्भ)की तरह जमने को छोड़ देंगे। हालांकि, तैयारियों और भाग्य का



संयुक्त साथ रहा कि यूरोप ब्लैकआउट और बिजली कटौती से बचा रहा। इसके बजाय पाकिस्तान और भारत जैसे कम धनी देशों को वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक गैस की कीमत में वृद्धि की वजह से ऊर्जा समस्या का सामना करना पड़ा। वैश्विक ऊर्जा के विश्लेषक इसे वैश्विक तेल गैस संकट से अकसर कम धनी देशों के प्रभावित होने के सबूत के तौर पर देखते हैं। मेरा मानना है कि और अस्थिरता पैदा हो सकती है। रूस ने पश्चिमी देशों के प्रतिबंध के जवाब में कहा है कि वह एक मार्च 2023 से कच्चे तेल के उत्पादन में पांच लाख बैरल प्रतिदिन की दर से कटौती करेगा। यह मात्रा उसके मौजूदा कच्चे तेल उत्पादन का पांच प्रतिशत या वैश्विक तेल आपूर्ति का 0.5 प्रतिशत है। कई विश्लेषकों को इस कदम की उम्मीद थी लेकिन इससे कई चिंताएं भी पैदा हो गई हैं, मसलन भविष्य में उत्पादन में और कटौती तो नहीं की जाएगी। **यूरोप कैसे अपनी बत्ती गुल होने से बचाएगा:** रूस ने 2021 के उत्तरार्ध में यूक्रेन को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया था और वर्ष 2022 के शुरुआत में कई सरकारों और ऊर्जा विशेषज्ञों ने आशंका जताई थी कि इसका नतीजा यूरोप में ऊर्जा संकट हो सकता है। लेकिन एक तथ्य पर पुतिन का भी वश नहीं था और वह था मौसम। यूरोप में हाल के महीनों में कम तामपान और अतिसक्रिय रूप से संरक्षण की अपनाई नीति से यूरोप के अहम बाजारों जैसे जर्मनी, नीदरलैंड और बेल्जियम जैसे देशों में प्राकृतिक गैस की खपत में 25 प्रतिशत तक कमी आई। बिजली और प्राकृतिक गैस की कम जरूरत की वजह से यूरोपीय सरकारें प्राकृतिक गैसों के संरक्षित भंडारों से गैस निकासी में देरी कर सकी जिसे उन्हें वर्ष 2022 की गर्मियों और शरद ऋतु में जमा किया था। इस समय, यूरोपीय महाद्वीप में ऊर्जा संकट की आशंका कम है जैसा कि पूर्वानुमान लगाया गया था। यूरोपीय गैस का भंडार करीब 67 प्रतिशत भरा है और सर्दियों के बाद भी इसके 50 प्रतिशत तक भरे रहने की उम्मीद है। इससे महाद्वीप को अगली सर्दियों के लिए भी तैयारी करने में मदद मिलेगी। इसी तरह की स्थिति कोयले को लेकर है। यूरोपीय ऊर्जा कंपनियों के पास कोयले का भंडार है और यूरोप ने सर्दियों में बिजली संकट की आशंका के मद्देनजर पिछले साल 26 ताप बिजली घरों को दोबारा चालू किया।लेकिन अबतक महाद्वीप में कोयले के इस्तेमाल में महज सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**ऊर्जा की कीमतें और जलवायु न्याय**

रूस-यूक्रेन संकट की वजह से उत्पन्न ऊर्जा संकट के बाद विकासशील देशों ने जलवायु न्याय को लेकर वैश्विक चर्चा का विस्तार किया है। कम जांच की गई स्वच्छ प्रौद्योगिकी प्रोत्साहन योजना अमीर देशों मे लागू की गई है जैसे अमेरिका मे महंगाई कमी अधिनियम, इसके जरिए वे घरेलू स्तर पर जलवायु वित्त के लिए वित्तपोषण करते है।इसका नतीजा है कि कुछ विकासशील देशो के नेताओं ने चिंता जताई है कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी ज्ञान का अंतर और बढ़ेगा न की घटेगा क्योंकि इससे ऊर्जा के स्थानांतरण की परिपाटी गति पकड़ेगी। इस स्थिति को जी-7 समूह के देशो द्वारा युद्ध की वजह से मंहगाई को रोकने के लिए अपनाई गई सख्त मौद्रिक नीति ने बिगाड़ा है। उनके कदमों की वजह से विकासशील देशों के लिए कर्ज लेकर धन को स्वच्छ ऊर्जा मे निवेश करना महंगा हुआ है। नए समाधान की जरूरत है क्योंकि बिना किसी बड़ी प्रगति के अमीर देश विकासशील देशों को ऊर्जा संसाधनो से दूर रखना जारी रखेंगे जिसकी दुनिया के सबसे असुरक्षित लोगों को सबसे अधिक जरूरत है।

## आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने में भारत अमेरिका का स्वाभाविक भागीदार बना : सांसद बेरा

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के एक** सांसद ने कहा है कि अमेरिकी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता ला रही हैं और भारत उनका एक स्वाभाविक भागीदार बन गया है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Dalbir Alias Dalbir Singh S/o Late Sh. Mala Ram R/o Flat No. 532, Sanjay Enclave, Opp. GTK Bus Depot, Jahangir Puri, Delhi-110033, have changed my name to Dalbir Singh Punia for all purposes.

PD(90272)A

Public Notice

My Client **NEELAM SHARMA** W/o Ashok Sharma R/o E-55, New Multan Nagar, New Delhi-56 has debarred & disowned her Son **Himanshu Sharma** from her movable & immovable properties. My Client has also severed all her relation with him.If anybody deals with him in any manner they do so at their own risk & responsibility.
Ramesh Chander (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

# शिवाजी के कार्यो को आगे बढ़ा रहे मोदी : शाह

## तोड़े गए मंदिरों का शिवाजी ने पुनर्निर्माण कराया

भाषा। पुणे

**गृह मंत्री अमित** शाह ने मुगलों और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों के शासन के दौरान नष्ट किए गए मंदिरों के पुनर्निर्माण के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज की रविवार को सराहना की और कहा कि मराठा योद्धा के बाद से जारी जीर्णोद्धार कार्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। शाह ने यह भी कहा कि छत्रपति शिवाजी के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा अत्याचार के खिलाफ विद्रोह था और उनके द्वारा शुरू की गई स्वराज की लड़ाई आज भी जारी है। शाह मराठा साम्राज्य के संस्थापक की जयंती के मौके पर पुणे के नरहे-अंबेगांव में शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित थीम पार्क शिवसृष्टि के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। यह परियोजना 21 एकड़ भूमि में फैली हुई है। इसकी परिकल्पना पद्म विभूषण से सम्मानित शिवशाहीर बाबासाहेब पुरंदरे द्वारा की गई थी, जिन्होंने इसके निष्पादन के लिए महाराजा छत्रपति प्रतिष्ठान का गठन किया था। शाह ने कहा, मुगलों और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों के शासन के दौरान कई मंदिरों को नष्ट कर दिया गया था। पिछले हफ्ते, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्विकास किया, जिसका पुनर्निर्माण छत्रपति शिवाजी महाराज ने किया था। इसी तरह, दक्षिण भारत के मंदिरों का भी पुनर्विकास मराठा योद्धा द्वारा किया गया था। शिवाजी महाराज ने मंदिरों के सामने भव्य द्वार बनवाए और इन संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया। छत्रपति शिवाजी महाराज के बाद, बाजीराव पेशवा, नानासाहेब पेशवा, माधवराव पेशवा और अंत में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी ने मंदिरों के जीर्णोद्धार की इस परंपरा को जारी रखा। आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उस काम को आगे बढ़ा रहे हैं, क्योंकि राममंदिर बन रहा है, काशी विश्वनाथ गलियारे का भी निर्माण किया गया है और सोमनाथ मंदिर को सोने से सजाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और प्रधानमंत्री मोदी कई मंदिरों का पुनर्विकास करा रहे हैं। शाह ने कहा कि भारत के इतिहास को आकार देने में शिवाजी महाराज का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि महान मराठा शासक पर शोध करते हुए, उन्हें महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण का एक बयान मिला। शाह ने चव्हाण के हवाले से कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज न होते, तो सारी दुनिया जानती है कि भारत का क्या हश्र होता। पाकिस्तान की सीमा के लिए बहुत दूर जाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। शायद सीमा आपके और मेरे घर के बाहर मिल जाती। मैं कहना चाहूंगा कि शिवाजी महाराज का जीवन सत्ता हासिल करने के बारे में नहीं था। उनका जीवन 100 से अधिक वर्षों से किए गए अत्याचारों के खिलाफ विद्रोह करने के बारे में था। उनका जीवन स्वधर्म के लिए लड़ने और स्वभाषा की प्रशंसा करने के बारे में था। उनका जीवन स्वराज की स्थापना के बारे में था। स्वराज की स्थापना करके उन्होंने (शिवाजी) दुनिया को संदेश दिया।


शिवाजी के कार्यक्रम में रोशनी से नहाया स्थल और जुटी भीड़

# कानून मंत्री रीजीजू ने संस्थागत मध्यस्थता का समर्थन किया

भाषा। नई दिल्ली




**कानून मंत्री** किरेन रीजीजू ने रविवार को देश में संस्थागत मध्यस्थता का समर्थन किया और तदर्थ मध्यस्थता में त्रुटियों की ओर ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यवाही अदालती हस्तक्षेपों के संदर्भ में अतिसंवेदनशील होती है, जिससे अंतिम परिणाम में देरी होती है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए दस्तावेज की समीक्षा, कानूनी विश्लेषण और फैसला का मसौदा तैयार करने जैसे कार्यों में मदद मिल सकती है। दिल्ली उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित दिल्ली मध्यस्थता सप्ताहांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग तदर्थ मध्यस्थता को चुनते हैं, जिसमें कार्यवाही पूर्व निर्धारित नियमों से संचालित नहीं होती है। नतीजा यह होता है कि कार्यवाहियों में विभिन्न चरणों में अदालत का हस्तक्षेप होने की संभावना होती है, जिससे इसमें शामिल पक्षकारों के लिए अंतिम फैसले में देरी होती है। रीजीजू ने यह भी कहा कि संस्थागत मध्यस्थता एक संस्थान के नियम से नियमित होती है जो अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित प्रक्रिया प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सभी पक्ष अच्छी गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे वाले मध्यस्थ संस्थान की विशेषज्ञता से लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि संस्थागत मध्यस्थता पर जोर देने के साथ यह आवश्यक है कि गैर-महानगर शहरों में नए मध्यस्थता केंद्र स्थापित किए जाएं।

## सीआरपीएफ के जवान ने गोली मारकर आत्महत्या की

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना राजधानी रायपुर से करीब 400 किलोमीटर दूर बारसूर थानाक्षेत्र में सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन के मुख्यालय में शनिवार रात को हुई। उन्होंने बताया कि जवान ने रायपुर के एक अस्पताल में शनिवार देर रात एक बजकर 40 मिनट पर दम तोड़ दिया। न सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन के कांस्टेबल गुनिन दास ने यूनिट में अपने बैरक में इंसास राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर उनके सहयोगी वहां पहुंचे और उन्हें गंभीर रूप से घायल पाया। अधिकारी ने कहा कि दास को तत्काल यूनिट के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें दंतेवाड़ा जिला अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि बाद में उन्हें रायपुर ले जाया गया और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि असम के मूल निवासी दास ने छुट्टी से लौटने के बाद शनिवार को ड्यूटी शुरू की थी।

## केदारनाथ यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की निगरानी के लिए रहेंगे जवान तैनात

**रुद्रप्रयाग।** इस साल केदारनाथ धाम तक जाने वाले पैदल रास्ते पर घोड़े-खच्चरों की निगरानी के लिए भी जवान तैनात रहेंगे। केदारनाथ मंदिर के आधार शिविर गौरीकुंड से केदारनाथ के बीच लगभग 19 किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग पर बड़ी संख्या में तीर्थयात्री घोड़े-खच्चरों की सवारी करके बाबा केदार के धाम पहुंचते हैं। इस दौरान, घोड़े खच्चरों के साथ अमानवीयता न हो, इसकी निगरानी के लिए रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने पैदल रास्ते पर प्रांतीय रक्षक दल के 20 जवानों को तैनात करने की योजना बनाई है। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय द्वारा केदारनाथ यात्रा को लेकर आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने यह जानकारी साझा की। केदारनाथ यात्रा 25 अप्रैल को शुरू हो रही है।

## नगालैंड में चुनाव पूर्व हिंसा में पांच लोग घायल : पुलिस

**कोहिमा।** नगालैंड में चुनाव पूर्व हिंसा में कम से कम पांच लोग घायल हो गए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। नोकलाक जिले की थोनोक्न्यू विधानसभा सीट पर रविवार दोपहर नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और लोजपा समर्थकों के बीच झड़प हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच हुए पथराव में चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि राज्य पुलिस, भारतीय रिजर्व बटालियन और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की तैनाती के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, अज्ञात लोगों ने एनपीपी के प्रदेश अध्यक्ष एंड्रयू अहोतो सेमा के काफिले पर पथराव किया, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया।

# बजट में राम मंदिर निर्माण की घोषणा जनता के लिए है , राजनीति के लिए नहीं: बोम्मई



भाषा। शिग्गावी


**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि उन्होंने रामनगर जिले के रामदेवरा बेट्टा में लोगों की इच्छा के अनुरूप भव्य राम मंदिर के निर्माण की घोषणा की है और इसके पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है।

उन्होंने इस संबंध में सभी से सहयोग का अनुरोध करते हुए कहा कि वहां मंदिर जरूर बनेगा। बोम्मई ने एक सवाल के जवाब में कहा, मैंने कांग्रेस, जद (एस) या भाजपा को ध्यान में रखते हुए इसकी घोषणा नहीं की। उस स्थान की एक ऐतिहासिक पहचान है, वहां ऐतिहासिक रामदेवरा बेट्टा (पहाड़ी) है, वहां लंबे समय से एक पुराना राम मंदिर है, और यह लोगों की इच्छा है कि वहां एक नया राम मंदिर बनाया जाए।

बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने लोगों की इच्छा के अनुरूप यह घोषणा की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसमें हर कोई सहयोग करेगा और कोई भी परियोजना का विरोध नहीं करेगा। उन्होंने कहा, अगर कोई विरोध करना चाहता है, तो उसे करने दें। मैं विरोध नहीं करूंगा, लेकिन वहां राम मंदिर जरूर बनेगा। मुख्यमंत्री द्वारा शुक्रवार को बजट में यह घोषणा किए जाने के तुरंत बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा था, वहां पहले से ही एक छोटा मंदिर है, अब उनके पास (सत्तारूढ़ भाजपा) निर्माण करने के लिए क्या है? उन्हें रामनगर में वहां पहले अपना पार्टी कार्यालय बनाने दें। जद (एस) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने कहा था, अगर उन्होंने (भाजपा) तीन साल पहले सत्ता में आने पर इसकी घोषणा की होती और मंदिर का निर्माण किया होता, तो मैं इसकी सराहना करता। अब, जब चुनाव नजदीक है तो उन्होंने घोषणा की है। यह बस बजट बुक में ही रहेगा। उन्होंने कहा, अगर राम मंदिर बनाना है, तो सत्तारूढ़ भाजपा ऐसा नहीं कर सकती। मुझे पता है कि अगली सरकार कौन बनाएगा, इसलिए मुझे यह करना होगा।

# चंद्रयान-3 के लैंडर का प्रमुख परीक्षण सफल रहा

भाषा। बेंगलुरु



**भारतीय अं**तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि चंद्रयान-3 के लैंडर का एक प्रमुख परीक्षण इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक इंटरफेरेंस/इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी (ईएमआई/ईएमसी) सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। यह परीक्षण 31 जनवरी से दो फरवरी के बीच यू.आर. राव उपग्रह केंद्र में किया गया। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष वातावरण में उपग्रह उप-प्रणालियों की कार्यक्षमता और अपेक्षित विद्युत चुम्बकीय स्तरों के साथ उनकी अनुकूलता सुनिश्चित करने के वास्ते उपग्रह अभियान के लिए ईएमआईईएमसी परीक्षण किया जाता है। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 के लैंडर के ईएमआईईएमसी परीक्षण के दौरान यह सभी आवश्यक संचालन मानकों पर खरा उतरा है। इसने कहा कि प्रणालियों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। यह चंद्रयान-2 का अनुवर्ती अभियान है। वर्ष 2019 में चंद्रयान-2 के जरिए चंद्रमा की सतह पर रोवर उतारने का भारत का पहला प्रयास उस समय विफल हो गया था, जब यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। चंद्रयान-3 के जून में प्रक्षेपित होने की संभावना है।

# सीमा विवाद में फंसे असम और नगालैंड के गांव को बिजली की दरकार

**मेरापानी (असम-नगालैंड सीमा)।** असम और नगालैंड के बीच सीमा विवाद के कारण गोलाघाट-वोखा सीमा से सटे गांव में बिजली आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। नगालैंड बीज फार्म परिसर के मेरापानी में स्थित यह क्षेत्र विवादित है। असम इलाके के गोलाघाट जिले के अंदर होने का दावा करता है जबकि नगालैंड इसे वोखा सीमा के अंदर का हिस्सा मानता है। इलाके के एक निवासी सज्जन भेंगरा ने पीटीआई-भाषा को बताया,"हम दो राज्यों के बीच नियंत्रण के इस संघर्ष में फंस गए हैं और बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। हमारे पास कोई बिजली कनेक्शन, अच्छी सड़कें और पीने योग्य पानी नहीं है। उन्होंने दोनों राज्यों की सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा, असम और नगालैंड सरकारों ने कई बार बिजली कनेक्शन देने की कोशिश की और यहां तक कि खंभे भी खड़े कर दिए गए। लेकिन विवादित क्षेत्र होने के कारण दोनों राज्यों की सरकारें एक दूसरे के काम में रोड़ा अटका देती हैं। उन्होंने कहा कि यहां के लोग असम में गोलाघाट निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता हैं, लेकिन, जिस क्षेत्र में वे रहते हैं वह नगालैंड के बीज फार्म के सीमांकित परिसर के भीतर है। एक अन्य स्थानीय सुशीला बागा ने बताया कि उन्होंने अपने स्थानीय विधायक अजंता नियोग (असम के वित्त मंत्री) और अन्य नेताओं से बात की लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके गांव में लगभग 30-40 परिवारों को सोलर लाइट लगाने के लिए विधायक द्वारा प्रत्येक को 7,000 रुपए दिए गए थे, लेकिन लगभग सभी लोगों ने अन्य जरूरतों के लिए पैसे का उपयोग किया। असम से अलग होकर नगालैंड राज्य की स्थापना 1963 में हुई थी जिसके बाद से ही दोनों राज्यों के बीच अंतर-राज्यीय सीमा विवाद चला आ रहा है। दोनों राज्य 512.1 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं।

# तोगड़िया ने भारत की बढ़ती जनसंख्या की तुलना में टिक-टिक करते टाइम बम से की

**रायपुर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पूर्व नेता प्रवीण तोगड़िया ने रविवार को भारत की बढ़ती आबादी की तुलना टिक-टिक करते टाइम बम से की और इसके विस्फोट तथा विपरीत प्रभाव को रोकने के लिए एक कानून बनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जनसंख्या नियंत्रण और समान नागरिक संहिता के लिए एक कानून लाएंगे। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष तोगड़िया राज्य के महासमुंद जिले के बसना इलाके में एक जनसभा को संबोधित करने से पहले छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की मांग के बारे में पूछे जाने पर तोगड़िया ने कहा, बढ़ती जनसंख्या और जनसंख्या असंतुलन एक टाइम बम है और जब यह फटेगा तो यह शहरों और गांवों में गृह युद्ध की ओर ले जाएगा। इसलिए, इन हालात से बचने के लिए एक जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की जरूरत है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही एक हिंदू राष्ट्र है और हम इसे एक हिंदू राजनीति राज्य के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, भारत एक हिंदू बहुल देश है और हम इस बात की अनुमति नहीं देंगे कि हिंदू देश में कहीं भी असुरक्षित महसूस करें।

# नगालैंड चुनाव में शराब की आपूर्ति पर रोक लगाने के लिए महिला संगठन ने जांच चौकियां स्थापित की

**कोहिमा।** नगालैंड भले ही शुष्क (मद्य निषिद्ध) प्रदेश है, लेकिन 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के वास्ते चुनाव प्रचार के गति पकड़ने के साथ ही फेक जिले में एक महिला संगठन ने मतदाताओं को प्रलोभन के तौर शराब परोसे जाने की आशंका से उसकी आवक पर रोक लगाने के लिए जांच चौकियां बनाई गई हैं। फेक में चाखेसांग और पोचुरी जनजातियों का बाहुल्य है और यहां पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। चाखेसांग में चार निर्वाचन क्षेत्र हैं तथा उसमें पोचुरी जनजाति की मेलुरी विधानसभा का कुछ गांव भी हैं। फेक जिले में चाखेसांग समुदाय की महिलाओं के शीर्ष निकाय चाखेसांग मदर्स एसोसिएशन (सीएमए) की अध्यक्ष झोनेलु तुन्ये ने यहां पीटीआई-भाषा को बताया कि शराब के दुष्प्रभावों से चिंतित तथा विधानसभा चुनाव के दौरान प्रलोभन के तौर पर शराब बांटे जाने की आशंका के मद्देनजर चाखेसांग नगा जनजाति की महिलाओं के संगठन ने अपने क्षेत्र में करीब 100 ऐसी चौकियां स्थापित की हैं। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए शराब की आवक बहुत बढ़ जाती है, कई लोग उम्मीदवारों के समर्थन में आपस में लड़ने-झगड़ने लगते हैं और उनके बीच दुश्मनी पैदा हो जाती है, यहां तक की इस हिंसा में उनकी जान भी जाती है। उन्होंने कहा , इसलिए हमारा मुख्य इरादा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करना है। हमें उम्मीद है कि प्रलोभन के रूप में दी जाने वाली ऐसी चीजों के नहीं आने से लोग सौम्य रहेंगे और आपस में झगड़ा नहीं करेंगे।

# आरोपी गौरक्षक की मां ने कहा- पुलिस की पिटाई से बहू ने बच्चा खोया

भाषा। जयपुर

**राजस्थान पुलिस** ने एक महिला के उन आरोपों का खंडन किया है कि राजस्थान पुलिस कर्मियों की पिटाई के बाद उसकी गर्भवती बहू ने अपना बच्चा खो दिया। महिला ने आरोप लगाया था कि गौ रक्षकों द्वारा दो लोगों के कथित अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस उसके बेटे को गिरफ्तार करने के लिए उसके घर पर छापेमारी करने आई थी और उस दौरान राजस्थान पुलिस कर्मियों ने उसकी बहू से मारपीट की थी जिसके कारण उसकी गर्भवती बहू ने अपना बच्चा खो दिया। मानेसर में मोनू के नेतृत्व वाले गौ रक्षा समूह के सदस्य श्रीकांत पंडित की मां दुलारी देवी ने अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके दो अन्य बेटों को जबरन उठा लिया। भरतपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्याम सिंह ने बताया, राजस्थान पुलिस ने हरियाणा में नामजद आरोपियों के घरों पर छापा मारा था और हरियाणा पुलिस भी वहां मौजूद थी। जहां तक घर में प्रवेश करने की बात है तो न केवल राजस्थान बल्कि हरियाणा पुलिस भी घरों में नहीं घुसी थी। उन्होंने बताया, आरोपी घर में मौजूद नहीं था। उसके दो भाई घर से बाहर आए थे और उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया था। महिला द्वारा लगाए गए आरोप झूठे हैं। उनके परिवार के सदस्य पर आरोप है इसलिए वे आरोप लगा रहे हैं। राजस्थान पुलिस ने मामले में बजरंग दल से जुड़े पांच लोगों को नामजद किया था। राजस्थान के भरतपुर के दो लोगों की मौत के मामले में गिरफ्तारी से बच रहे चार लोगों में मोनू और पंडित शामिल हैं। राजस्थान के भरतपुर निवास दो युवकों के जले हुए शव बृहस्पतिवार को हरियाणा के भिवानी में पाए गए थे। दुलारी देवी ने आरोप लगाया कि राजस्थान पुलिस की टीम ने शुक्रवार सुबह घटना के दौरान महिलाओं सहित उनके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की थी।

# कला-संस्कृति, पर्यटन, पर्यावरण के रंगों से सजेगा बिहार दिवस

## युवा शक्ति, बिहार की प्रगति थीम पर होगा तीन दिवसीय आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/पटना

**आगाम बिहार** दिवस 'युवा शक्ति, बिहार की प्रगति' सात निश्चय थीम भाग-2 पर भव्य तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पटना के गांधी मैदान, श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना, रविन्द्र भवन एवं बिहार संग्रहालय, पटना में कराने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष बिहार दिवस का थीम सात निश्चय भाग-2 'युवा शक्ति, बिहार की प्रगति' निर्धारित किया गया है। यह आयोजन 22, 23 और 24 मार्च को किया जाएगा। महानिदेशक, बिहार म्यूजियम, पटना की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न विभागों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया।

बिहार दिवस को सफल बनाने के लिए कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा फिल्म फेस्टिवल, प्रदर्शनी, पेंटिंग कार्य शाला, मूर्ति कला, महिला फोक आर्टिस्ट के कलाओं की प्रदर्शनी एवं स्क्रिप्ट राईटिंग कराया जाएगा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थल यथा- राजगीर स्थित घोड़ाकटोरा, जू सफारी, वाल्मिकी नगर स्थित व्याघ्र अभ्यारण्य, कैमूर के करकटगढ़ अभ्यारण्य, कैमूर के करकटगढ़, रोहतास के तुतला भवानी, अररिया के रानीगंज आदि स्थलों का विद्यालय के बच्चों को भ्रमण कराया जायेगा।

इसके अतिरिक्त बिहार दिवस के आयोजन के अवसर पर तीन दिनों तक पटना चिड़ियाघर में स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। पर्यटन विभाग द्वारा गाँधी मैदान, पटना में व्यंजन मेला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें बिहारी व्यंजन के स्टॉल होंगे। पटना स्थित मंगल तलाब, राजगीर, बोधगया एवं वैशाली में लेजर शो का आयोजन किया जायेगा। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों यथा- राजगीर, नालन्दा एवं बोधगया में निकट के विद्यालयों के बच्चों को इन पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। साथ ही उक्त अवसर पर जीविका के द्वारा भी व्यंजन मेला के साथ अपने उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उद्योग विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से संबंधित स्टॉल लगाए जायेंगें। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा ललित कला अकादमी में पेंटिंग, पटना आर्ट कॉलेज में मूर्ति कला तथा स्क्रिप्ट राइटिंग की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। पटना स्थित सिनेमा हॉल में तीन दिनों तक चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र पर चर्चा करेंगे भारत-अमेरिका

## व्यावहारिक सहयोग के लिए नए सिरे से प्रयास कर रहे हैं दोनों देश

भाषा। नई दिल्ली



जेफ्री आर पायट

**यूक्रेन संघर्ष के** कारण ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के मद्देनजर भारत और अमेरिका असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में व्यावहारिक सहयोग की संभावना तलाशने पर नए सिरे से विचार कर रहे हैं। इस क्षेत्र में साझेदारी के लिए 14 साल पहले एक ऐतिहासिक समझौता हुआ था, जिस पर आगे नहीं बढ़ा जा सका है। दिल्ली में 16 और 17 फरवरी को भारतीय वार्ताकारों के साथ अमेरिका के ऊर्जा संसाधन मामलों के सहायक विदेश मंत्री जेफ्री आर पायट की बातचीत में 2008 के भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के तहत परमाणु वाणिज्य सहित स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के तरीकों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। पायट ने पीटीआई-भाषा को दिए एक विशेष साक्षात्कार में यूक्रेन पर रूस के क्रूर आक्रमण के परिणामस्वरूप जीवाश्म ईंधन की आपूर्ति में गंभीर व्यवधानों के मद्देनजर वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारत को अमेरिका के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदार बताया। पायट ने कहा कि अमेरिका 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावॉट ऊर्जा प्राप्त करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अत्यंत महत्वाकांक्षी ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्य का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, मैं इस बात पर बहुत ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि हम भविष्य के असैन्य परमाणु सहयोग के अवसरों को कैसे विकसित कर सकते हैं। पायट ने कहा, असैन्य परमाणु उद्योग का कारोबारी मॉडल बदल रहा है। अमेरिका में हमने छोटे रिएक्टरों के लिए बड़ी प्रतिबद्धता जताई है, जो विशेष रूप से भारतीय पर्यावरण के लिए भी उपयुक्त हो सकते हैं। उन्होंने 2002 से 2006 तक नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में राजनीतिक परामर्शदाता के रूप में और 2006 से 2007 तक अमेरिकी मिशन के उप-प्रमुख के रूप में सेवा दी थी। यह एक ऐसी अवधि थी जिसमें दोनों पक्षों के बीच असैन्य परमाणु समझौते पर गहन बातचीत हुई।पिछले 14 वर्षों में असैन्य परमाणु ऊर्जा में वास्तविक सहयोग मुख्य रूप से किसी दुर्घटना की स्थिति में आपूर्तिकर्ताओं से नुकसान की मांग करने से संबंधित दायित्व नियमों पर दोनों पक्षों के बीच मतभेदों के कारण नहीं हुआ। पायट ने 2008 के समझौते के बारे में कहा, यह पहली बड़ी चीज थी ।

# मेरा समय अडाणी-अंबानी से अधिक कीमती: रामदेव

भाषा। पणजी

**योग गुरु** रामदेव ने रविवार को यहां कहा कि कॉरपोरेट अपने 99 फीसदी समय का इस्तेमाल खुद के हित के लिए करते हैं, जबकि एक संत का समय सभी की भलाई के लिए होता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका यहां तीन दिन रहना अंबानी और अडाणी जैसे अरबपतियों के समय से अधिक मूल्यवान था। रामदेव अपने सहयोगी आचार्य बालकृष्ण को सम्मानित करने के लिए, आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे जिसमें मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाईक मौजूद थे। उन्होंने दावा किया, में हरिद्वार से तीन दिन के लिए यहां आया।


कोलकाता में स्वामी विवेकानंद के शिकागो में हुए धर्म सम्मेलन के ऐतिहासिक भाषण की वर्षगांठ पर उनकी मूर्ति को माला पहनाते लोग

# सबसे तेज 25,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने कोहली

**विराट के करियर का यह 492 वां अंतरराष्ट्रीय (टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 मिला कर) मैच है**

**कोहली के नाम अब 25, 012 अंतरराष्ट्रीय रन है**



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** पूर्व कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेजी से 25,000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बने। भारतीय टीम मैच को जीतने के लिए जब 115 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी तब आठ रन पर बल्लेबाजी कर रहे कोहली ने पारी के 12वें ओवर में नाथन लियोन के खिलाफ चौका जड़ कर यह उपलब्धि हासिल की। कोहली के करियर का यह 492 वां अंतरराष्ट्रीय (टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 मिला कर) मैच है। इस मुकाबले से पहले वह 25,000 रन के आंकड़े से 52 रन दूर थे। उन्होंने पहली पारी में 44 जबकि दूसरी पारी में 20 रन बनाए। कोहली के नाम अब 25, 012 अंतरराष्ट्रीय रन है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें बधाई देते हुए ट्वीट किया, एक और उपलब्धि। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25,000 रन पूरे करने पर विराट कोहली को बधाई। यह बेहद खास है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्विटर पर लिखा, विराट कोहली को सबसे तेजी से 25,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरा करने पर हार्दिक बधाई। कोहली से पहले सचिन तेंदुलकर (664 मैचों में 34357 रन), श्रीलंका के कुमार संगकारा (594 मैचों में 28016) और महेला जयवर्धने (652 मैचों में 25957), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (560 मैचों में 27483) और दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (519 मैचों में 25534) ने इस मुकाम को हासिल किया है। चौतीस साल के कोहली ने 2008 में भारत के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने अपनी 549 वीं पारी में इस उपलब्धि को हासिल किया जो इन छह बल्लेबाजों में सबसे कम है। तेंदुलकर ने 25000 रन पूरे करने के लिए 577 पारियां ली थी जबकि पोंटिंग ने 588 पारियों में यह कारनामा किया था। इस दौरान कोहली का औसत 53 से अधिक का रहा है। इस मामले में कैलिस 49.10 की औसत के साथ दूसरे स्थान पर है। कोहली के नाम 106 टेस्ट में 8195, 271 वनडे में 12809 और 115 टी20 में 4008 रन हैं।

### दूसरे टेस्ट में जीत से भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल क्वालीफिकेशन की उम्मीदें बढ़ी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में रविवार को एक और मोड़ आ गया जब भारतीय टीम आस्ट्रेलिया पर छह विकेट की जीत से सात जून को ओवल में होने वाले फाइनल मैच के लिए स्थान पक्का करने के करीब पहुंच गई। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए लंबे प्रारूप में दो साल से तेज प्रतिस्पर्धा चल रही है और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट में उतार-चढ़ाव के बाद रोहित शर्मा की टीम ने तीसरे दिन बाजी मारी। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि डब्ल्यूटीसी में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें जून में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस नतीजे का मतलब है कि आस्ट्रेलिया और भारत अब भी इसके लिए दौड़ में सबसे आगे चल रही हैं। आस्ट्रेलिया हार के बावजूद तालिका में 66.67 प्रतिशत से शीर्ष पर है जबकि भारत ने दिल्ली टेस्ट में मिली जीत से खुद के और तीसरे स्थान की टीम के बीच अंतर बढ़ा दिया है और उसका प्रतिशत 64.06 प्रतिशत हो गया है। दिल्ली में दूसरे टेस्ट के नतीजे से फाइनल के लिए पहुंचने के लिए दौड़ में बनी टीमें चार से तीन हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका इस दौड़ से बाहर हो गया है, वह शीर्ष दो में पहुंचने के लिए जरूरी प्रतिशत अंक की पहुंच से बाहर हो गया है। इससे चुनौती देने वाली एकमात्र टीम श्रीलंका है जिसके 53.33 प्रतिशत अंक है। श्रीलंका को अगले महीने न्यूजीलैंड में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है और अगर उसे क्वालीफाई करने की उम्मीद रखनी है तो उसे दोनों मैच जीतने होंगे।

### स्कोरबोर्ड

ऑस्ट्रेलिया पहली पारीः 263,भारत पहली पारीः 262,ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारीः 114, भारत दूसरी पारीः रोहित शर्मा ,रन आउट (हैड्सकॉम्ब I कैरी) 31,राहुल का कैरी बो लियोन 01,पुजारा नाबाद 31,कोहलीस्टं. कैरी बो मरफी 20,अय्यर का मरफी बो लियोन 12,भरत नाबाद 23,अतिरिक्तः 00,कुल योग (26.4 ओवर मे चार विकेट पर) 118 रन,विकेट पतनः I-6, 2-39, 3-69, 4-88,गेंदबाजी:कुह्नेमैन 7-0-38-0, लियोन 12-3-49-2, मरफी 6.4-2-22-I, हेड, I-0-9-0

# आखिरी दो टेस्ट के लिए राहुल टीम में बरकरार

**उनादकट की वनडे टीम में वापसी**

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने रविवार को बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी के आखिरी दो मैचों के लिए टेस्ट टीम में अपना स्थान बरकरार रखा। भारतीय चयन समिति ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में छह विकेट की जीत के बाद टीम में कोई बदलाव नहीं किया। शानदार फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल को अंतिम एकादश में जगह नहीं दी जा रही है जबकि राहुल ने अभी तक श्रृंखला में 20, 17 और एक रन का स्कोर बनाया है। इस सलामी बल्लेबाज की खराब फॉर्म पिछले साल बांग्लादेश में शुरू हुई थी जब उन्होंने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में टीम की अगुआई की थी। दिलचस्प बात यह है कि उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए उप कप्तान चुना गया था लेकिन अंतिम दो मैचों के लिए रोहित शर्मा के साथ कोई उप कप्तान नहीं बनाया गया है। तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर में और चौथा नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू होगा। चयन





समिति के प्रमुख चेतन शर्मा के जाने के बाद चार चयनकर्ताओं ने टेस्ट टीम चुनने के अलावा 17 मार्च से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे तीन वनडे के लिए भी टीम चुनी है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट बचे हुए दो टेस्ट के लिए टीम में वापस जुड़ गए हैं। वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा थे लेकिन बंगाल के खिलाफ रणजी ट्राफी फाइनल में सौराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें रिलीज किया गया था। रणजी ट्राफी में खिताब दिलाने वाले सौराष्ट्र के कप्तान उनादकट ने सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए वनडे टीम में भी वापसी की है जो टेस्ट श्रृंखला के बाद खेली जाएगी। उन्होंने अंतिम वनडे 2013 में खेला था लेकिन चयनकर्ताओं ने इस अनुभवी गेंदबाज पर भरोसा जताया है जिससे देश में बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों की कमी का भी अंदाजा हो जाता है।

### राहुल को टर्न लेती पिच पर रन बनाने के तरीके ढूंढने होंगेः रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को स्वीकार किया कि उप कप्तान केएल राहुल की लंबे समय से चली आ रही खराब फॉर्म के बारे में काफी चर्चा हो रही है और इस बल्लेबाज को धीमी उछाल लेती पिचो पर रन बनाने का खुद का तरीका ढूंढना होगा। युवा शुभमन गिल बेहतरीन फॉर्म में हैं और वह अपनी बारी का इंतजार कर रहे है जिससे राहुल पर दबाव बढ़ता जा रहा है जिनका औसत 47 टेस्ट के बाद 35 से कम का है जो किसी भी मानदंड से काफी लचर है। राहुल ने पिछली सात पारियो मे 22, 23, 10, 2, 20, 17 और। रन बनाए है, रोहित ने कहा, जब आप इस तरह की पिचों पर खेल रहे होते है तो आपको रन जुटाने के लिए अपना तरीका ढूंढने की जरूरत होती है।

### क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया जो देश के प्रधानमंत्रियों को समर्पित एक अनूठा संग्रहालय है। प्रधानमंत्री संग्रहालय में देश के सभी प्रधानमंत्रियों से जुड़ी जानकारियां और चीजें मौजूद है। भारतीय ने रविवार को यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में छह विकेट की जीत से बॉर्डर गावस्कर ट्राफी बरकरार रखी। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने संग्रहालय में कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ सहित कई खिलाड़ियों की फोटो की सीरीज साझा की।

### अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में अलकराज के सामने नॉरी की चुनौती

**ब्यूनस आयर्स।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में बर्नबी जपाटा मिरालेस को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की जहां उनका सामना कैमरून नॉरी से होगा। स्पेन के दो खिलाड़ियों के बीच हुए सेमीफाइनल मुकाबले में शनिवार को अलकराज ने 6-2, 6-2 की आसान जीत दर्ज की। अलकराज अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे है।

### केरल बाहर, पंजाब और कर्नाटक सेमीफाइनल में

**भुवनेश्वर।** पंजाब और कर्नाटक ने रविवार को यहां अपने अपने मैच ड्रा खेलकर संतोष ट्रॉफी के लिए खेली जा रही 76वीं राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह पक्की की जो रियाद के किंग फहद स्टेडियम में खेले जाएंगे। दोनों टीम ने दिन की शुरूआत तालिका में शीर्ष दो स्थानों पर रहते हुए की और आखिर उन्होंने अपने स्थान बरकरार रखे। पंजाब ने केरल से I-I से ड्रा खेला। इससे मौजूदा चैंपियन केरल को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। कर्नाटक ने एक अन्य मैच में ओडिशा को 2-2 से ड्रा पर रोका।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दौरे के दूसरे मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर 8-0 से बड़ी जीत दर्ज की। मेहमान टीम ने पहले क्वार्टर में अच्छी शुरूआत की और अपने आक्रमण में अनुशासन दिखाया। टीम ने पहले ही मिनट में अनु की बदौलत पहला गोल किया। फिर उप कप्तान रूजाता डाडासो पिसाल ने नौवे मिनट में बढ़त दोगुनी की। टीम ने 26वें मिनट में ज्योति छत्री के मैदानी गोल की बदौलत स्कोर 3-0 किया जिन्होंने अगले ही मिनट में इसे 4-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर के अंत में भारतीय जूनियर महिला टीम ने 29वें मिनट में दीपिका और 30वें मिनट में दो और गोल कर दिए।

### महिला राष्ट्रीय हॉकी : ओडिशा, कर्नाटक, छत्तीसगढ, मप्र, बिहार जीते

**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश)।** ओडिशा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और बिहार ने रविवार को यहां अपने-अपने मैच जीतकर 13वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी संभावना बढ़ा दी। ओडिशा ने पूल ए के पहले मैच में राजस्थान को 13-I से करारी शिकस्त दी। उसकी तरफ से पूनम बारला ने पांच गोल किए। कर्नाटक ने दिन के दूसरे मैच में पूल बी में चंडीगढ़ पर 2-I से जीत दर्ज की।

# हम बहुत खुशकिस्मत हैं विराट के बाद कप्तानी संभालने के लिए रोहित है : द्रविड



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि टीम बहुत भाग्यशाली है कि विराट कोहली के स्तर के खिलाड़ी से कप्तानी का जिम्मा संभालने के लिए रोहित शर्मा जैसा क्षमतावान खिलाड़ी मौजूद है। कोहली ने जनवरी 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद कप्तान का पद छोड़ दिया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को दूसरे टेस्ट में छह विकेट की जीत के साथ ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने बरकरार रखने के बाद द्रविड़ ने रोहित की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा कि मुंबई के इस खिलाड़ी का ड्रेसिंग रूम में सब सम्मान करते हैं। वह उन खिलाड़ियों में से हैं जो लंबे समय से टीम में है। इस तरह के व्यक्ति जो ज्यादा नहीं बोलते हैं, लेकिन जब बोलते हैं तो सब सुनते हैं। भारतीय कोच ने कहा, वह ड्रेसिंग रूम और खिलाड़ियों की बहुत परवाह करते हैं।

### कोटला की धीमी पिच पर आस्ट्रेलिया को ले डूबे स्वीप शॉट

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के आउट होने के तरीकों को देखते हुए यह कहना बिलकुल वाजिब होगा कि उन्होने यहां दूसरे टेस्ट मे भारतीय स्पिनरो के खिलाफ खुद की हार के लिए गढ्ढा स्वीप शॉट खेलकर खोदा। तीसरे दिन जब आस्ट्रेलियाई टीम खेलने उतरी तो उसने 62 रन की बढ़त बनाई हुई थी और उसके पास नौ विकेट थे जिससे उम्मीद थी कि मैच रोमांचक रहेगा। आस्ट्रेलियाई टीम से शनिवार जैसा ही आक्रामक रवैया अख्तियार करने की उम्मीद थी लेकिन स्वीप शॉट पर अत्यधिक जोर देना टीम पर भारी पड़ गया और उन्होंने 19.1 ओवर में 52 रन के अंदर नौ विकेट खो दिए। इससे टीम नागपुर में श्रृंखला के पहले मैच की तरह दूसरे टेस्ट में भी तीन दिन के अंदर आउट हो गई। स्टीव स्मिथ, मैट रेनशॉ, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस और 11वे नंबर के मैथ्यू कुह्नेमैन पारंपरिक स्वीप या रिवर्स स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में आउट हुए। यह शॉट भारतीय स्पिनरों के खिलाफ आस्ट्रेलिया की अपने हालात में आक्रामक विकल्प हो सकता है लेकिन यह एकमात्र विकल्प नही हो सकता, विशेषकर कोटला जैसी धीमी पिच पर।

### बॉर्डर और हेडन ने लचर बल्लेबाजी के लिए लताड़ा

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर एलन बॉर्डर और मैथ्यू हेडन ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में अपने देश के बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन की कड़ी आलोचना की जिन्होंने स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में अपने विकेट गंवाए। पूर्व कप्तान बॉर्डर ने कहा कि आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने हड़बड़ी दिखाई और किसी भी बल्लेबाज ने रक्षात्मक खेल खेलने की कोशिश नही की।बॉर्डर ने फॉक्स क्रिकेट पर कहा, मै निराश हूं, मै स्तब्ध हूं। जिस तरह से हमने आज बल्लेबाजी की उस पर मुझे गुस्सा आ रहा है। उन्होंने हड़बड़ी दिखाई और बेहद लचर बल्लेबाजी की। किसी ने भी टिकने की कोशिश नही की। किसी ने भी रक्षात्मक खेल खेलकर विकेट पतन का प्रवाह को रोकने की कोशिश नही की। वे हर गेंद पर स्वीप शॉट, रिवर्स स्वीप खेलकर बस आउट हो रहे थे। पूर्व सलामी बल्लेबाज हेडन ने कहा कि वह जो कुछ देख रहे थे उस पर उन्हें विश्वास नही हो रहा था। मै जो कुछ देख रहा था उस पर मुझे विश्वास नही हो रहा था। वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी है। उन्होंने कल शाम को अच्छी बल्लेबाजी की थी।

### दूसरे दिन मैं थोड़ा चिंतित था, पर हम अपनी योजना पर अडिग रहे : रोहित



**नई दिल्ली।** ट्रेविस हेड ने दिल्ली टेस्ट मे दूसरी शाम जिस तरह से बल्लेबाजी की शुरूआत की थी, उससे भारतीय खेमा थोड़ा घबरा गया था लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने अपने तीनो स्पिनरो से लंबी बातचीत की और सुनिश्चित किया कि मेजबान टीम अपनी मूल रणनीति से नही भटके। रोहित को इससे थोड़ी चिंता हुई जिसने उन्हे रविवार की सुबह खेल शुरू होने से पहले आर अश्विन, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल की स्पिन तिकड़ी से बात करने के लिए बाध्य कर दिया। अंत में अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने भारत की छह विकेट की जीत सुनिश्चित की। रोहित ने कहा, कभी कभार आपको चीजों को सरल रखना होता है, जो हो रहा है, उसे ज्यादा पेचीदा नही करना होता। कल उन्होंने 12 ओवर मे एक विकेट पर 61 रन बनाए जो पांच रन प्रति ओवर से ज्यादा था। मै देख सकता था कि हम थोड़ा घबरा गए थे और हम काफी बार क्षेत्ररक्षण मे बदलाव की कोशिश कर रहे थे।

# बंगाल को रौदंकर सौराष्ट्र रणजी चैंपियन





**फाइनल में नौ विकेट से हराया**

**भाषा।** कोलकाता

**बाएं हाथ** के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने दूसरी पारी में 85 रन देकर छह जबकि मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे सौराष्ट्र ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी के फाइनल के चौथे दिन बंगाल को नौ विकेट से शिकस्त दी। सौराष्ट्र ने पहली पारी में 230 रन बड़ी बढ़त लेने के बाद ही जीत की ओर कदम बढ़ा दिया था। बंगाल ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 169 रन से आगे से की लेकिन उसकी पूरी टीम 241 रन पर आउट हो गई। सौराष्ट्र को मैच अपने नाम करने के लिए 12 रन का लक्ष्य मिला। आकाशदीप की गेंद पर सौराष्ट्र ने सलामी बल्लेबाज जय गोहिल (शून्य) का विकेट गंवाया लेकिन टीम 2.4 ओवर में 14 रन बनाकर दूसरी बार रणजी ट्रॉफी चैम्पियन बनी। सौराष्ट्र को पिछला खिताब 2019-20 सत्र में मिला था। सौराष्ट्र ने पिछले 10 सत्र में पाँच बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाकर अपनी निरंतरता साबित की। बंगाल की टीम एक बार फिर चैम्पियन बनने से चूक गई। उसने अपना पिछला खिताब 1989-90 में इसी ईडन गार्डन्स मैदान में सितारों से सजी दिल्ली को हरा कर जीता था। टीम का पहला खिताब 1938-39 में आजादी से पहले के दौर में आया था। उनादकट ने दिन के शुरुआती सत्र में एक बार फिर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया। उन्होंने शाहबाज (27) के रन आउट होने के बाद आखिरी पांच में से चार विकेट चटकाए। शनिवार को उन्होंने दो विकेट लिए थे।

### खिताबी जीत चिंटू को समर्पित : उनादकट

**कोलकाता।** सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने रविवार को अपनी टीम की रणजी ट्रॉफी में जीत को भारत के दिग्गज खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा को समर्पित किया और उन्हें अपने क्षेत्र का पसंदीदा बेटा करार दिया। अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे पुजारा ने दिल्ली मे आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में विजई रन बनाया। उनादकट ने बंगाल के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद पत्रकारो से कहा , जैसे कि मैने पहले कहा था कि यह जीत सौराष्ट्र के प्रिय बेटो में एक चिंटू (पुजारा का उपनाम) को समर्पित होगी। वह दिल्ली मे भारत बनाम आस्ट्रेलिया मैच मे अपना 100 वां टेस्ट मैच खेल रहा था लेकिन वह रणजी को लेकर भी उतना ही उत्सुक था और हमे शुभकामनाएं प्रेषित कर रहा था।

### हमने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने पर ध्यान दिया जो हमारा पसंदीदा तरीका नहीं है: कमिंस

नई दिल्ली, 19 फरवरी (भाषा) भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को छह विकेट से गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने रविवार को यहां कहा कि उनके ज्यादातर बल्लेबाज स्वीप और रिवर्स स्वीप जैसे जोखिम भरे शॉट खेलने को लेकर सहज नहीं थे लेकिन स्पिनरों से निपटने के लिए उन्होंने यह तरीका अपनाया। उप-कप्तान स्टीव स्मिथ सहित कम से कम पांच ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इस तरह के शॉट खेलने की कोशिश में कम उछाल वाली पिच पर गच्चा खाकर आउट हो गए। कमिंस ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगा कि उन्होंने (भारत) वास्तव में

# आयरलैंड पर बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेंगी भारती महिलाएं

**सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिए आज भिड़ेंगी**

**भाषा।** गेकबेर्हा (दक्षिण अफ्रीका)

**इंग्लैंड से** पिछले मैच में मिली हार से भारतीय टीम निराश होगी और महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने की दौड़ में बने रहने के लिए उसकी कोशिश वापसी करके सोमवार को यहां कमजोर आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की होगी। शनिवार को भारतीय टीम को इंग्लैंड से 11 रन से हार मिली जो उसकी टूर्नामेंट में पहली हार थी। भारत तीन मैचों में चार अंक से इंग्लैंड (तीन मैचों में छह अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को अब सोमवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में आयरलैंड के खिलाफ सिर्फ एक जीत की नहीं बल्कि बड़ी जीत की जरूरत होगी ताकि वह ग्रुप दो से सेमीफाइनल के बचा दूसरा स्थान हासिल कर सके। भारतीय टीम का मौजूदा रन रेट 0.205 का है, जिसमें उन्हें सुधार करना होगा। पाकिस्तान को शुरूआती मैच में भारत से हार मिली थी, उनके दो मैचों में दो अंक हैं और अगर वे अपने अंतिम दो मैचों में जीत हासिल कर सकते हैं।



# वरुण को 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य



**काहिरा निशानेबाजी विश्व कप**

**नई दिल्ली।** किशोर निशानेबाज वरुण तोमर ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर काहिरा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) राइफलापिस्टल विश्व कप में भारत का खाता खोला। इस 19 वर्षीय निशानेबाज ने प्रतियोगिता के पहले दिन तीसरे स्थान के शूटऑफ में हमवतन सरबजोत सिंह को हराया। रैंकिंग राउंड के बाद इन दोनों का समान स्कोर 250.6 था। स्लोवाकिया के निशानेबाज जुराज तुजिंस्की ने इटली के पाओलो मोना को 17-15 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले क्वालीफिकेशन में वरुण ने 583 अंक हासिल करके दूसरे स्थान पर रहते हुए रैंकिंग राउंड में जगह बनाई थी, जबकि सरबजोत ने 581 अंक के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था। जुराज क्वालीफिकेशन में भी 585 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहे थे।

## एंडरसन और ब्रॉड ने न्यूजीलैंड को सस्ते में समेट इंग्लैंड को बड़ी जीत दिलाई

**भाषा।** माउंट मोनगानुई

**अनुभवी** जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने पहले दिन-रात्रि टेस्ट मैच में चौथे दिन रविवार को न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में चार-चार विकेट झटक कर इंग्लैंड को 267 रन से बड़ी जीत दिला दी। स्टुअर्ट ब्रॉड (49 रन पर चार विकेट) ने तीसरे दिन ही न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के चार बल्लेबाजों को बोल्ड कर घरेलू टीम का स्कोर पांच विकेट पर 63 रन कर दिया था। एंडरसन (18 रन पर चार विकेट) ने मैच के चौथे दिन चार विकेट चटकाए। उन्होंने चाय के विश्राम से 15 मिनट पहले 11वें नंबर के बल्लेबाज ब्लेयर टिकनर (आठ) को बोल्ड कर इंग्लैंड को यादगार जीत दिला दी। चौथी पारी में जीत के लिए 394 रन का विशाल स्कोर का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 127 रन पर ऑल आउट हो गया एंडरसन और ब्रॉड की जोड़ी ने 103 टेस्ट मैच में 1009 विकेट लेने का नया रिकॉर्ड कायम किया। यह रिकॉर्ड पहले ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा और शेन वार्न की जोड़ी के नाम था जिन्होंने मिलकर 104 टेस्ट में 1001 विकेट झटके थे।

## बैडमिंटन एशियाई मिश्रित टीम चैम्पियनशिपः चीन से हारा भारत, कांस्य पदक जीता

**भाषा।** दुबई

**भारत** का अभियान यहां बैडमिंटन एशियाई मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में चीन से 2-3 की पराजय से समाप्त हुआ लेकिन देश कांस्य पदक जीतने में सफल रहा। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में यह भारत का पहला पदक है। शनिवार को सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को कांस्य पदक मिलता है। भारत की युगल टीमों ने प्रेरणादाई प्रदर्शन कर अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चुनौती देकर जीत हासिल की। एच एस प्रणय को शुरूआती पुरूष एकल मैच में महज 45 मिनट में लेई लान जि से 13-21, 15-21 से और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को महिला एकल मैच में एक घंटे 10 मिनट में गाओ फांग जि से हार का सामना करना पड़ा। इससे भारतीय टीम 0-2 से पीछे थी। पर युगल टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। ध्रुव कपिला और चिराग शेट्टी की पुरूष युगल जोड़ी ने फिर जिन टिंग और झोऊहाओ डोंग को 21-19,21-19 से मात दी। तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने लियू शेंग शु और टान निंग की जोड़ी को 21-18 13-21 21-19 से हराकर स्कोर 2-2 किया। फिर सभी की निगाहें ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी पर लगी थीं।

# पर्सेल को चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर का खिताब



**भाषा।** चेन्नई

**आस्ट्रेलिया** के मैक्स पर्सेल ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके रविवार को यहां अमेरिका के निकोलस मोरेनो डी अल्बोरान को हराकर चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर एकल खिताब जीता। पर्सेल ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले फाइनल में डी अल्बोरन को 5-7, 7-6, 6-4 से हराया। सेमीफाइनल में भारत के सुमित नागल को हराने वाले डी अल्बोरन ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छी फॉर्म दिखाई थी तथा पर्सेल के खिलाफ पहले सेट में उन्होंने उसे जारी रखा था। दूसरे सेट में वह हालांकि टाईब्रेकर में 2-7 से हार गए। इसके बाद तीसरे सेट में पर्सेल ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया।

### भारत के शशिकुमार, प्रजनेश की बेंगलुरू ओपन में विजई शुरूआत

**बेंगलुरू।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी मुकुंद शशिकुमार और प्रजनेश गुणेश्वरन ने रविवार को अपने अपने मैच जीतकर बेंगलुरू ओपन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में प्रवेश किया। विश्व में 402वें नंबर के 26 वर्षीय शशिकुमार ने विश्व में 170वें नंबर के एंड्रयू पॉलसन को आसानी से 6-I, 6-4 से जबकि भारत के नंबर एक खिलाड़ी गुणेश्वरन ने जिम्बाब्वे के बेंजामिन लॉक को 7-5, 6-4 से हराया। रामकुमार रामनाथन हालांकि जापान के यासुताका उचियामा से तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 6-3, 5-7, 3-6 से हार गए। भारत के चार अन्य खिलाड़ियों सिद्धार्थ रावत, कृष त्यागी, दिग्विजयप्रताप सिंह और मनीष गणेश को भी हार का सामना करना पड़ा।

## महिला टी20 विश्व कपः दक्षिण अफ्रीका को हरा कर ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में

**भाषा।** गक्बेरहा

**तहलिया** मैकग्रा की 57 रन की शानदार पारी के दम पर गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप एक के मैच में शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया। मैकग्रा ने 33 गेंद की आक्रामक पारी में 10 चौके जड़े जिससे ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिली 125 रन के लक्ष्य को 21 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की टूर्नामेंट में यह लगातार चौथी जीत है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 124 रन बनाए। टीम के लिए तेजमिन ब्रिट्स ने सबसे ज्यादा 45 रन का योगदान दिया। कप्तान सुने लुस ने 20 जबकि सलामी बल्लेबाज लॉरा वुलफार्ट ने 19 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने दो तो वहीं मेगन शूट, डार्सी ब्राउन, एलिस पेरी, ऐश्लीघ गार्डनर ने एक-एक विकेट चटकाए।